* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 अगस्त, 2024
श्रावण, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 294

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

गठबंधन सरकार में बच्चे भी हुए हताश : बाबूलाल

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

न्यूज रील्स

16 को भाजपा मंडल अध्यक्षों की बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा की 16 अगस्त को रांची में सभी मंडल अध्यक्षों की बैठक होगी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सह प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा शामिल होंगे। दोनों नेता कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। बैठक में चुनाव की तैयारियों को लेकर मंथन होगा।

कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केसः बंगाल से दिल्ली तक विरोध

तीन लाख डॉक्टर हड़ताल पर

- ममता बोलीं, 18 अगस्त तक पुलिस मामला हल नहीं कर पायी, तो जांच सीबीआइ को सौंपेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर की रेप और हत्या के विरोध में सोमवार को रेजिडेंट डॉक्टर देशव्यापी हड़ताल पर चले गये हैं। रेजिडेंट डॉक्टरों के देशव्यापी संगठन फेडरेशन ऑफ आल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने देश के सभी सरकारी अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन से हड़ताल का एलान किया है। एम्स दिल्ली समेत देशभर के सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इमरजेंसी सेवाएं चालू रखी गयी हैं। ऑल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी डॉ सर्वेश पांडे ने कहा कि हेल्थ सेक्रेटरी से हमने घटना की सीबीआइ जांच कराने और डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट बनाने की मांग रखी है। जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलता, हड़ताल जारी रखेंगे। उधर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि अगर पुलिस 18 अगस्त तक मामले को हल नहीं कर सकेगी, तो जांच सीबीआइ को सौंप दी जायेगी। गौरतलब है कि कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 8 अगस्त की देर रात ट्रेनी डॉक्टर की अर्धनग्न लाश मिली थी। पुलिस के मुताबिक रेप के बाद उसकी हत्या की गयी। प्राइवेट पार्ट, आंखों और मुंह से खून बह रहा था। उसकी गर्दन की हड्डी भी टूटी हुई पायी गयी थी। इस बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार सुबह ट्रेनी डॉक्टर के घर पहुंचीं। ममता ने उसके माता-पिता और परिवार के सदस्यों से बात की।

हड़ताल पर गये डाक्टरों की मांगें

- मामले को बिना देरी किये सीबीआइ के हवाले किया जाये।
- प्रिंसिपल के साथ-साथ एमएस और अल्पताल के सिक्योरिटी इंचार्ज का तुरंत इस्तीफा लिया जाये।
- केंद्र सरकार से लिखित में यह आश्वासन मिले कि डॉक्टरों के लिए सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जायेगा।
- मृतक डॉक्टर के नाम पर किसी मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग या लाइब्रेरी का नाम किया जाये।
- डॉक्टर के परिवार को पर्याप्त मुआवजा दिया जाये।
- शारीरिक हमले के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करे।

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने इस्तीफा दिया

आरजीकर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ संदीप घोष ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि ट्रेनी डॉक्टर मेरी बेटी की तरह थी। सोशल मीडिया पर मेरी बदनामी हो रही है। मैं नहीं चाहता कि कभी किसी और के साथ ऐसा हो। इसलिए मैंने इस्तीफा देने का फैसला किया।

आरोपी ने शराब पीने के बाद रेप-मर्डर किया : कोलकाता पुलिस ने सोमवार को बताया कि आरोपी संजय रॉय ने 8 अगस्त की रात वारदात से पहले अस्पताल के पीछे शराब पी थी। डॉक्टर से रेप और मर्डर के बाद वह घर जाकर सो गया था। सुबह सबूत मिटाने के लिए उसने कपड़े धोये। उसके जूते पर खून के निशान मिले हैं। पुलिस ने घटना वाली रात ड्यूटी पर तैनात तीन डॉक्टरों और एक कर्मी को पूछताछ के लिए बुलाया है।

हजारीबाग में हवलदार की हत्या कर कैदी फरार

- स्लाइन की पाइप से घोंटा गला, कैदी वार्ड के दरवाजे को लॉक कर भाग निकला

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में इलाज करा रहे एक कैदी ने सुरक्षा में लगे हवलदार की हत्या कर दी। इसके बाद कैदी वार्ड के दरवाजे को हथकड़ी से लॉक कर फरार हो गया। वह 25 जुलाई से कैदी वार्ड में इलाजरत था। फरार होनेवाले कैदी का नाम शाहिद अंसारी (41) है। वह धनबाद के चास नाला का रहनेवाला है। वहीं, मृतक हवलदार गिरिडीह के बेंगाबाद निवासी चोहान हेंब्रम है। घटना रविवार देर की है। कैदी अस्पताल से रात के 1.15 बजे पैदल ही निकला। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि कैदी ने स्लाइन चढ़ाने वाले स्टैंड के रॉड से हवलदार को मारा। इसके बाद स्लाइन की पाइप से उसका गला घोंट दिया। हत्या के बाद हवलदार के पास से हथकड़ी की चाबी लेकर खोला। फिर कैदी वार्ड के दरवाजे को हथकड़ी से लॉक कर दिया और भाग निकला।

स्पाइनल की समस्या कह करा रहा था इलाज

अपराधी शाहिद 25 जुलाई से कैदी वार्ड में भर्ती था। कैदी के शरीर के दाहिने हिस्से में झिनझनी की शिकायत कर रहा था। एम्स में इलाज कराने के लिए आवेदन दिया था। उसके आवेदन को अस्वीकार करते हुए हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया था। पिछले 18 दिनों से अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा था। चिकित्सकों ने जांच में किसी भी तरह की बीमारी नहीं निकलने के बाद एमआरआइ जांच भी कराया गया था। उसमें भी कोई बीमारी नहीं पायी गयी। फिर मेडिकल बोर्ड ने उसे शनिवार को ही रिम्स रेफर कर दिया था। रिम्स जाने से पहले उसने इस घटना को अंजाम दिया और फरार हो गया।

लाठी लेकर चलनेवाला कैदी, दो पैरों पर भागा

चिकित्सकों के मुताबिक वह स्पाइनल प्रॉब्लम बता कर अस्पताल में एडमिट हुआ था, जिसमें फुट ड्रॉप का प्रॉब्लम था। एक पैर काम नहीं कर रहा था, जिससे वह लाठी से चल रहा था। जबकि भागने के समय बिल्कुल स्वस्थ तरीके से बगैर लाठी के भागा है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह झूठी बीमारी का बहाना बना कर हॉस्पिटल में एडमिट हुआ था। आशंका जतायी जा रही है कि इस तरह से भागने की योजना उसने जेल में ही बना ली थी।

घटना के बाद हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह, एसडीओ शैलेश कुमार, सीओ, सदर थाना प्रभारी और फारेंसिक टीम समेत कई पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। पूरे मामले की तहकीकात की जा रही है। फरार कैदी को गिरफ्तार करने के लिए पूरे इलाके में ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

बिहार के सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में भगदड़, सात कांवरियों की मौत

- चश्मदीद बोला, दुकानदार-श्रद्धालुओं में मारपीट हुई
- मृतक के परिजन बोले, वॉलंटियर्स ने लाठीचार्ज किया

आजाद सिपाही संवाददाता

जहानाबाद। सावन के चौथे सोमवार को बिहार के जहानाबाद में श्रावणी मेले के दौरान सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में भगदड़ मच गयी। इसमें दब कर सात कांवरियों की मौत हो गयी। हादसे में 12 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हादसे की दो वजहें सामने आयी हैं।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मंदिर के पास फूल बेच रहे दुकानदारों का लोगों से झगड़ा हुआ था। इसके बाद ही अफरा-तफरी मची। लोग एक-दूसरे पर चढ़ कर आगे बढ़ने लगे। मैं भी लाश के नीचे दबा हुआ था, लोगों ने मुझे खींच कर बाहर निकाला। एक-दो मिनट और रहता तो मेरी भी मौत हो जाती। वहीं, मृतकों के परिजन का आरोप है कि घटना का कारण लाठीचार्ज है। बराबर पहाड़ी पर श्रद्धालु एक तरफ से उतर और दूसरी तरफ से चढ़ रहे थे। आपा-धापी मचने पर व्यवस्था में लगे वॉलंटियर्स लाठी भांजने लगे। इससे भगदड़ मची, जान बचाने की कोशिश में श्रद्धालु भागने लगे और दब गये।

घटना की जानकारी के बाद प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच कर राहत और बचाव में जुट गयी थी। जहानाबाद डीएम अलंकृता पांडे ने कहा कि प्रशासन की ओर से तैयारी थी। मैं और एसपी रात 12 बजे ही मौके पर पहुंच गये थे। हालात को काबू में किया गया। स्थानीय दुकानदारों का श्रद्धालुओं से विवाद हुआ था, जिसके बाद ये स्थिति हुई। मंदिर की भौगोलिक स्थिति भी वैसी ही है, जरा-सी भगदड़ से बड़ा हादसा हो सकता है। हम हालात पर नजर रख रहे हैं। अब स्थिति नियंत्रण में है।

चंबल की ड्रोन दीदी को मोदी लालकिला से करेंगे सम्मानित

मुरैना (आजाद सिपाही)। चंबल के मुरैना जिले में रहने वाली किसान महिला सुनीता शर्मा और खुशबू लोधी अपने हुनर से आधुनिक खेती किसानी के सपनों को साकार कर रही हैं। इन दोनों किसान महिलाओं के हुनर के पीएम नरेंद्र मोदी भी मुरीद हो गए हैं। चंबल की दोनो 'ड्रोन वुमेन' को पीएम नरेंद्र 15 अगस्त को दिल्ली के लालकिले से सम्मानित करेंगे। मध्य प्रदेश का चंबल इलाका जहां महिलाओं को घर से बाहर जाने की इजाजत नहीं मिलती है, लेकिन इस इलाके में महिलाएं खेती के जरिए इस चंबल का नाम देश भर में रोशन कर रही हैं और ऐसी ही दो किसान महिला सुनीता शर्मा और खुशबू लोधी हैं। जिन्होंने स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद अपना मिशन शुरू किया। जिन्होंने ग्वालियर में ही 15 दिन की ट्रेनिंग लेकर ड्रोन दीदी का प्रमाण पत्र हासिल किया। खुशबू खुद की 40 बीघा जमीन के साथ आसपास के 15 से 20 गांवों के किसानों के खेतों में ड्रोन के जरिए कीटनाशक का छिड़काव करने जाती हैं। इलाके में इस किसान महिला को 'ड्रोन दीदी' के नाम से बुलाते हैं।

असम में अवैध रूप से घुस रहे थे बांग्लादेशी नागरिक, पुलिस ने रोका

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

गुवाहाटी। बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। चार बांग्लादेशी नागरिक करीमगंज जिले के माध्यम से अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रहे थे। पुलिस ने प्रभावी ढंग से हस्तक्षेप किया। उन्हें तुरंत खदेड़ दिया, जिससे उनकी अवैध घुसपैठ रुक गयी। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार को सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी। असम के सीएम हिमंता विस्वा सरमा ने बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सीमा की कड़ी निगरानी की जा रही है। सीमाएं सुरक्षित हैं। वैध पासपोर्ट, वीजा और भारत के नागरिक को ही आने की अनुमति दी जा रही है। इसके अलावा किसी को भी बांग्लादेश से भारत में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गयी है।

विस्वा सरमा ने घुसपैठियों का नाम भी शेयर किया : हिमंता बिस्वा सरमा ने अपने पोस्ट में अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रहे लोगों के नाम भी शेयर किये हैं। उन्होंने लिखा बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान मोतिउर शेख, मुशियार मुल्ला, तानिया मुल्ला और रीता मुल्ला के रूप में हुई है। इन्होंने भारत-बांग्लादेश सीमा के करीमगंज सेक्टर के माध्यम से प्रवेश करने का प्रयास किया। सरमा ने आगे कहा कि पुलिस ने प्रभावी ढंग से हस्तक्षेप किया। उन्हें तुरंत खदेड़ दिया, जिससे अवैध घुसपैठ रुक गया।

बीएसएफ जवानों ने बांग्लादेशी तस्कर को मार गिराया

मालदा (आजाद सिपाही)। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में बांग्लादेश बॉर्डर पर 11-12 अगस्त की रात बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) और बांग्लादेशी तस्करों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान बीएसएफ ने एक तस्कर को मार गिराया। घटना बीएसएफ के साउथ बंगाल फ्रंटियर के अंतर्गत 115वीं बटालियन की चांदनीचक बॉर्डर चेक पोस्ट की है।

अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड।

सार्वजनिक सूचना

प्रायः यह सूचना प्राप्त होती रही है कि राँची जिला (विशेषकर शहरी क्षेत्र में) कई व्यक्तियों के द्वारा जमीन के कागजातों का फर्जीवाड़ा/बल का प्रयोग कर गलत एवं अवैध तरीके से भूमि का हस्तांतरण किया जा रहा है/पूर्व में किया गया है। इस कुकृत्य के निराकरण हेतु पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के द्वारा एक विशेष जाँच दल का गठन किया गया है।

एतद् के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जमीन का फर्जीवाड़ा करने वाले माफिया, जमीन दलाल/माफिया एवं जमीन दलालों को सहयोग करने वाले व्यक्तियों का नाम/पुलिस–सरकारी कर्मी जो जमीन फर्जीवाड़े में सम्मिलित हो का नाम/अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति की सूचना/जमीन के फर्जीवाड़े में सम्मिलित कार्यालय एवं विभाग से संबंधित सूचना अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड के निम्नांकित ई–मेल आईडी/व्हाटसएप नं0/दूरभाष नं0 के माध्यम से दी जा सकती है। यदि कोई व्यक्ति चाहे तो अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड कार्यालय में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर भी संबंधित अभिलेखों को जमा करा सकते हैं।

e-mail id - <ig-orgcid@jhpolice.gov.in> (IG, OC, CID)
WhatsApp No.- 9771432105 (IG, OC, CID),
9771432106 (Addl. SP, CID)
Telephone No.- 0651-2910660 (Addl. SP, CID)

निवेदक :– अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड।
P.R. 332596 (CID) 24-25

सर्राफा
सोना (बिक्री) 66,100 रु./10 ग्राम
चांदी 85,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 13 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in
02

निरसा विधानसभा सीट भाजपा के लिए बड़ी चुनौती

अपर्णा सेनगुप्ता को सीट बचाने के लिए करनी होगी कड़ी मेहनत

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड में विधानसभा चुनाव -2024 की आहट तेज है, इसी साल चुनाव होने हैं। तीन महीने का समय बचा है। इस लिहाज से झारखंड में सत्ता की महाभारत को लेकर रणनीति बनाये जा रहे हैं। सत्तारूढ़ इंडिया गठबंधन के घटक दल सत्ता में पुनः वापसी को लेकर रणनीति पर काम कर रहे हैं तो विपक्ष एनडीए गठबंधन सतारूढ़ इंडिया गठबंधन को उखाड़ फेंकने की रणनीति बनाने और उस पर अमल करने की जद्दोजहद में जुटा है। महाभारत युद्ध की तरह एनडीए और इंडिया गठबंधन ने एक-दूसरे के खिलाफ व्यूह रचना की तैयारी शुरू कर दी है। महाभारत में आपने सिर्फ चक्रव्यूह का ही नाम सुना होगा, लेकिन महाभारत के युद्ध में कई प्रकार की व्यूह रचना का उल्लेख मिलता है। चक्रव्यूह, गरुड़ व्यूह, क्रौंच व्यूह, मकरव्यूह, कछुआ व्यूह, अर्ध चंद्रकार व्यूह , मंडलाकार व्यूह, चक्रशकट व्यूह, वज्र व्यूह, औरमी व्यूह, श्रीन्गातका व्यूह....जैसे व्यूह पक्ष और विपक्ष दोनों ने ही बनाये थे। युद्ध को लड़ने के लिए पक्ष या विपक्ष अपने हिसाब से व्यूह रचना करता था। व्यूह रचना का अर्थ है कि किस तरह सैनिकों को सामने खड़ा किया जाये। आसमान से देखने पर यह व्यूह रचना दिखायी देती है। जैसे क्रौंच व्यूह है, तो आसमान से देखने पर क्रौंच पक्षी की तरह सैनिक खड़े हुए दिखाई देंगे। इसी तरह चक्रव्यूह को आसमान से देखने पर एक घूमते हुए चक्र के समान सैन्य रचना दिखायी देती है। आप सोच रहे होंगे कि महाभारत के व्यूह की बात क्यों कह रहे हैं। दरअसल, साल 2024 के अंत तक होनेवाला झारखंड विधानसभा चुनाव इतना महत्वपूर्ण है कि सत्तारूढ़ इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन, दोनों ही इस चुनाव में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की तैयारी में हैं। झारखंड की सत्ता के महाभारत में सत्तारूढ़ जेएमएम-कांग्रेस-राजद-माले आक्रामक तेवर के साथ एक-एक विधानसभा सीट की गणित को बारीकी से समझ रहा है और प्रत्याशी चुनने के लिए भी सभी समीकरण, नीति तथा व्यूहरचना पर काम कर रहा है। वहीं एनडीए गठबंधन, भाजपा और आजसू के साथ जदयू और लोजपा भी झारखंड में अपनी उपस्थिति मजबूत करने को लेकर व्यूहरचना में जुटा हुआ है। भ्रष्टाचार, आदिवासियों पर जुल्म, राज्य में बदहाल कानून व्यवस्था, संथाल परगना की बदलती डेमोग्राफी जहां भाजपा एवं सहयोगी एनडीए घटक दलों का हथियार है। वहीं भाजपा की तानाशाही, झारखंड की उपेक्षा, झारखंड की अस्मिता, झारखंड के मूलवासियों की लड़ाई, इडी-सीबीआइ जैसे हथियार का आक्रामक प्रयोग सत्तारूढ़ जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन का हथियार बन चुका है। सत्ता के महाभारत में धनबाद कोयलांचल की छह विधानसभा सीटें महत्वपूर्ण हैं। वर्तमान में धनबाद जिला के छह में से दो पर इंडिया गठबंधन का कब्जा है, जबकि चार विस सीटों पर भाजपा का कब्जा है। सतारूढ़ इंडिया गठबंधन सभी छह सीटों पर जीत हासिल करना चाहता है। इसको लेकर घटक दलों से बातचीत का दौर जारी है। वहीं व्यूहरचना के तहत मार्क्सवादी समन्वय समिति (एमसीसी) का विलय सीपीआइ एमएल में हो गया और इसकी औपचारिक घोषणा भी हो गयी। इस समीकरण से धनबाद जिला की दो विधानसभा सीटें सिंदरी और निरसा में व्यापक असर पड़ेगा। भाजपा को निरसा में जीती सीट बचाने के लिए रणनीति, व्यूहरचना तथा समीकरण पर काम करना होगा। निरसा लालझंडे का गढ़ माना जाता है और साल 2019 में पहली बार यहां कमल खिला और अपर्णा सेनगुप्ता विधायक बनीं। आगामी विधानसभा चुनाव में अपर्णा सेनगुप्ता के लिए राह आसान नहीं है। निरसा विधानसभा सीट को लेकर क्या है जमीनी हकीकत और प्रत्याशियों को लेकर ग्राउंड रिपोर्ट बता रहे हैं ***आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता मनोज मिश्र।***

हतो वा प्राप्यसि स्वर्गम, जित्वा वा भोक्ष्यसे महिम। तस्मात उत्तिष्ठ कौंतेय युद्धाय कृतनिश्चयः॥

श्री मद्भागवत गीता के द्वितीय अध्याय, श्लोक 37 में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि जीवन के संघर्ष से घबराने से नहीं, अपितु उसका सामना करने से सफलता मिलती है। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा है कि कर्म के युद्ध में यदि तुम (अर्जुन) वीरगति को प्राप्त होते हो, तो तुम्हें स्वर्ग मिलेगा और यदि विजयी होते हो, तो धरती का सुख पा जाओगे... इसलिए उठो, हे कौंतेय (अर्जुन), और निश्चय करके युद्ध करो।

निरसा विधानसभा सीट झारखंड की महत्वपूर्ण विधानसभा सीट है और यह एक सामान्य श्रेणी की विधानसभा सीट है। झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित धनबाद के निरसा विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 1957 से लेकर साल 2019 तक वामदल का कब्जा रहा है। वामदल के प्रत्याशी यहां से विधायक बनते रहे हैं। साल 2019 में पहली बार यहां कमल खिला और भाजपा से अपर्णा सेनगुप्ता विधायक बनीं। साल 2019 के विस चुनाव में भाजपा को निरसा में 42.1 प्रतिशत यानी 89082 वोट मिले थे और अपर्णा सेनगुप्ता विजयी हुई, जबकि, एमसीओ के अरूप चटर्जी सीटिंग विधायक रहते हुए हार गये।

इस बार निरसा विधानसभा सीट के परिणाम किस पार्टी के पक्ष में होंगे, यह जनता को तय करना है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि निरसा में कई समस्याओं को अब तक तक दूर नहीं किया गया है। केएमसीएल, हार्डकोक सहित कई पुराने उद्योग बंद पड़े हैं। 10 वर्ष से बरबेंदिया पुल का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। पिछले सात वर्ष से कुमारडुबी ओवर ब्रिज के निर्माण की गति कछुआ चाल जैसी है। मैथन और पंचेत डैम के रहते इलाके को लोगों को पेयजल के संकट से जूझना पड़ा है। रोजगार के अभाव में लोग पलायन करने को विवश हैं।

निरसा विधानसभा क्षेत्र में तीन लाख से अधिक मतदाता हैं, जिसमें एससी/एसटी मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। निरसा में 17 प्रतिशत अनुसूचित जाति (एससी) तथा 15 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति (एसटी) के मतदाता हैं। यानी कि 32 प्रतिशत यानी करीब 1.2 लाख एससी/एसटी मतदाता निरसा विधानसभा क्षेत्र में हैं। वहीं निरसा विधानसभा में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 14.4 प्रतिशत यानी करीब 45-50 हजार मतदाता हैं। निरसा विधानसभा में बाउरी की संख्या 8.2 प्रतिशत यानी 25-30 हजार, सिंह मतदाताओं की संख्या करीब 17 हजार, मंडल मतदाताओं की संख्या 16 हजार, महतो 11 हजार, गोराई 10 हजार, रे 8 हजार, यादव 7 हजार, दास 6 हजार, प्रसाद 5 हजार, शर्मा 5 हजार हैं। वहीं निरसा विधानसभा क्षेत्र में मरांडी 7 हजार, मुर्मू 6 हजार, हेम्ब्रम 5 हजार, टुडू 5 हजार तथा मांझी-मुसहर मतदाताओं की संख्या 5 हजार है। जबकि, हांसदा, किस्कू 3-3 हजार मतदाता हैं। इसके अलावा निरसा विधानसभा में भुइयां, गोप, मोदी मतदाताओं की संख्या भी 5-5 हजार है। जबकि, रवानी, कुमार, पासवान, ठाकुर, रविदास आदि कुल 17-20 हजार मतदाता हैं।

निरसा विधानसभा में शहरी मतदाताओं की संख्या 38.6 प्रतिशत यानी करीब 1.30 लाख है, तो वहीं ग्रामीण मतदाताओं की संख्या 61.39 यानी करीब 2 लाख है। प्रत्याशियों की जीत हार का फैसला ग्रामीण वोटरों के हाथों में रहता है। बीते लोकसभा चुनाव के दरम्यान निरसा के वोटरों ने भाजपा पर अपार स्नेह जताते हुए ढुल्लू महतो के पक्ष में बंपर मत दिया था। निरसा की जनता ने भाजपा को करीब 1 लाख 40 हजार वोट दिया था। ग्रामीण क्षेत्रों में बंपर वोटिंग देखने को मिली, जिसका फायदा भाजपा के पक्ष में गया। वहीं साल 2019 के लोस चुनाव में भी भाजपा को 69 फीसदी यानी 1 लाख 29 हजार के करीब वोट मिला था, जिसका फायदा साल 2019 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को मिला और भाजपा लालखंड निरसा में पहली बार कमल खिलाने में सफल साबित हुई। भाजपा की अपर्णा सेनगुप्ता ने दो बार निरसा से लगातार विधायक रहे अरूप चटर्जी को करीब 25 हजार मतों के अंतर से हराया। भाजपा का यहां साल 2014 के मुकाबले 17 प्रतिशत वोट भी बढ़ा। साल 2019 विधानसभा चुनाव में भाजपा को निरसा विस क्षेत्र में 42.2 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि, साल 2014 में भाजपा को 25.1 प्रतिशत वहीं, साल 2009 में 21.2 प्रतिशत वोट मिले थे। यहां बता दें कि साल 2014 में भाजपा ने गणेश मिश्रा को टिकट दिया था और उन्होंने एमसीओ के अरूप चटर्जी को कड़ी टक्कर दी थी और महज 1 हजार 35 वोट से हार गये थे। गणेश मिश्रा को 50546 मत मिले जबकि अरूप चटर्जी को 51581 मत मिले थे। वहीं साल 2009 में भाजपा ने अशोक कुमार मंडल को टिकट दिया था और उन्हें 33088 यानी 21.21 प्रतिशत मत मिले, जबकि अरूप चटर्जी को 68965 यानी 43.8 प्रतिशत वोट मिले थे।

निरसा की परिस्थितियां अलग, समीकरण अलग

साल 2024 के विधानसभा चुनाव में निरसा की परिस्थिति, समीकरण और जनादेश साल 2019 के मुकाबले में अलग कहा जा सकता है। साल 2019 में राज्य में भाजपा गठबंधन यानी एनडीए की सरकार थी। वहीं वर्तमान में इस बार राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार है। साल 2019 में जहां एमसीओ के टिकट से अरूप चटर्जी चुनावी मैदान में उतरे थे, वहीं साल 2024 विस चुनाव में सीपीआइएमएल के टिकट से चुनावी मैदान में होंगे। दरअसल, एमसीओ का विलय सीपीआइ एमएल में हो गया है। संकेतों के मुताबिक अरूप चटर्जी सीपीआइ एमएल के टिकट से चुनावी दंगल में शामिल होंगे। वहीं कहा यह भी जा रहा है सीपीआइ एमएल ने इंडिया गठबंधन के सामने निरसा और सिंदरी सीट की मांग रखी है। यदि इंडिया गठबंधन निरसा और सिंदरी सीट सीपीआइ एमएल को देने का फैसला लेती है तो अरूप चटर्जी बेहद मजबूत स्थिति में होंगे और एनडीए के लिए अरूप चटर्जी का तोड़ बड़ी चुनौती होगी।

एनडीए के लिए अरूप चटर्जी का तोड़ बड़ी चुनौती

इंडिया गठबंधन का निरसा विस से संयुक्त उम्मीदवार यदि अरूप चटर्जी होते हैं तो एनडीए के लिए अरूप चटर्जी का तोड़ बड़ी चुनौती होगी। ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि भले साल 2019 का चुनाव अरूपी चटर्जी हार गये, लेकिन अरूप चटर्जी के वोट शेयरिंग में 5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी। साल 2019 में अरूप चटर्जी को 30 प्रतिशत वोट मिले ,जबकि साल 2014 में चंदनकियारी विधायक अमर बाउरी को आगामी विधानसभा चुनाव 2024 लड़ने की चर्चा है। इसकी वजह भी खास है। दरअसल, निरसा में एससी/एसटी के करीब सबा लाख वोटर हैं। और एससी/एसटी मतदाता अमर बाउरी को अपना हितैषी और नेता मानते हैं। अमर बाउरी झारखंड भाजपा के सबसे बड़े दलित चेहरा हैं। अरूप चटर्जी के मुकाबले कमजोर पड़ रही भाजपा को निरसा में अमर बाउरी संबल दे सकते हैं। अमर बाउरी निरसा से लगातार जुड़ते रहे हैं। अमर बाउरी को निरसा से प्रत्याशी बनाये जाने पर भाजपा के कोर वोटर के साथ दलित वोटरों का साथ मिलेगा। और भाजपा निरसा में अपनी जीत दोहरा सकती है। वहीं इससे भाजपा और आजसू गठबंधन में चंदनकियारी विस सीट के संग्राम पर भी विराम लग जायेगा। चंदनकियारी सीट से आजसू के उमाकांत रजक का रास्ता साफ हो जायेगा। ज्ञात हो कि चंदनकियारी सीट को लेकर ही साल 2019 के चुनाव में भाजपा और आजसू के बीच तकरार बढ़ी और दोनों ही पार्टियां अलग-अलग चुनाव लड़ीं और परिणाम विपरीत आया। निरसा से अमर बाउरी को टिकट मिलने से चंदनकियारी का मसला सुलझ जायेगा और भाजपा अपनी जीती सीट भी बचा सकती है।

क्या करेंगे अशोक मंडल, बड़ा सवाल

अशोक कुमार मंडल एक ऐसा नाम, जिन्होंने भाजपा पार्टी को निरसा विधानसभा में मजबूत बनाया। लालखंड में भाजपा को खड़ा करने में पूरा योगदान दिया। इनको फायदा मिला और भाजपा ने साल 2009 में निरसा से चुनावी मैदान में उतारा। अरूप चटर्जी के 68965 वोट के मुकाबले अशोक मंडल को 33388 वोट मिले और वे चुनाव हार गये। इस चुनाव में एआइएफबी के टिकट से चुनाव लड़ी अपर्णा सेनगुप्ता तीसरे स्थान पर थीं और उन्हें 17597 वोट मिले थे। लेकिन, साल 2014 में अशोक कुमार मंडल ने पाला बदल लिया और जेएमएम से चुनावी मैदान में उतरे, लेकिन इस बार वह तीसरे स्थान पर खिसक गये। आगामी विधानसभा चुनाव-2024 में अटकलें हैं कि जेएमएम निरसा से प्रत्याशी नहीं उतारेगा और अरूप चटर्जी को समर्थन देगा। ऐसे में सवाल है कि अब अशोक कुमार मंडल क्या करेंगे? हालांकि, होगा क्या यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन कहा जा रहा है कि अशोक मंडल झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) से चुनाव लड़ सकते हैं। यहां बता दें कि अशोक मंडल लगातार छह बार विधानसभा चुनाव हारते रहे हैं, लेकिन हौसला पस्त नहीं हुआ है।

अपर्णा सेनगुप्ता की घटती जा रही है साख

मौजूदा निरसा भाजपा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता की साख दिनोंदिन घटती जा रही है। अपर्णा 2005 में अपने पति सुशांतो सेनगुप्ता की पार्टी फॉरवर्ड ब्लॉक से चुनाव जीत कर मंत्री रह चुकी हैं। लेकिन, साल 2009 एवं साल 2014 के चुनाव में निरसा केजनादेश ने अपर्णा सेनगुप्ता को तीसरे स्थान पर खड़ा कर दिया था। अपर्णा सेनगुप्ता एआइएफबी के टिकट से चुनाव लड़ीं, लेकिन, निरसा के जनादेश में उन्हें दोनों ही बार 11 फीसदी वोट मिला। अपर्णा सेनगुप्ता के मुकाबले भाजपा के गणेश मिश्रा और अशोक मंडल को दोगुना अधिक वोट मिला था। साल 2019 में अपर्णा सेनगुप्ता ने भाजपा का दामन थामा और प्रचंड बहुमत से विजयी हुईं। लेकिन, झारखंड में एनडीए की सरकार नहीं बनने से अपर्णा को फायदा नहीं मिला, जिसका खामियाजा निरसा की जनता को भुगतना पड़ा है। बीते लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो के चुनावी प्रचार प्रसार के दौरान मौजूदा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता का भारी विरोध जगह जगह देखा गया। अपर्णा सेनगुप्ता जनादेश की कसौटी पर खरा नहीं उतर पायी हैं। निरसा की जनता बदलाव के मूड में दिख रही है। अपर्णा के लिए निरसा जीत की राह बेहद मुश्किल दिख रही है।

1957 में टुंडी से अलग हुई निरसा विधानसभा सीट

टुंडी और निरसा को मिला कर विधानसभा का गठन निरसा विधानसभा 1952 में किया गया था। 1957 के चुनाव में टुंडी को निरसा से अलग कर अलग विधानसभा क्षेत्र ही बना दिया गया। पश्चिम बंगाल राज्य से सटा झारखंड का सबसे अधिक पंचायत वाला निरसा विधानसभा है। यहां तीन प्रखंड हैं। निरसा, एग्यारकुंड व कलियासोल। तीनों प्रखंड को मिला कर कुल 68 पंचायतें है, साथ ही करीब 286 राजस्व गांव हैं। पश्चिम बंगाल से सटे इस विधानसभा में कई भाषाओं के लोग रहते हैं, लेकिन बंगलाभाषी लोगों की संख्या अधिक है। निरसा-टुंडी विधानसभा के अस्तित्व में आने के बाद मजदूर नेता के रूप में काम करने वाले कार्यकर्ता को पहला विधायक बनने का गौरव मिला था। यहां से परचम कांग्रेस के रामनारायण शर्मा ने 1951 में लहराया था। पांच बार कांग्रेस की कमान यहां रही तो मासस ने भी यहां पांच बार से प्रतिनिधित्व किया है। कृपाशंकर चटर्जी भी निर्दलीय दो बार चुनाव 1977 और 1980 में जीत चुके हैं। कुल मिला कर यहां मजदूर नेता की ही जीत होती रही है। वहीं पहली बार साल 2019 में निरसा में कमल खिला है।

लाल रंग का सूटकेस खुलते ही उड़ गये पुलिस वालों के होश

50 लाख कैश के साथ शख्स गिरफ्तार

पैसा कोयला कारोबारी पवन ठाकुर का, रामगढ़ का रहनेवाला है गिरफ्तार व्यक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

पटना। पटना जंक्शन स्थित प्लेटफार्म नंबर 1 से आरपीएफ की टीम ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से उतरे एक व्यक्ति से 50 लाख रुपये से भरा एक सूटकेस जब्त किया है। उस शख्स को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि सूटकेस में पैसा है लेकिन उसने यह नहीं बताया कि इसमें कितना पैसा है, जिसके बाद इसकी सूचना जीआरपी और आयकर विभाग को दी गयी।

जब सूटकेस को खोला गया, तो उसमें 50 लाख रुपये कैश मिला है। बजरंग ठाकुर नाम के शख्स को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में पता चला कि यह पैसा झारखंड के कोयला कारोबारी पवन ठाकुर का है। वहीं पटना में किसी व्यक्ति को यह डिलीवरी देनी थी। फिलहाल आरपीएफ की टीम और आयकर विभाग की टीम ने पवन ठाकुर से भी जवाब मांगा है। जवाब नहीं मिलने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

क्या बोली रेलवे पुलिस?

पटना आरपीएफ की टीम ने बताया कि पुलिस प्लेटफार्म नंबर एक पर गश्ती कर रही थी, तभी हमारी नजर एक व्यक्ति पर पड़ी। उसके पास लाल रंग का सूटकेस था, जिसके बाद वह व्यक्ति पुलिस को देख कर घबरा गया। पुलिस ने उसे पकड़ा और नये चमचमाते लाल रंग के सूटकेस को जब खोला गया, तो उसमें से 50 लाख रुपये बरामद हुआ है। मामले की जांच की जा रही है, जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई की जायेगी।

बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, निशिकांत समेत 27 भाजपा नेताओं के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी, 14 अगस्त को अगली सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। 11 अप्रैल 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद अर्जुन मुंडा, संजय सेठ सहित 27 भाजपा नेताओं की ओर से धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में सरकार की ओर से बहस के लिए समय की मांग की गयी। जिस पर कोर्ट ने सुनवाई के लिए 14 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। मामले में राज्य सरकार की ओर से हाइकोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया गया था। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार को जवाब के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया गया था। कोर्ट ने प्रार्थी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व सांसद अर्जुन मुंडा, सांसद संजय सेठ, ढुल्लू महतो समेत 27 भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई पर 14 अगस्त तक रोक जारी रखी है।

दरअसल, कार्यक्रम के तहत सचिवालय की ओर मार्च कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गयी थी। मामले को लेकर धुर्वा थाना में कांड संख्या 107/ 2023 दर्ज किया गया था। इसमें सांसद पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और रघुबर दास, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक अमित मंडल , समीर उरांव, सांसद निशिकांत दुबे सहित 41 नामजद एवं कई अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

क्या है मामला

भाजपा की ओर से खनिज समृद्ध राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था, मौजूदा भ्रष्टाचार और बेरोजगारी की उच्च दर के विरोध में इस मार्च का आयोजन किया गया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस, वाटर कैनन का इस्तेमाल किया था और लाठीचार्ज भी किया था। उस दौरान क्षेत्र में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गयी थी। सचिवालय तक मार्च पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और रघुबर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और अन्नपूर्णा देवी और राज्य के पार्टी सांसदों के नेतृत्व में शुरू हुआ था।

पुलिस का क्या है आरोप

पुलिस के मुताबिक पार्टी कार्यकर्ताओं के एक समूह ने बोतलें और पत्थर फेंके, जिससे कुछ पुलिसकर्मी और मीडियाकर्मी घायल हो गये थे। भाजपा कार्यकर्ताओ ने पुलिस बैरिकेड तोड़कर बलपूर्वक आगे बढ़ने की कोशिश की थी, जिस पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	29.8 °C	23.2 °C
सूर्यास्त (आज)	:	18.23 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.23 बजे

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 13 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in

गठबंधन सरकार में बच्चे भी हुए हताश : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। ट्वीट कर कहा है कि न किताबें मिली, न साइकिल मिली और न ही मिली पोशाक। इस गठबंधन सरकार में बच्चे भी हुए हताश। शैक्षाणिक सत्र को शुरू हुए तीन महीने से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन छात्रों को ना तो किताबें मिली हैं, ना साइकिल मिली है, और ना ही स्कूली पोशाक मुहैया करायी जा सकी है। झारखंड के भविष्य को नंगे पैर स्कूल जाने को विवश किया जा रहा है।

बच्चों को तैर कर जाना पड़ रहा स्कूल

बाबूलाल ने लिखा है: जहां मुख्यमंत्री के पैर बारिश की वजह से सड़कों तक में नहीं पड़ते हैं, वहां बच्चों को स्कूल भी तैर कर जाना पड़ रहा है। प्रदेश के 34 लाख बच्चों का भविष्य हेमंत सरकार के छात्र विरोधी रवैये से अधर में अटका हुआ है। केंद्र द्वारा 60% राशि मुहैया कराये जाने के बाद भी हेमंत सरकार नौनिहालों के भविष्य को लेकर असंवेदनशील नजर आ रही है।

घुसपैठियों को शरण देने से आदिवासी भाई और बहनों के हक पर सेंधमारी

बाबूलाल ने अपने दूसरे ट्वीट में कहा है कि हेमंत सोरेन की सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर हमारे आदिवासी भाइयों-बहनों के हक-अधिकार में सेंधमारी कर रही है। हेमंत सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को अवैध रूप से बसा कर और आदिवासियों को अल्पसंख्यक बनाने की साजिश रच कर अपने वोट बैंक को बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

बाबूलाल ने कहा है कि हेमंत सरकार गरीबों और मजदूरों की जान की दुश्मन बन गयी है। हुसैनाबाद अनुमंडल में मुख्यमंत्री दाल भात केंद्रों का संचालन पिछले एक वर्ष से बंद पड़ा है। 5 रुपये में मिलने वाला भरपेट भोजन दिहाड़ी मजदूरों को नसीब नहीं हो रहा है। किसी तरह चार महीने तक केंद्र संचालकों ने अपने खर्च से भोजन तो मुहैया कराया, लेकिन अब भोजन मुहैया कराने के लिए संचालकों के पास भी पैसे नहीं बचे हैं, इसके बाद भी हेमंत सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है। इस असंवेदनशील सरकार में गरीबों और मजदूरों को भोजन के लिए भटकना पड़ रहा है, भूखे पेट सोना पड़ रहा है। गरीबों और गरीबी का मजाक बनाती हेमंत सरकार में जन कल्याण के नाम पर सिर्फ अपना कल्याण किया जा रहा है।

छवि रंजन की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई 24 को

रांची। बरियातू के चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन घोटाला मामले में निलंबित आइएएस छवि रंजन और कारोबारी विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए कोर्ट में 24 अगस्त को सुनवाई होगी। मामले में इडी को दोनों आरोपियों की याचिका पर जवाब दाखिल करना है। दोनो आरोपियों की ओर से बहस पूरी की गयी है। मामले में आरोपियों के खिलाफ आरोप गठन होना है। इससे पहले इनकी ओर से खुद पर लगे आरोप से मुक्त होने के लिए डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की गयी है । यहां बता दें कि मामले में प्रेम प्रकाश समेत कई आरोपियों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो चुकी है। बरियातू के चेशायर होम रोड स्थित 1 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में छवि रंजन, विष्णु अग्रवाल और प्रेम प्रकाश समेत 10 को इडी ने आरोपी बनाया है, इनके खिलाफ इडी चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

E-mail - mdjscb@jscb.gov.in Ph. No. 0651-2913111
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd, Ranchi
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001
Ref.: 1312 Date: 12.08.2024
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. is conducting its AGM on 4th September 2024. JSCB Invites RFQs from interested parties / bidders for selection of following independent service providers for Jharkhand State Cooperative Bank Limited:-
1. Catering Services 2. Tent Works 3. Printing Works
Last date for submission of Quotations: 20.08.2024 till 11.00 AM.
For RFQs eligibility criteria and other details, please visit website: http://www.jscb.gov.in
Sd/-
CEO, JSCB Ranchi

हाइकोर्ट से मंजूनाथ भजंत्री को राहत

सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दर्ज एफआइआर निरस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अगस्त 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को हवाई जहाज से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर में रोके जाने के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआइआर दर्ज को निरस्त करने को लेकर देवघर के तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। कोर्ट ने सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दिल्ली में दर्ज जीरो एफआइआर के आधार पर देवघर में दर्ज एफआइआर को निरस्त कर दिया।

क्या है मामला

सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है कि 31 अगस्त 2022 को शाम में जब वह प्लेन से दिल्ली जा रहे थे, तो तत्कालीन देवघर उपायुक्त मंजूनाथ के कहने पर सुरक्षाकर्मियों ने देवघर एयरपोर्ट पर उन्हें रोका और जान से मारने की धमकी भी दी। उनके सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया। प्रार्थी का कहना था कि उनके खिलाफ लगाये गये सारे आरोप निराधार है, इसलिए इससे संबंधित जीरो एफआइआर को रद किया जाये। दिल्ली में दर्ज करायी गयी जीरो एफआइआर झारखंड पुलिस को सौंप दी गयी थी, जिसके आधार पर देवघर में कुंदा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना. उच्चस्तरीय लोगों से संपर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।

वृष यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ, कार्यक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति होगी।

मिथुन प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द्र की वृद्धि।

कर्क औपचारिक संपर्क और संबंध बढ़ेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ।

सिंह सक्रियता बनाये रखें,सभी काम देर-सबेर पूरा होगा,बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे।

कन्या आर्थिक उन्नति,पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे,धनी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा।

तुला कर्मक्षेत्र में अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे, राजनीतिक व्यक्तियों को प्रभावशाली पद प्राप्त होगा।

वृश्चिक चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा, मान-सम्मान।

धनु सुख-साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।

मकर सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ, हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

कुंभ आरोग्यसुख, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

मीन समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना।

जुडको : नगर विकास मंत्री के साथ वार्ता में नहीं बनी बात, हड़ताल जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जुडको अधिकारियों-कर्मियों की लगातार छठे दिन की हड़ताल से जुडको से संचालित लगभग सभी योजनाओं का काम प्रभावित हो गया है। शहरी विकास की योजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। हालांकि सोमवार को कार्यालय खुलने के बाद राज्य के नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन के साथ उनके आवास में जुडको के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। मंत्री आवास में हुई वार्ता में कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। विभागीय मंत्री ने वेतन बढ़ोतरी के मसले पर पदाधिकारी से बात करने की जरूर बात कही। जुडको के पदाधिकारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं पाने के बाद वापस फिर कचहरी स्थित कार्यालय लौट गये और कॉन्फ्रेंस हॉल में एक साथ फिर से हड़ताल पर बने रहने का संकल्प लिया। बता दें कि जुडको के कर्मी वेतन-मानदेय बढ़ोतरी की मांग को लेकर काम ठप किये हुए हैं। उनका कहना है कि नियुक्ति के बाद से ही उनके वेतन में बढ़ोतरी नहीं हुई है, जिस वजह से हताशा का माहौल है। जबकि, जुडको के माध्यम से शहरी विकास के अधिकांश काम हो रहे हैं।

इन योजनाओं का काम फंसा

हजारीबाग और देवघर सेप्टेज का काम 31 अगस्त तक पूरा करा कर इसका उद्घाटन सितंबर तक कराने की योजना है। गुमला एवं सिमडेगा नगर परिषद में फिस्कल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का काम 31 अगस्त तक पूरा कराने का लक्ष्य है। निर्माण ठोस अपशिष्ट प्लांट के काम मे तेजी लाने का निर्देश है। शहरी आजीविका मिशन के कार्यों को 30 सितंबर तक कराने का निर्देश दिया गया है। एरिया लेवल फेडरेशन के शतप्रतिशत लक्ष्य को 30 सितंबर तक पूरा करने को कहा गया है। पीएम आवास योजना शहर के छत स्तर तक बने घरों को 31 अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसी तरह कांटाटोली फ्लाईओवर, रविंद्र भवन ओर ट्रांसपोर्ट नगर योजना का काम भी प्रभावित हो गया है। योजनाओं की मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही है।

राजधानी में लगेंगे नौ उद्योग

बेकरी से लेकर स्पेयर्स पार्ट्स प्रोजेक्ट्स को मिली स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी में आनेवाले समय में कई नये उद्योग लगेंगे। इसके लिये उद्योग विभाग और जियाडा की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जियाडा की ओर से राजधानी के लिए नये उद्योगों के आवेदन को स्वीकृत किया गया है। इसके तहत नौ नये प्रोजेक्ट्स को जियाडा ने स्वीकृति दी है। ये उद्योग रांची जिला के अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्र में लगाये जायेंगे। जियाडा की मानें तो इन उद्योगों के लिए काफी पहले आवेदन दिया गया था। प्रोजेक्ट्स को स्वीकृति देने के साथ ही इन उद्योगों के लिए क्षेत्र आवंटित गया है।

जहां ये उद्योग लगेंगे: स्वीकृत किये गये प्रोजेक्ट्स सहेर, टाटीसिलवे, गेतलसूद, बरही, तुपुदाना इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थापित किये जायेंगे। बेकरी प्रोडक्ट, लॉजिस्टीक सपोर्ट सिस्टम, मैन्युफैक्चरिंग ऑफ एनिमल फीड, स्टारेज ऑफ ऑक्सीजन सिलेंडर्स, ब्रेवरी प्रोजेक्ट, सेल ऑफ स्पेयर पार्ट्स ऑफ ऑटोमोबाइल शामिल हैं। इन प्रोजेक्ट्स की स्थापना से राज्य में रोजगार का सृजन संभव होगा। इसके पहले जियाडा की ओर से राज्य के लिए 21 प्रोजेक्ट्स को स्वीकृति दी गयी थी। इसमें कुछ प्रोजेक्ट्स रांची, देवघर, गिरिडीह समेत अन्य जिलों के लिए प्रस्तावित है। उद्योग विभाग की मानें तो राज्य के ग्रामीण इलाकों में रोजगार सृजन के लिए उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उद्योगों के स्थापित होने से ग्रमीणों और राज्य के युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके लिए चतरा और रामगढ़ में औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार पर भी चर्चा की जा रही है, जिससे राज्य में आगामी कुछ सालों में अधिक से अधिक उद्योग लगाये जा सकें।

एनडीपीएस से जुड़े मामले में 10 साल की सजा

रांची। करीब 26 किलो गांजा बरामदगी मामले के दोषी इम्तेयाज अंसारी को अदालत ने 10 साल की सजा सुनायी है। साथ ही उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे नौ माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

हर विधानसभा से बीएलओ को सम्मानित करेगा चुनाव आयोग

जारी की लोकसभा जेनरल इलेक्शन 2024 की स्टेटिस्टिकल रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। निर्वाचन सदन, रांची में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सोमवार को स्टेटिस्टिकल बुक ऑफ लोकसभा इलेक्शन 2024 को लॉन्च किया। साथ ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस बुक के जरिए हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव 2024 से संबंधित कई महत्वपूर्ण आंकड़े देखे जा सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि यूथ वोटर्स को आकर्षित करने के लिए झारखंड इलेक्शन क्विज 2024 प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए वेबसाइट www.jharkhand.india-electionsquiz.com पर 16 अगस्त से 26 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। जिलों में इलेक्शन डिपार्टमेंट से जुड़े कर्मियों, पदाधिकारियों को छोड़ कर कोई भी वैध वोटर इसके लिए रजिस्ट्रेशन करा सकता है। हर जिले के टॉपर (कुल 24) के बीच ऑनलाइन क्विज परीक्षा 29 सितंबर को होगी। ऑफलाइन टेस्ट 5 अक्टूबर को होगा। टॉप तीन कैंडिडेट को क्रमशः 50 हजार, 30 हजार और 20 हजार रुपये दिये जायेंगे। हर जिले के टॉपर को दस हजार रुपये दिये जायेंगे। मौके पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे और इंडियन स्टेटिस्टिकल के प्रतिनिधि आरके ठकराल भी मौजूद थे। इस दौरान सीइओ और अन्य अधिकारियों ने इलेक्शन क्विज और सैल्यूट टू बीएलओ से संबंधित पोस्टर भी जारी किये।



हेमंत सरकार कर रही तुष्टीकरण की राजनीति

बांग्लादेशी घुसपैठिये झामुमो के वोटर बन गये हैं : बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने राज्य सरकार पर फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों पर हेमंत सरकार कार्रवाई करने से डर रही। ये घुसपैठिए झामुमो के वोट बैंक बन चुके हैं। इसलिए राज्य सरकार इनका संरक्षक बनी हुई है। कहा कि घुसपैठिए आदिवासी दलित समाज के लोगों की संपत्ति पर कब्जा कर रहे।

बहन बेटियों से शादी कर के जमीन पर कब्जा कर रहे। इतना ही नही हिंदू आबादी को अपना घर द्वार छोड़ कर भागने को मजबूर कर रहे। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में तारानगर, गोपीनाथपुर , गाय बथान जैसे गांव में घुसपैठियों का साम्राज्य स्थापित हो चुका है। कहा कि घुसपैठिये राज्य को दीमक की तरह चाट रहे और राज्य सरकार मौन है। उन्होंने कहा कि एक तरफ उच्च न्यायालय ने घुसपैठियों के संबंध में चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को कड़े निर्देश दिये हैं, फिर भी हेमंत सरकार इसकी लीपापोती में लगी हुई है। कहा कि बाहर में राज्य सरकार बांग्लादेशी घुसपैठ से इंकार करती है, वहीं कोर्ट ने एफिडेविट कर स्वीकार भी करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठियों को चिह्नित कर कार्रवाई की जायेगी।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी

जिला मुख्यालय में मंत्री करेंगे झंडोत्तोलन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। स्वतंत्रता दिवस समारोह 2024 के अवसर पर झारखंड राज्य के मंत्रियों द्वारा जिला मुख्यालयों में झंडोत्तोलन किया जायेगा। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी किया है और सभी उपायुक्तों को आवश्यक तैयारी के लिए पत्र लिखा है। मुख्य कार्यक्रम मोरहाबादी रांची और दुमका में होगा। कैबिनेट मंत्री चंपाई सोरेन, सरायकेला-खरसावां जिला, रामेश्वर उरांव, लोहरदगा, सत्यानंद भोक्ता, चतरा, बैद्यनाथ राम, लातेहार, दीपक बिरूआ, पश्चिम सिंहभूम, बन्ना गुप्ता, पूर्वी सिंहभूम, इरफान अंसारी, जामताड़ा, मिथिलेश कुमार ठाकुर, गढ़वा, हफीजुल हसन, देवघर, बेबी देवी, बोकारो, दीपिका पांडेय सिंह गोड्डा में झंडोत्तोलन करेंगे।

जायजा : नेशनल शेड्यूल ट्राइब कमीशन की टीम पाकुड़ पहुंची, मारपीट की ली जानकारी

गायबथान में आदिवासियों के साथ जुल्म और अन्याय हुआ : आशा लकड़ा

कार्तिक कुमार

पाकुड़ (आजाद सिपाही)। नेशनल शेड्यूल ट्राइब कमीशन की तीन सदस्यीय टीम सोमवार को पाकुड़ पहुंच कर गायबथान गांव और केकेएम कॉलेज में हुई घटना को लेकर जांच की। आयोग गाय बथान के ग्रामीण और छात्रावास के छात्रों से मिली। तीन सदस्यीय टीम में सदस्य निरुपम चकमा, डॉक्टर आशा लकड़ा, मिरांडा इंदुगम ने गायवथान गांव में 18 जुलाई को आदिवासी और अल्पसंख्यक परिवार के बीच हुई मारपीट की घटना के बारे में पीड़ित परिवार से जानकारी ली। फिर पाकुड़ पहुंच कर केकेएम कॉलेज के छात्रावास के छात्रों से मिल कर 26 जुलाई की रात हुई घटना के बारे में उनसे पूछताछ की। छात्रों और गाय बथान के लोगों से मिलने के बाद आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने मीडिया को बताया कि गायबथान में आदिवासियों के साथ जुल्म और अन्याय हुआ है।

कहा-आयोग ने दोनों घटनाओं को संज्ञान में लिया है, सीएस और डीजीपी को कार्रवाई की करेंगे अनुशंसा

करीब डेढ़ सौ बांग्लादेशी परिवार के लोगों ने बाहर से आकर आदिवासी की जमीन को कब्जा कर लिया है। गांव के लोगों के साथ मारपीट होने के बाद उन्हें ना तो प्रशासन की तरफ से उनका इलाज कराया गया और ना ही मुकदमा। मेरे द्वारा दुमका के आइजी और पाकुड़ एसपी को संज्ञान में देने के बाद केस दर्ज किया गया और फिर घायल लोगों का इलाज हुआ। आशा लकड़ा ने बताया कि छात्रावास के छात्रों के साथ 26 जुलाई की रात को मारपीट की गयी, जाति सूचक गाली देते हुए पुलिस किसी महिला का किडनैप होने की बात कह कर खोजबीन करने वहां पहुंची थी और सीधे छात्र के साथ मारपीट करने लगे। बेरहम तरीके से छात्रावास के छात्रों के साथ मारपीट की गयी। इस पूरे मामले को आयोग ने संज्ञान में लिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच कर रही हूं और निश्चित रूप से यहां के लोगों को न्याय मिले मिलेगा। छात्रावास में आज छात्रों को मूलभूत सुविधा दिलाने में जिला प्रशासन यहां नाकाम है। छात्रावास में ना तो पानी की सुविधा है, ना सही ढंग से बिजली की सुविधा है। उन्होंने कहा कि जो घटना घटी है, वह बेहद ही दुखद है। वह इस पूरी घटना के बारे में झारखंड के मुख्य सचिव और डीजीपी और देश के गृह मंत्री को अवगत करा कर दोषी लोगों पर कार्रवाई करने की अनुशंसा करेंगी। आयोग ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। कई आदिवासी संगठनों के साथ भी बैठक की। आयोग के द्वारा जांच के दौरान आइटीडीए के डायरेक्टर और जिला कल्याण पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महेशपुर विजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पाकुड़ दयानंद आजाद, सिविल एसडीओ पाकुड़ प्रवीण केरकेट्टा और प्रमंडलीय आयुक्त के सचिव मौजूद थे।

गोड्डा सांसद निशिकांत कल छात्रों से करेंगे मुलाकात

पाकुड़ (आजाद सिपाही)। भाजपा के नेता और गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे मंगलवार को पाकुड़ पहुंचेंगे। निशिकांत गाय बथान गांव में पिछले दिनों हुई घटना से पीड़ित परिवार से मिलेंगे और उसके बाद केकेएम कॉलेज के छात्रावास के छात्रों से मिलेंगे। इसके बाद गोपीनाथपुर गांव जायेंगे, जहां पिछले दिनों सांप्रदायिक घटना हुई थी। सांसद के आगमन के बारे में जानकारी पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष मुकेश शुक्ला उर्फ पिंकू शुक्ला ने दी है।

दलित महिला के साथ मारपीट के मामले में आयोग गंभीर

पाकुड़ (आजाद सिपाही)। एक दलित महिला के साथ हुई मारपीट की घटना और हिरणपुर थाना के द्वारा एससी एसटी एक्ट में केस दर्ज न किये जाने पर नेशनल शेड्यूल ट्राइब कमिशन ने गंभीरता से इस मामले को लिया है। पाकुड़ में आयोग से एक दलित महिला ने अपनी आप बीती आयोग की सदस्या आशा लकड़ा को सुनायी। पीड़ित महिला प्रियंका देवी का आरोप है कि राम पंडित, लखन पंडित, सुमन भंडारी, सचिन भंडारी, सोनू सोनू भंडारी, कलेश शाह ने उसके साथ मारपीट की और जाति सूचक गाली दी। इस घटना को लेकर जब थाने में लिखित शिकायत दी तो थाना प्रभारी के द्वारा उनके आवेदन को बदल दिया गया और साधारण मारपीट की घटना दर्ज कर दी गयी।

उपायुक्त ने की तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने विशेष प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल विभाग,लघु सिंचाई, विद्युत विभाग,भवन निर्माण जैसे अन्य तकनीकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी तकनीकी विभाग के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने ग्राम सेतु योजना के अंतर्गत क्रियान्वित योजना, उच्च विद्यालय शाहपुर के मरम्मति को शीघ्र पूरा करने व अन्य योजनाओं में आ रही समस्याओं को निदान करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि अगर किसी योजना में जमीनी विवाद के मामले में संबंधित अंचलाधिकारी से प्रतिवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने विद्युत पदाधिकारी को बिजली व्यवस्था बेहतर करने का निर्देश दिया ताकि बारिश के कारण आ रही बिजली की समस्या से राहत मिल सके। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को उनके अधीनस्थ क्रियान्वित योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण पूरा करने, क्षेत्र भ्रमण करने और नई योजनाओं को जल्द शुरू करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी प्रेरणा दीक्षित, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बंगेश, योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, विद्युत, विशेष प्रमंडल, पथ निर्माण, भवन निर्माण, विशेष प्रमंडल सहित कई अन्य तकनीकी विभाग के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

कांवर पदयात्रा की रजत जयंती पर सावन की चौथी सोमवारी का उल्लास

शिव की धुन पर थिरके भक्तों के पांव नाचते-गाते पहुंचे ध्वजाधारी धाम

श्रावण के सोमवार श्रद्धालुओं की लगी कतार

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। कांवर पदयात्रा के रजत जयंती पर सावन की चौथी सोमवारी में झरनाकुंड से जल उठाकर लगभग डेढ़ लाख से अधिक की भारी संख्या में भक्त शिव की धुन पर नाचते-गाते ध्वजाधारी धाम पहुंचे। वैसे तो पूरा अभ्रकांचल केसरिया रंग में रंगा नजर आया, झुमरीतिलैया के झरनाकुंड से कोडरमा स्थित ध्वजाधारी धाम तक भक्तों का सैलाब उत्सव को भव्य बनाता रहा। सुहाने मौसम और रिमझिम बूंदों के बीच शिव के गगनचुंबी नारों के साथ ध्वजाधारी धाम पहुंच भक्तों ने 777 सीढ़ियां चढ़कर बाबा का अभिषेक किया। झुमरीतिलैया नगर के धार्मिक संगठन श्रीराम संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में रजत जयंती पर निकली कांवर पदयात्रा ऐतिहासिक साबित हुई। डोमचांच प्रमुख सत्यनारायण यादव, कोडरमा नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, समाजसेवी अभिषेक पांडेय ने नारियल फोड़ते हुए झंडा दिखाकर पदयात्रा का उद्घाटन किया। इधर ध्वजाधारी धाम पहुंचीं केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी और विधायक नीरा यादव ने झरनाकुंड में पूजा-अर्चना की। झरनाकुंड से जल लेकर कांवरियों का जत्था सुबह 4 बजे से निकलना शुरू हुआ। लगातार 3 बजे दिन तक रांची-पटना रोड स्थित ध्वजाधारी धाम पहुंचकर बाबा भोले शंकर पर जलाभिषेक किया। कांवर पदयात्रा में श्रद्धालु झांकी में जीवंत शिव पार्वती के गीतों पर झूमते चल रहे थे। यहां के अलावा मोरियांवा, तिलैया बस्ती, चुटियारो, करमा और चाराडीह से भी अलग-अलग टोलियों के द्वारा झांकी के साथ पदयात्रा निकाली गयी। पदयात्रा के दौरान करीब 8 घंटे तक झुमरीतिलैया से कोडरमा तक पूरा रांची-पटना रोड महिला-पुरुष श्रद्धालुओं से पटा रहा। भीड़ के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीराम संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष मुन्ना भदानी, सचिव अरविद चौधरी, कार्यक्रम संयोजक बबलु सिंह, राकेश कपसिमें, मनोज साव, राजेश कपसिमे, सत्येंद्र सिन्हा, विशाल भदानी, सुजय सिंह, पीयूष सिंह, लखन सिंह, विक्की केसरी, अमित कुमार, राहुल सिंह, राजेश कपसीमे, प्रदीप कसेरा, सतेंद्र सिन्हा, नितिन मिश्रा, बसंत गुप्ता, ज्योति पहाड़ी, अरविंद एकघरा, समेत मंडल के कई सदस्य व अन्य लगे थे।

अस्थायी कंट्रोल रूम बनाये गये : कोडरमा ध्वजाधारी धाम में अस्थायी कंट्रोल रूम बनाया गया था। कांवर पदयात्रा को लेकर डीसी मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय सोनी, एसडीपीओ जीत वाहन उरांव, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, सीओ रामप्रवेश कुमार, नगर प्रशासन झुमरी तिलैया अंकित गुप्ता सहित कई प्रशासनिक अधिकारी पदयात्रा पर स्वयं नजर बनाये हुए थे। पदयात्रा में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए चप्पे-चप्पे पर एनसीसी कैडर के बालक और बालिकायें मुस्तैद दिखे।

श्रद्धा भाव के साथ इन्होंने की व्यवस्था

झुमरीतिलैया। पदयात्रा में श्रद्धालुओं के लिए स्वयंसेवी, सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक एवं विद्यालयों ने शरबत, चाय, झरने, प्राथमिक चिकित्सा का स्टाल लगाया। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महाराणा प्रताप चौक, कौटिल्य एकेडमी इंदरवा शहरी, सेवा भारती, शिव वाटिका, धर्मवीर विकास समिति इंदरवा बस्ती, सुनील सोनी गायत्री मंदिर के निकट, बिरजू यादव बायपास रोड, जय दुर्गा आयरन लिमिटेड वाटिका के नजदीक, जी सेवेन फर्नीचर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स महाराणा प्रताप चौक, पुष्प वर्षा उमानाथ मंदिर कमेटी कर्मा, विकास पार्टी, वात्सल्य सेवा संस्थान कर्मा, नवयुवक क्लब झुमरी, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा झुमरी, चेचाई ग्राम वासी जेजे कॉलेज के नजदीक, नवयुवक कांवरिया संघ लखी बागी, केयर फाउंडेशन कोडरमा लखी बागी, बालाजी पब्लिक स्कूल दूधीमाटी, सावित्री सुंदर एनजीओ कोडरमा, भूपेंद्र कुमार दूधीमाटी, अमिताभ चौधरी उर्फ बबलू चौधरी, एक्सेल डाटा सर्विस कोडरमा, दस्तावेज नवीस संघ कोडरमा, श्री चित्रगुप्त धाम ट्रस्ट कोडरमा, डॉ कुमार सौरभ, महावीर मोहल्ला युवा समिति कोडरमा, शिव पार्वती सेवा समिति ध्वजाधारी आश्रम, राजद जिला कमेटी के अलावा अनेक संगठनों का सहयोग रहा।

कोनार डैम में ट्रैकर लगा गिद्ध मिला

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के कोनारडैम में रूट ट्रैकर लगा हुआ गिद्ध पकड़ा गया। गिद्ध थका हुआ है, वह उड़ने में असमर्थ है। मिली जानकारी के मुताबिक कोनारडैम में अहले सुबह मछली पकड़ने गये मछुआरों की नजर गिद्ध पर पड़ी मछुआरे सामने जाकर उसे पकड़ लिया। जिसकी जानकारी विष्णुगढ़ पुलिस को दी गयी। विष्णुगढ़ पुलिस मौके पर पहुंचकर गिद्ध को कब्जे में कर वन विभाग के कर्मियों को सौंप दिया। थाना प्रभारी सागेन मुर्मू ने जानकारी देते हुए कहा कि गिद्ध में एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगा हुआ है। जो रूट ट्रैकर की बात सामने आई। बताया गया कि गिद्ध में लगाये गये उपकरण के बारे मे जांच पड़ताल के बाद ही कुछ बताया जा सकता है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। वन विभाग के पदाधिकारी गिद्ध के इलाज में जुटे है। गिद्ध बीमार भी है। जिसका इलाज पशु चिकित्सक के द्वारा किया गया है। गिद्ध के शरीर मे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगे होने की जानकारी मिलने के बाद विष्णुगढ़ में चर्चाओ का बाजार गर्म है। जांच पड़ताल के बाद ही उपकरण के संबंध में विषय पर पता चल पायेगा। गिद्ध के शरीर मे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण कहा से लगाया गया।

बरनवाल महिला समिति ने सावन महोत्सव मनाया

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। यहां के झारखंड मैरिज हाल में श्रावणी महोत्सव का आयोजन बरनवाल महिला समिति द्वारा मनाया गया। इस संबंध में बरनवाल महिला समिति के मीडिया प्रभारी शालिनी बरनवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि महोत्सव में महिलाएं और बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। महिलाओं और बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में रैंप वॉक और म्यूजिकल पिलो गेम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। प्रतिभागी महिलाओं और बच्चों के बीच पुरस्कार भी वितरण किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए बरनवाल महिला समिति की अध्यक्षा बबीता देवी ने कहा कि श्रावण महीना हरियाली, आस्था, हर्ष और उल्लास का महीना है इसलिए सावन महीने का स्वागत हमें हर्ष और उल्लास के साथ करना चाहिए। मौके पर बरनवाल महिला समिति के उपाध्यक्ष अनीता बरनवाल, उर्मिला बरनवाल, कोषाध्यक्ष प्रिया बरनवाल, सह कोषाध्यक्ष सीमा बरनवाल, सचिव दीपा बरनवाल, सहसचिव ममता रानी, मीडिया प्रभारी शालिनी बरनवाल समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

बीजीआर कंपनी ने छात्रों को स्कूल बैग और नोट बुक दिया

केरेडारी (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खनन परियोजना में कोयला खनन का कार्य कर रही बीजीआर मानिइंग एंड इंफ्रा कंपनी और रोटरी क्लब के द्वारा सीएसआर मद से परियोजना से विस्थापित तरहेसा गांव स्थित नव सृजत प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत 334 छात्र छात्राओं के बिच स्कूल बैग और नोट बुक का वितरण सोमवार को किया गया। बैग व नोट बुक का वितरण बीजीआर कंपनी के जीएम श्रीनिवास रॉव और रोटरी क्लब प्रबंधक बाला कोटि रेड्डी, विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका कपूर देवी, मुखिया सकीबा खातून और स्थानीय जनप्रतिनिधि और बीजीआर कंपनी के अन्य अधिकारीयों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मौजूद छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बीजीआर कंपनी के जीएम श्री निवास राव ने कहा की हमारा काम सिर्फ कोयले का खनन करना ही नहीं बल्कि परियोजना से प्रभावित क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करना भी है और इसी के तहत आज यह स्कूल बैग व नोट बुक का वितरण किया जा रहा है। मौके पर बीजीआर से त्यागराजन, फैज अहमद, रामशास्त्री, विजय तिवारी, प्रवीण झा, संदीप मिश्रा, जबकि विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका कपूर देवी, शिक्षकों में अब्दुल्ल जनान अंसारी, मो मुस्ताक, किलयास अहमद, मो हासिम, कार्तिक कुमार महतो, बालेश्वर कुमार, नवलकिशोर ओझा, खेदू राम व प्रबंधन समिति के कई लोग मौजूद थे।

कानपुर और पटना की जीवंत झांकी का रहा आकर्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। पदयात्रा में श्रद्धालुओं के सैलाब के बीच पटना एवं कानपुर से आये ट्रक पर बने आकर्षक और जीवंत झांकियों ने जहां श्रद्धालुओं को आकर्षित किया वहीं उन्हें झूमने पर मजबूर कर दिया। युवाओं और किशोरियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। पदयात्रा में गांव-गांव और शहरों से शामिल महिला श्रद्धालुओं ने भी भजन के गायन और जीवंत झांकियां के प्रस्तुति पर जमकर नृत्य करती नजर आयी।

प्रशासन ने बड़े वाहनों का प्रवेश रोका: पदयात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने सुबह 7 के बाद से लेकर 12 तक बड़े वाहनों को शहर में प्रवेश करने पर रोक लगायी। पदयात्रा में बढ़ती भीड़ की वजह से रांची पटना रोड घंटों जाम रहा। दंडाधिकारी और पुलिस बल ड्यूटी पर मुस्तैद रहे। पदयात्रा में सुरक्षा के दृष्टिकोण से बिजली विभाग के द्वारा शहर की बिजली आपूर्ति को सुबह 7 बजे से 12 तक बंद कर दिया गया था। इस वर्ष श्रद्धालुओं को ध्वजाधारी पहाड़ चढ़ने के क्रम में रात के वक्त लाइट की व्यवस्था नहीं रहने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। श्रद्धालु मोबाइल के टॉर्च जलाकर सीढ़ियां चढ़ते दिखे।

निजी स्कूल रहे बंद, सरकारी स्कूलों में बच्चों की नहीं हुई उपस्थिति: पदयात्रा की भव्यता और महोत्सव का रूप लेने के कारण एक तरफ जहां निजी स्कूलों को प्रबंधक के द्वारा बंद कर दिया गया था, वही सरकारी स्कूलों में पदयात्रा को लेकर बच्चों की उपस्थिति नगण्य रही। सरकारी विद्यालयों में शिक्षक समय पर पहुंचे पर बच्चों अभिभावकों के साथ कंवर पदयात्रा में शामिल रहे और स्कूलों में सन्नाटा रहा।

विनोद कुशवाहा लगातार कर रहे सदर विधानसभा क्षेत्र का दौरा

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना को लेकर सदर विधानसभा क्षेत्र में झारखंड प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा लगातार क्षेत्र में दौरा कर रहे हैं। भेलवारा पंचायत, सलैया, मोरंगी, रेशम, नगवां आदि पंचायत में लगे शिविर का निरीक्षण कर समस्याओं को जाना। मंइयां सम्मान योजना को लेकर झारखंड प्रदेश महासचिव विनोद कुमार कुशवाहा ने क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं की समस्या से अवगत होकर उनकी समस्याओं का निराकार कर रहे हैं। विनोद कुशवाहा ने सदर बीडीओ से नगवां में आयोजित शिविर में लापरवाही की शिकायत की। विनोद कुशवाहा ने कहा कि मैया सम्मान योजना में अगर कोई लापरवाही करता है तो उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। क्योंकि यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिससे महिलाए अपने खुद के खर्च को आसानी से उठा सकती है। यह सरकार का सराहनीय कदम है। मौके पर प्रमोद सिंह, मुकेश कुमार, रवि, शंकर दयाल, नारायण प्रसाद कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, नरेश, अजय प्रजापति, फारूक ,अखिलेश नारायण, सहदेव पंडित, मकबूल अंसारी, तबारक अंसारी, सुरेश पांडे, सूरत चंद्रवंशी, प्रमोद दिवाकर आदि उपस्थित थे।

डायरिया से एक बच्चे की मौत, दर्जनों बीमार

गंदगी और महुआ शराब के सेवन से भी डायरिया की चपेट में आने की बात कही जा रही है

आजाद सिपाही संवाददाता

सतगावां। प्रखंड के कटैया पंचायत के दुमदुम्मा गांव के मुसहरिया टोला में डायरिया फैल गया है। डायरिया से एक बच्चे की मौत हो गयी है और दर्जनों लोग पीड़ित हैं। इसमें एक अन्य महिला पूनम देवी (उम्र 30 वर्ष) का बिहार राज्य के गोविंदपुर स्थित निजी क्लिनिक में इलाज चल रहा है। सभी पीड़ित महिला और बच्चे अलग-अलग परिवार से हैं। दरअसल गंदगी और महुआ शराब के सेवन से भी डायरिया की चपेट में आने की बात कही जा रही है पीड़ित परिवार कारू मांझी के अनुसार मृतक नीरज कुमार (उम्र 4 वर्ष) की तबियत अचानक खराब हो गयी। ग्रामीण चिकित्सक दशरथ प्रसाद से दस्त का दवा लिए कुछ देर बाद बच्चे की स्थिति काफी बिगड़ने लगा और बच्चे की मौत हो गयी। इसके अलावा करण कुमार (उम्र 21 वर्ष पिता सुनी मुसहर), धर्मपाल मुसहर (उम्र 12 वर्ष पिता कैलाश मुसहर), वकील मुसहर (उम्र 4 वर्ष पिता नुनू मुसहर), पूजा कुमारी (उम्र 7 वर्ष कैलाश मुसहर) समेत दर्जनों लोग बीमार हैं। टोला में सबसे पहले मृतक नीरज कुमार को उल्टी, दस्त होने लगी। बाद में अन्य लोगों को धीरे-धीरे उल्टी और दस्त होने लगा। रविवार को जब स्थिति बिगड़ने लगी तब इसकी जानकारी वहां के सहिया संगीता देवी को मिली। सहिया ने एएनएम सुधा कुमारी को इसकी सूचना दी। कैंप लगाकर डायरिया के प्रकोप में आये बीमार लोगों को इलाज किया जा रहा है। वहीं एक महिला पूनम देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों के सहयोग से गोविंदपुर स्थित निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश और जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार टाटीझरिया भाजपा मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा, मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह के नेतृत्व में निकाला गया। तिरंगा यात्रा भाजपा कार्यालय से निकलकर होलंग चौक गया, वहां से गुलाब चौक होते हुए पार्टी कार्यालय में समाप्त हुआ। यात्रा के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य चंद्रनाथ भाई पटेल थे। इस दौरान कार्यकर्ता अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर, भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि राष्ट्रीय भक्ति से संबंधित नारे लगाते चल रहे थे। कार्यक्रम के दौरान श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के निर्देशानुसार यह यात्रा देश भर में राष्ट्रीय भक्ति के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख संतोष मंडल, मिथलेश पाठक, कार्यक्रम संयोजक राजु यादव, कौलेश्वर मिश्रा, निखिल सिंह, होपन सिंह, सुशांत सिंह, प्रकाश गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद, प्रकाश ठाकुर, डोमन साव, सुरेश प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद समेत अन्य शामिल थे।

बिंदु दांगी ने श्रद्धालुओं के बीच बांटी फ्रूटी

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। सावन की इस पवित्र माह में शक्तिपीठ रजरप्पा मां छीनमस्तिका मंदिर से जल उठाकर 117 किलोमीटर की लंबी दूरी तय कर बड़कागांव बहुचर्चित महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में सावन के चौथी सोमवारी पर हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक के लिए पहुंचे। जहां पर श्रद्धालुओं के बीच बड़कागांव रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष सह समाजसेवी बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी ने 5000 फ्रूटी पिलाकर श्रद्धालुओं की सेवा किया। इस अवसर पर समाजसेवी बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी ने कहा कि सभी सक्षम व्यक्तियों को श्रद्धालुओं के बीच दान करना चाहिए। इससे मन को शांति और पुण्य मिलता है। आगे उन्होंने कहा कि हमारा कोशिश रहता है कि हम हर एक पर्व त्यौहार में अपने समर्थ अनुसार श्रद्धालुओं के लिए सेवा करें।

कटकमसांडी में कलश यात्रा का आयोजन

कटकमसांडी (आजाद सिपाही)। सावन माह के चौथी सोमवारी के शुभ अवसर पर सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत कंचनपुर के जैलमा स्थित शिव मंदिर में एकदिवसीय रुद्राभिषेक यज्ञ सह कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकली गयी कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए 1 किलोमीटर की दूरी को तय कर छड़वा डैम पहुंची जहां पर पूजा अर्चना के बाद पुन: मंदिर परिसर मंदिर आया। इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में हजारीबाग समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह शामिल हुए पूजा समिति के द्वारा श्रद्धानंद सिंह का भव्य रूप से स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस कलश यात्रा के साथ साथ भक्ति जागरण का भी आयोजन पूजा समिति के तरफ से किया गया था जिस में श्रद्धानंद सिंह स्वयं शामिल होकर महादेव का जयकारा लगाते हुए भक्ति मय में लीन हो गए। कलश यात्रा की समाप्ति के बाद में भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पे पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, पूर्व जिला परिषद सदस्य कुलदीप सिंह भोक्ता, मुखिया पिंकी देवी, मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, सुनील कुशवाहा, उपेंद्र ठाकुर, छोटेलाल, जेपी कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, संदीप कुमार, गोविंद साव, रोहित कुमार, अनुज गोप, कृष्णा यादव, भोला राणा, कैलाश कुशवाहा और सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एलुमनी मीट का आयोजन

कार्यक्रम में सभी एलुमनी सदस्यों का स्वागत तिलक लगाकर और गुलाब का फूल देकर किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एलुमनी एसोसिएशन ऑफ ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के तत्वावधान में एलुमनी मीट 2024 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी एलुमनी सदस्यों का स्वागत महाविद्यालय की प्रशिक्षु मनीषा कुमारी, वैभवी श्री, निराला कुमारी, सीमा जोजो, अंगूरी खातून और शिफा नूरी द्वारा तिलक लगाकर और गुलाब का फूल देकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार सेठ, उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी, प्राचार्य डॉ मृदुला भगत, आई क्यू ए सी समन्वयक डॉ मनीष कुमार पासवान, एलुमनी एसोसिएशन के समन्वयक सौरभ शर्मा, ऐसोसिएशन के कार्यकारी सदस्यों और महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में एलुमनी एसोसिएशन के सचिव अनिल दास द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। तदुपरांत कार्यक्रम में उपस्थित सभी एलुमनी सदस्यों ने अपना परिचय दिया और अनुभव साझा किये। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार सेठ ने अपने संबोधन में एलुमनी सदस्यों को महाविद्यालय के प्रति तत्परता और समर्पण को धन्यवाद करते हुए उनके सफल भविष्य की कामना किये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीएड सत्र 2009-10 से 2021-23 तक के पुरातन छात्र, बीएड सत्र 2022-24 और 2023-25 के सभी प्रशिक्षु, महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक डॉ रविकांत तिवारी, डॉ पवन कुमार, डॉ पूजा कुमारी, वीरेंद्र यादव, गौतम कुमार, स्वर्ण सिंह, मनीष कुमार सिन्हा, खुश्बू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, सीताराम यादव और सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी सुचित कुमार, चुन्नु कुमार, रोहित कुमार, सुधीर साव, विवेक कुमार और ओंकार कुमार उक्त अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रशिक्षु ज्योति कुमारी प्रसाद और सोनाली कुमारी सिंह और धन्यवाद ज्ञापन एलुमनी एसोसिएशन के समन्वयक सौरभ शर्मा ने किया।

स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर निर्देश

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने 78 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तैयारियों और झंडोत्तोलन कार्यक्रम की रुपरेखा समय-सारणी तय किया गया। पुराने प्रखंड परिसर में अवस्थित शहीद स्मारक फलक पर माल्यार्पण कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे, प्रखंड कार्यालय में झंडोत्तोलन सुबह 9:15 निर्धारित किया गया। तत्पश्चात प्रखंड पशु चिकित्सा कार्यालय जयनगर में 9:45 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जयनगर 10:00 परियोजना बालिका उच्च विद्यालय जयनगर 10: 30 थाना परिसर जयनगर 10: 45 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय जयनगर 11:00 बजे निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम में जयनगर प्रखंड अंतर्गत सभी जन प्रतिनिधियों प्रखंड वासियों और मीडिया कर्मियों को आमंत्रित किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने बताया कि इस दौरान विधि व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रखंड और अंचल कर्मियों को जिम्मेवारी दी गयी। इस राष्ट्रीय पर्व को पूरी धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया।

बड़कागांव में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्राचीन और सुप्रसिद्ध बड़कागांव स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में प्रत्येक वर्ष सावन मास के सोमवारी के अवसर पर रजरप्पा से जल उठाकर जलपान किया जाता है। इसी कड़ी में चौथे सोमवारी के अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा बुढ़वा महादेव को जल अर्पित किया। सैकड़ों किलोमीटर सफर तय करके आये कांवड़ियों की सुविधा के लिए विधायक अंबा प्रसाद द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जहां विधायक ने खुद कांवड़ियों की सेवा की। इस दौरान कई महिलाओं और बच्चों को चिकित्सीय मदद अंबा प्रसाद द्वारा करायी गयी, विधायक ने खुद कई श्रद्धालुओं का प्राथमिक उपचार किया। उक्त शिविर में पैर, माथा, बदन दर्द संबंधित कई मामले आये, कई श्रद्धालुओं के पैरों से खून भी निकल रहा था जिसका त्वरित इलाज किया गया, शिविर में चिकित्सक भी मौजूद रहे वहीं विधायक अंबा प्रसाद द्वारा प्रदत्त एंबुलेंस भी तैनात रहा। चिकित्सकों की देखरेख में आवश्यक दवाएं भी मुफ्त श्रद्धालुओं को प्रदान किया गया। इस नेक कार्य के लिए श्रद्धालुओं ने विधायक अंबा प्रसाद का काफी सराहना की। इस दौरान अंबा प्रसाद ने कहा कि लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। श्रद्धालु कई किलोमीटर पैदल चलकर बाबा के दरबार में पहुंचे हैं जिनकी सेवा करने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ है।

भाजयुमो ने की शहीद स्मारक और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं की सफाई

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता युवा मोर्चा रामगढ़ कैंट मंडल के द्वारा शहीद स्मारक और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं और प्रतिमा स्थलों की साफ सफाई की गयी। इस दौरान रामगढ़ नगर के अंतर्गत सुभाष चौक स्थित भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी रहे नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा और प्रतिमा स्थल की साफ सफाई की। साथ ही गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा एवं प्रतिमा स्थल की साफ सफाई किया। भारतीय संविधान के निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा और प्रतिमा स्थल की साफ सफाई और लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा और प्रतिमा स्थल की साफ सफाई कर माल्यार्पण किया गया। जिसका नेतृत्व भारतीय जनता युवा मोर्चा के रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष तरुण साव ने किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों और शहीदों के सम्मान में यह कार्यक्रम भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश इकाई के निर्देश में पूरे झारखंड में किया जा रहा है। इस स्वच्छता कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी और नेता उपस्थित थे। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा रामगढ़ जिला के उपाध्यक्ष रंजन कुमार सिंह उर्फ छोटन सिंह, मंत्री सरदार अनमोल सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रोफेसर संजय सिंह, आईटी सेल सहसंयोजक धीरज साहू, युवा मोर्चा के नव मनोनीत जिला अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भाजपा रामगढ़ नगर के अध्यक्ष श्री सूर्यवंश श्रीवास्तव, पूर्व नगर अध्यक्ष शिवकुमार महतो,उपाध्याय सुशांत कुमार पांडे, संतोष शाह, महामंत्री श्री ऋषिकेश सिंह, श्री मिथिलेश मंडल, मंत्री अजीत गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी प्रोफेसर सुरेंद्र शर्मा, किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष सत्यजीत सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी शशि शेखर सिंह, जिला मंत्री नीतीश कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ जयसवाल सोशल सह मीडिया प्रभारी सुमित अग्रवाल, युवा मोर्चा के नगर महामंत्री अमित ठाकुर, मनोज चंद्रवंशी और भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

भारत विकास परिषद् ने बांटा शरबत और पूजन सामग्री

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। भारत विकास परिषद् रामगढ़ शाखा द्वारा कोठार डीसी ऑफिस के पास सोमवार को शिव भक्तों के बीच शीतल पेयजल नींबू पानी और अन्य चीजों का नि:शुल्क वितरण किया गया। हजारों की संख्या मे कावड़ियों व शिवभक्तों और राहगीरों में निम्बू का शरबत व प्रसाद वितरित किया। भारत विकास परिषद् रामगढ़ शाखा के अध्यक्ष हरीश चौधरी, सचिव सूरज अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक शुभम सिंघल, आयुष अग्रवाल, अजय अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, आदर्श चौधरी, दीपक खंडेलवाल, रोहित पंसारी मौजूद थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी उमेश राजगढ़िया ने दी।

चतरा में भाजयुमो ने निकाली तिरंगा यात्रा

चतरा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज और चतरा भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता के निर्देशानुसार अमृत काल के स्वतंत्रता दिवस के सुअवसर पर आज भाजयूमो जिलाध्यक्ष सुमन सौरव तिवारी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाला गया। जिसमें जिले भर के कार्यकर्ता और छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा शहर के जतराहीबाग से होते हुए बालिका उच्च विद्यालय से होकर पुराना पेट्रोल पंप से केशरी चौक होते हुए काली मंदिर के पास पहुंच कर कार्यक्रम का समापन किया गया। तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता और भाजयूमो जिलाध्यक्ष सुमन सौरव ने पूरे शहर और जिलेवासियों से अपने-अपने घरों और प्रतिष्ठानों में तिरंगा ध्वज लगाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुजीत जायसवाल विद्यासागर आर्य, तिलेश्वर पासवान, निशा कुमारी, चंपा देवी, भूपेंद्र मिश्रा, बसंत यादव, संजीत सिंह, प्रदेश मंत्री अमित साहू नगर अध्यक्ष संजय चौधरी, भूपेंद्र मिश्रा, प्रदीप सिंह, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश पासवान, युवा नेता जितेंद्र पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी काली यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी खगेश्वर साहू, जिला सह मीडिया प्रभारी अमित सिंह, भवानी रॉयअंकित सिंह, सत्यवान, बिपिन बिहारी सिंह, रौनक सिंह, पोषण भारती, राजेश भारती, सुबल पांडे, उदय चंद्रवंशी अनेकों देशभक्त उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंतिम पूर्वाभ्यास का किया गया निरीक्षण

चतरा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त रमेश घोलप ने जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर आज फुल ड्रेस रिहर्सल कार्यक्रम का जायजा लिया। जिसमें जिले के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। आज के रिहर्सल कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक चतरा के आगमन पर परेड की सलामी दी गयी तत्पश्चात परेड का निरीक्षण किया गया। परेड निरीक्षण उपरांत परेड में शामिल प्लाटून क्रमशः सीआरपीएफ, आइआरबी, जिला पुलिस बल पुरूष के दो प्लाटून, जिला पुलिस बल महिला और होमगार्ड के द्वारा समीक्षाकरण परेड किया गया। तत्पश्चात उपायुक्त ने झंडोत्तोलन कर झंडे को सलामी दिया। उपायुक्त रमेश घोलप ने फुल ड्रेस रिहर्सल कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, परेड में शामिल सभी प्लाटून, बैंड पार्टी, विद्यालय के बच्चों समेत अन्य सभी को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम बधाई दिया, साथ ही उन्होंने जिले के तमाम नागरिकों से अपील किया कि स्वतंत्रता दिवस पूरे जोश के साथ मनायें। पुलिस अधीक्षक ने परेड में शामिल जवानों, बैंड पार्टी, विद्यालयों के बच्चों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सराहा, साथ ही स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सभी को शुभकामनाएं भी दी। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। उपायुक्त ने मौके पर साफ-सफाई, साज-सज्जा, पेयजल, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, आगन्तुकों के बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा के मानकों का ध्यान रखने के साथ ही अन्य तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्य समारोह में माननीय मंत्री सत्यानंद भोक्ता बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झंडोत्तोलन करेंगे। इस मौके पर उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित समेत अन्य उपस्थित थे।

देवलगड़ा में लगा स्वास्थ्य शिविर

टंडवा (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा के सौजन्य से आरोग्यम हॉस्पिटल के द्वारा मेघा मेडिकल कैंप देवलगडा में लगाया गया। जिसमें बच्चों, महिलाओं, पुरुषओं का मेडिकल जांच किया गया। इसमें 146 मरोजों को जांच के बाद नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया।

एक बार फिर बड़े स्तर पर कोयला तस्करी के लिए सिंडिकेट सक्रिय

बीरु कुमार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ एक बार फिर कोयले की काली कालिख से दागदार होने की दहलीज पर खड़ा है। इसकी पृष्ठभूमि भी बन कर तैयार हो गयी है। कोयला तस्कर सिंडिकेट बना कर कारोबार करने की फिराक में है। हालांकि वे कितना सफल हो पायेंगे, ये आने वाला समय बतायेगा। लेकिन क्षेत्र में तस्करों की गतिविधियां तेज हैं, जिसके कारण कारोबार की सुगबुगाहट रामगढ़ में शोर मचा रही है। हालांकि रोजाना बारिश होने के कारण तस्करों की रणनीति पर बड़ा असर पड़ रहा है। लेकिन पानी बंद होते ही तस्कर अपने काम में जुट जायेंगे। उन लोगों ने अपना पूरा नेटवर्क तैयार कर लिया है और बारिश कम होते ही उस नेटवर्क के माध्यम से वे कोयले की तस्करी को बड़े पैमाने पर अंजाम देने लगेंगे।

हजारीबाग और रामगढ़ में सक्रिय है मिश्रा का नेटवर्क: सूत्रों ने बताया कि मिश्रा जी का नेटवर्क हजारीबाग और रामगढ़ में सक्रिय है। इनका नेटवर्क इंट्री और पासिंग पर काम कर रहा है। मिश्रा जी खुद उगाही का पैसा वसूल रहे हैं। जानकारी मिल रही है कि मिश्रा जी कोयला कारोबारियो से यह कह रहे हैं कि अगर काम करना है, तो उन्हें चढ़ावा देना ही पड़ेगा। बगैर चढ़ावा कोई भी काम नहीं कर सकता। वह कोयला कारोबारियों से संपर्क में हैं और उनसे हड़का कर पैसा ले रहे हैं।

आधा दर्जन आइफोन लेकर मार्केट में उतरा है कोयला कारोबारियों का रहनुमा: सूत्रों ने बताया कि मिश्रा जी पूरे मामले को बहुत ही गुप्त तरीके से मैनेज कर रहो हैं। इसके लिए वो आधा दर्जन से अधिक आइफोन का इस्तेमाल करता है, ताकि कोई रिकॉर्ड लीक न हो। सबसे बड़ी बात है कि कुछ ही दिनों में मोबाइल और सिम बदल देता है, ताकि कोई टेक्निकल मामलों में नहीं फंस सके। मिश्रा हर कारोबारी से अलग अलग मोबाइल नंबर से बात करता है, ताकि उसको कोई ट्रैक नहीं कर सके। जानकारी के अनुसार मिश्रा के नाम की धौंस भी कारोबारियों में दिख रही है। वे नजरअंदाज नहीं कर सकते। आजाद सिपाही के हाथ वे मोबाइल नंबर भी लगे हैं, जिनसे वह कोयला कारोबारियों से बात करता है और धमकाता है।

कुजू में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट 25 से

कुजू (आजाद सिपाही)। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के निर्देशानुसार कुजू क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर कुजू में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से सांसद खेल प्रतिनिधि बंटी तिवारी, जय प्रकाश और संजय महतो शामिल रहे। बैठक के दौरान सांसद खेल प्रतिनिधि बंटी तिवारी ने बताया कि आगामी 25 अगस्त को कुजू क्षेत्र में सांसद मनीष जायसवाल द्वारा नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया जायेगा। टूर्नामेंट के सफल संचालन को लेकर खेल आयोजन कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अशोक कुमार, उपाध्यक्ष निर्मल करमाली, रामदेव प्रसाद, पवन साहू, सूरज महतो, सचिव राजेश प्रसाद, आशीष कुमार, राजेंद्र केसरी, रवि साहू, प्रवेशकर्ता संयोजक पंचित महतो, श्रवण शाह, अखिलेश्वर प्रसाद, संरक्षक प्रवीण मेहता, धनेश्वर प्रसाद, तोकेश सिंह, राजेंद्र कुशवाहा, राकेश कुमार रॉक, नरेश महतो, मुकेश साहू, लखन प्रसाद शामिल हैं। बैठक में क्षेत्र के खेल प्रतिनिधि, भाजपाई मौजूद रहे।

भाजपा नेताओं ने महापुरुषों की प्रतिमा और स्मारक पर की साफ- सफाई

पतरातू (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता युवा मोर्चा पतरातू मंडल के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस को लेकर अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इसी को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा सोमवार को पतरातू क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में लगी महापुरुषों की प्रतिमा स्थल की साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलायी गयी। स्वच्छता अभियान में झारखंड प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विश्व सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिप सदस्य सह भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति के साथ किशोर कुमार महतो पंकज कुमार सिंह, गणेश ठाकुर विश्वजीत भारद्वाज राकेश सिंह चौहान, त्रिलोकी गिरी, राहुल कुमार सिंह, बजरंगी कुमार, रंजन भगत, शुभम सोनी, अशोक ठाकुर, किशोर ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

गोस्वामी तुलसीदास की मनी जयंती

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। बाजार समिति स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर रामगढ़ कैंट में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। जयंती का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने तुलसीदास जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी चार सदन के छात्र छात्राओं के बीच मानस पाठ, रामचरितमानस और तुलसीदास जी के जीवनी पर आधारित प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर प्रधानाचार्य ने तुलसीदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन त्याग, समर्पण और प्रभु सेवा में लीन था। उनके द्वारा रचित रामचरितमानस समस्त हिंदू जनमानस के लिए जीवन जीने का बहुत बड़ा आधार है। साथ ही विद्यालय के सभी आचार्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

कुजू में सावन माह की चौथी सोमवारी पर निकली भव्य जलाभिषेक यात्रा

जलाभिषेक यात्रा को लेकर अहले सुबह से ही क्षेत्र के श्रद्धालु टूटी झरना मंदिर पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। सावन माह के चौथे सोमवारी पर कुजू में विश्व हिंदु परिषद, बजरंग दल, हिंदु जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में भव्य जलाभिषेक यात्रा निकाला गया। जलाभिषेक यात्रा को लेकर अहले सुबह से ही क्षेत्र के श्रद्धालु टूटी झरना मंदिर पहुंचे। जहां पुजारी शैलेश पांडेय द्वारा यजमान बने रितेश केशरी और आनंद साहनी सपत्नीक के साथ साथ समस्त शिव भक्तों का पूजा-अर्चना कराया गया। तत्पश्चात जलाशय से कलशों में जल भरा गया। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ जलाभिषेक यात्रा का शुभारंभ हुआ। जलाभिषेक यात्रा टूटी झरना मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर कुजू चौक शिव मंदिर में महिला-पुरूष श्रद्धालुओं ने भगवान शिव जी पर जलाभिषेक कर विधिवत पूजार्चना किया। जलाभिषेक यात्रा में हजारों की संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु शामिल रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बन रही थी। जलाभिषेक कर बाहर निकल रहे श्रद्धालुओं के बीच शरबत व प्रसाद का वितरण किया गया। जलाभिषेक यात्रा को सफल बनाने मेंआकाश सिंह, अर्जुन मेहता, मुखिया जयकुमार ओझा, सोनू केशरी, रौशन, अनीश, अभिषेक, शुभम, अरविंद साहू, दीपक, विक्की, ऋतिक, ऋषभ, सुमित, दीपक, गौरव, आशीष, नीतीश, निरज, अमर, सोनू, निक्की, अमित, सुनील, संदीप, मिंटू, बुच ओझा, विश्वजीत, अभय, नन्हे, अर्जुन, बीरेंद्र, शिवा मेहता के अलावे विश्व हिंदु परिषद, बजरंग दल, हिंदु जागरण मंच के सदस्य व अन्य लोगों का काफी सराहनीय योगदान रहा।

संयुक्त श्रम संगठन ने की पिट मीटिंग

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा कोलियरी के माइन बी बांसगढ़ा खदान के समीप सोमवार को संयुक्त श्रम संगठन द्वारा पीट मीटिंग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता संजय वर्मा ने किया। पीट मीटिंग में संयुक्त श्रम संगठन बरका-सयाल सेल क्षेत्र के मजदूर नेता मुख्य रूप से उपस्थित थे। पीट मीटिंग को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा केंद्र की सरकार कोयला उद्योगों को निजी मालिकों को बेच रही है। साथ ही मजदूरों के खिलाफ श्रम कानून में बदलाव कर चार श्रम कोड में बदल दिया गया है। नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार मजदूरों का बंधुआ मजदूर बनाना चाहती है। साथ ही केंद्र सरकार कोल इंडिया खदानों को एमडीओ तथा रेस्क्यू मोड में निजी मालिकों को सौंपकर खदान चलाना चाहती है। एक स्वर में श्रम संगठन के नेताओं ने कहा कि यह पद्धति चलने नहीं दिया जाएगा। कहा गया कि हमसभी कोयला मजदूरों को एकजुट होकर इसका विरोध करना होगा। कहा गया कि झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार अभी तक चार श्रम कानून को झारखंड में लागू नहीं किया है। जबकि भाजपा शासित राज्य में लागू हो चुका है। पीट मीटिंग में रामनरेश सिंह, नरेश मंडल, अशोक गुप्ता, वासुदेव साव, संजय शर्मा, अर्जुन सिंह, जगन्नाथ पासवान, सुरेश सिंह, असगर अली, अशोक राम, रंजीत कुमार, किरण सिंह, अशोक, हरिशंकर , अर्जुन कुमार आदि मौजूद थें।

चेतना शाखा ने किया सावन धूम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा की ओर से सोमवार को होटल अरिहंत में सावन धूम का आयोजन किया गया। नृत्य, संगीत, खेल और स्वादिष्ट व्यूजन से सजे इस शाम में शाखा की सदस्यों और उनके बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को खेल में खेलते देख बड़ों के अंदर भी मस्ती के रस घुलने लगे। महिलाएं स्टेज पर सावन के गीतों पर जमकर थिरकी। महिलाओं के लिए गेम, तंबोला, सावन क्वीन, बच्चों का गेम, आयोजन किया गया। सोलह श्रृंगार में नारी लगती सबको प्यारी अर्थात सावन क्वीन प्रतियोगिता में राखी अग्रवाल को सावन क्वीन का पुरस्कार मिला। मौके पर अध्यक्षा अन्नु खंडेलवाल तथा सचिव प्राची चौधरी ने कहा भारतीय संस्कृति में पावन श्रावण मास का अपना ही महत्व है। यह समय न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर का का भी प्रतीक है। विविध खेलों का भी आयोजन हुआ, जिसके विजयी प्रतिभागिया को चेतना शाखा द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन मीडिया प्रभारी सुमन चौधरी, नीरू गोयल तथा प्रियका अग्रवाल ने किया। महिलाओं ने फूलों से सजा झूला झूलकर गीत गाये, मस्ती के रंग उड़ाये।

मांडूडीह स्थित प्राचीन शिवमंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी

मांडू (आजाद सिपाही)। पवित्र श्रावण मास की चौथी सोमवारी पर मांडूडीह स्थित प्राचीन शिवमंदिर से भव्य जल कलश यात्रा निकाली गयी। यात्रा की शुरुआत दूधीनदी से जल भर कर की गयी। जहां आचार्य बीरेंद्र पंडाय ने सभी कलशवर्ती को संकल्प कराया। कलश यात्री श्रद्धा और भक्तिभाव व गाजे-बाजे के साथ अपने हाथों में कलश लेकर गांव का भ्रमण किया। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने जमकर हर हर महादेव और बोल बम का नारा सहित भगवत जयकारा लगाया। पारंपरिक भक्ति गीतों से पूरे आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल बन गया। मुख्य मार्ग से भ्रमण कर पुनः प्राचीन शिवमंदिर स्थित शिवालय में जलाभिषेक कर जल कलश यात्रा का समापन हुआ। इसके उपरांत कलश यात्रियों ने शिवमंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर शिवालय के समक्ष माथा टेका और अखंड सौभाग्यवती व मनोवांछित फल प्राप्ति के साथ अपने परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान जल कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए शरबत पानी की व्यवस्था की गयी। कलश यात्रियों ने कहा कि पवित्र श्रावण मास में जल कलश यात्रा का होना अच्छी पहल है। महिलाएं घर की आवश्यक कार्य को लेकर बोल बम नहीं जा पाती है। इसके माध्यम से भ्रमण कर मन में उस दृश्य को स्मरण कर भक्तिभाव से अपने शिवालय में जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना पूर्ण करेंगी।

क्रॉस वेरिफिकेशन पोर्टल पर चिकित्सकों ने खड़े किये सवाल

20 अगस्त तक सरकार निकाले हल बायोमीट्रिक अटेंडेंस से रखा जाये दूर

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। झारखंड में चिकित्सक और सरकार एक बार फिर आमने-सामने हैं। इस बार लड़ाई बायोमैट्रिक अटेंडेंस और क्रॉस वेरिफिकेशन पोर्टल को लेकर लड़ी जा रही है। इस मुद्दे पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की पदाधिकारी डॉक्टर ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह ने बताया कि राज्य सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है और चिकित्सकों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। बायोमेट्रिक सिस्टम का विरोध 1 साल पहले भी हुआ था और आज भी जारी है। चिकित्सा इमरजेंसी सेवा से जुड़े हुए हैन। उनके समय और कार्य की कोई सीमा नहीं है। इसके अलावा जिस सिस्टम से अटेंडेंस बनाने की बात की जा रही है उसके लिए इंटरनेट नेटवर्क, सर्वर और बिजली बेहद आवश्यक है। झारखंड में 40% चिकित्सक सुदूरवर्ती इलाकों में पदस्थापित हैं और वहां नेटवर्क की भारी कमी है। जिसकी वजह से उन चिकित्सकों को इसकी परेशानी झेलनी पड़ेगी।

बायोमैट्रिक अटेंडेंस के आधार पर वेतन का आदेश गलत : डॉ शरद भारद्वाज ने बताया कि राज्य के तीन जिलों में चिकित्सकों को बायोमैट्रिक अटेंडेंस के आधार पर ही वेतन देने की घोषणा कर दी गयी है। यह आदेश वहां के डीसी के निर्देश पर सीधे कोषागार से निकल गया है। चिकित्सकों के साथ पारामेडिकल स्टाफ और कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर काम कर रहे कर्मचारियों के आधे महीने की सैलरी कट जायेगी।

महिला चिकित्सक की हत्या की हुई निंदा, अपराधियों को मिले फांसी की सजा : पश्चिम बंगाल में ड्यूटी के दौरान एक महिला चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और झासा के पदाधिकारियों ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। संयुक्त बैठक में पदाधिकारियों ने कहा है कि पश्चिम बंगाल सरकार सभी आरोपियों को 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार करें और उन्हें फांसी की सजा दिलाये। अगर 48 घंटे के अंदर चारों आरोपी गिरफ्तार नहीं होते हैं तो पूरे देश में आंदोलन होगा।

क्रॉस वेरिफिकेशन पोर्टल से होगा स्पष्टीकरण

झासा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ शरद भारद्वाज ने बताया कि राज्य सरकार के स्तर से बनाया गया क्रॉस वेरिफिकेशन पोर्टल भी चिकित्सकों के लिए बड़ा सिर दर्द होने वाला है। इसके तहत चिकित्सकों को सीधे स्पष्टीकरण होगा। रविवार के दिन छुट्टी होने के बावजूद कई चिकित्सकों को अटेंडेंस नहीं बनाने हेतु मैसेज किये गये। जिसके तहत कार्रवाई की जायेगी। जब तक कार्रवाई पूरी नहीं होती है चिकित्सकों का वेतन भी बंद रहेगा। ऐसी स्थिति में राज्य के चिकित्सकों को काम करने से ज्यादा कागजी और इंटरनेट वर्क में ही समय बिताना पड़ेगा। सरकार को 20 अगस्त तक का अल्टीमेट आइटम दिया गया है। अगर इस व्यवस्था को वापस नहीं किया जायेगा तो चिकित्सक आंदोलन का रास्ता अपनायेंगे।

बितका बाउरी हत्याकांड की जांच को लेकर सौंदा बस्ती पहुंचे आइजी

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सौन्दा बस्ती टिपला निवासी सह कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर बाउरी उर्फ बितका बाउरी चर्चित हत्याकांड की जांच को लेकर रविवार को बोकारो रेंज के आइजी माइकल राज सौंदा बस्ती पहुंचे। इस दौरान आइजी ने सौंदा बस्ती घटना स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही बितका बाउरी के घर पहुंचकर आइजी ने उनकी पत्नी सपना देवी से घटना के बावत पुछताछ की। मालूम हो कि 26 फरवरी 2023 को सौंदा बस्ती टिपला निवासी सह कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के विधायक प्रतिनिधि 40 वर्षीय राजकिशोर बाउरी उर्फ बितका बाउरी का हथियार बंद अपराधियों ने सौंदा बस्ती जैन पेट्रोल पंप के समीप रात्रि करीब साढे. सात बजे छह गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने दुसरे दिन सुबह करीब छह बजे शव के साथ सौंदा बस्ती घटना स्थल के समीप भुरकुंडा-पतरातू मार्ग को जाम कर दिया था। हत्याकांड का भुरकुंडा ओपी में मामला दर्ज होने और अपराधियों के जल्द पकड़ने की आश्वासन के बाद जाम हटाया गया था। बितका बाउरी हत्याकांड को लेकर पतरातू, भुरकुंडा थाना में मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस ने हत्याकांड में तीन अपराधी रामगढ़ निवासी टुंगरी टोला गोविंद कुमार, पतरातू जयनगर निवासी अजीत मुंडा और रांची बुढमू थाना क्षेत्र के छापर निवासी बादल लोहरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अपराधियों के पास से जब्त सामानों में सफेद रंग की अपाची मोटर साइकिल, 7.65 बोर की एक देशी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस एवं तीन मोबाइल बरामद किया गया था। जांच में आईजी के साथ भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, पुर्व प्रभारी अमित कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक सहित पुलिस बल शामिल थें।

बेहतर हुए रिश्ते

विदेश मंत्री एस जयशंकर की पिछले सप्ताह हुई मालदीव यात्रा के दौरान वहां राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का जैसा दोस्ताना रवैया दिखा, उसे भावनात्मक राजनीति के तकाजों पर कूटनीति की ठोस हकीकतों की जीत के रूप में रेखांकित किया जा सकता है। पिछले करीब एक साल की अवधि में दोनों देशों के रिश्तों ने तो हिचकोले खाये ही, एक देश के रूप में भी मालदीव कई कड़वे अनुभवों से गुजरा। इस प्रकरण की शुरुआत पिछले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से मानी जा सकती है, जिसमें एक प्रत्याशी के तौर पर मुइज्जू ने भारत विरोधी भावनाओं पर दांव लगाया था। वह बार-बार सार्वजनिक तौर पर यह संकल्प करते देखे गये कि सत्ता में पहुंचते ही भारतीय सैनिकों को मालदीव से विदा कर देंगे। हालांकि सबको पता था कि भारतीय सैनिकों की वहां मौजूदगी सांकेतिक ही थी। चुनावों के दौरान ही यह साफ हो गया था कि मुइज्जू भारत के साथ रिश्तों में आ रही संभावित दूरी की भरपाई चीन से करीबी रिश्तों के रूप में करना चाहते हैं। हालांकि एक्सपर्ट्स तब भी इस बात की ओर ध्यान खींच रहे थे कि भू-राजनीति की वास्तविकताओं के मद्देनजर यह संभव नहीं है कि मालदीव में जो भूमिका भारत निभा सकता है, वह चीन निभाने लगे। राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद मुइज्जू के बयानों में हलकी सी नरमी जरूर दिखी, लेकिन नीतियों की दिशा बदलने का प्रयास भी जारी रहा। चुनावों के दौरान बने माहौल का असर ही कहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा को लेकर मालदीव के एकाधिक मंत्रियों ने सार्वजनिक मंचों से ऐसी टिप्पणियां कीं, जिनसे दोनों देशों के रिश्तों में धीरे-धीरे बनता तनाव अचानक बेकाबू हो गया। सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालदीव का हैशटैग ट्रेंड करने लगा। मालदीव की नयी सरकार के रुख को देखते हुए भारत ने भी वेट एंड वॉच की पॉलिसी अख्तियार कर ली। नतीजा यह हुआ कि भारत से छुट्टियां बिताने मालदीव जाने वाले टूरिस्टों की संख्या कम होने लगी। इस साल के शुरुआती चार महीनों की अवधि में वहां भारतीय टूरिस्टों की संख्या में 42% की कटौती दर्ज की गयी। ध्यान रहे, मालदीव की जीडीपी में टूरिज्म का योगदान 30% है। इतना ही नहीं, भारत के सहयोग से चलने वाले इन्फ्रा प्रॉजेक्ट्स और हेल्थ, एजुकेशन और कृषि क्षेत्रों से जुड़े कई प्रॉजेक्ट्स का भविष्य भी अधर में लटका दिखायी देने लगा। मुइज्जू सरकार इनकी अनदेखी नहीं कर सकती थी। किसी अन्य देश का सहयोग भी इसकी भरपाई नहीं कर सकता था। ऐसे में मुइज्जू सरकार ने पिछले कुछ समय से अपने रुख में बदलाव का संकेत देना शुरू कर दिया था। भारत ने भी इन संकेतों का सम्मान किया। नतीजा यह कि दो पड़ोसी देशों के पुराने रिश्ते फिर पटरी पर लौटते दिख रहे हैं।

भारत के सहयोग से चलनेवाले इन्फ्रा प्रॉजेक्ट्स और हेल्थ, एजुकेशन और कृषि क्षेत्रों से जुड़े कई प्रॉजेक्ट्स का भविष्य भी अधर में लटका दिखायी देने लगा। मुइज्जू सरकार इनकी अनदेखी नहीं कर सकती थी।

अभिमत
आजाद सिपाही

पिछले 2 वित्तीय वर्षों में आवास क्षेत्र का बकाया ऋण लगभग 10 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। मार्च 2024 के लिए बैंक ऋण की क्षेत्रीय तैनाती पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 में आवास (प्राथमिकता क्षेत्र आवास सहित) पर बकाया ऋण 27,22,720 करोड़ रुपये था। मार्च 2023 में 19,88,532 करोड़ रुपये और मार्च 2022 में 17,26,697 करोड़ रुपये। समग्र आवास वित्त के साथ जारी रहने की प्रवृत्ति की तीव्र मांग के समर्थन से निकट-से-मध्यम अवधि में सालाना 12-14 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

भारतीयों में घर के स्वामित्व के प्रति बढ़ती भूख

एससी ढल

आवास क्षेत्र के ऋणों में वृद्धि न केवल एक मजबूत विकास प्रक्षेपवक्र को दर्शाती है, बल्कि भारतीय उपभोक्ताओं के बीच गृह स्वामित्व के लिए बढ़ती भूख को भी दर्शाती है। पिछले 2 वित्तीय वर्षों में आवास क्षेत्र का बकाया ऋण लगभग 10 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। मार्च 2024 के लिए बैंक ऋण की क्षेत्रीय तैनाती पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 में आवास (प्राथमिकता क्षेत्र आवास सहित) पर बकाया ऋण 27,22,720 करोड़ रुपये था। मार्च 2023 में 19,88,532 करोड़ रुपये और मार्च 2022 में 17,26,697 करोड़ रुपये। समग्र आवास वित्त के साथ जारी रहने की प्रवृत्ति की तीव्र मांग के समर्थन से निकट-से-मध्यम अवधि में सालाना 12-14 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। तेजी से शहरीकरण और आय का बढ़ता स्तर विलासिता में तेजी ला रहा है। तेजी से हो रहे शहरीकरण और आय के बढ़ते स्तर से प्रेरित होकर, महानगरीय परिदृश्य महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजर रहा है। इससे उच्च गुणवत्ता वाले आवास और बेहतर जीवनशैली की मांग में वृद्धि हुई है। नाइट फ्रैंक की एक नयी रिपोर्ट जिसका शीर्षक इंडिया रियल एस्टेट-आवासीय और कार्यालय (जनवरी- जून 2024) है, से पता चला है कि 2024 की पहली छमाही (।।1 2024) में भारत के शीर्ष 8 शहरों में आवासीय इकाई की बिक्री में महत्वपूर्ण उछाल आया है। पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद में बिक्री में 11 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हुई, इस दौरान कुल 173,241 इकाइयां बेची गयीं। यह अवधि, गृहस्वामित्व के लिए एक मजबूत भूख को दर्शाती है।

भारत में कृषि क्षेत्र के बाद रियल एस्टेट क्षेत्र दूसरा सबसे अधिक रोजगार पैदा करने वाला क्षेत्र है। यह भी उम्मीद थी कि इस क्षेत्र में अल्पावधि और दीर्घकालिक दोनों में अधिक अनिवासी भारतीय (एनआरआइ) निवेश आयेगा। एनआरआइ के लिए बेंगलुरु सबसे पसंदीदा संपत्ति निवेश गंतव्य होने की उम्मीद थी, इसके बाद अहमदाबाद, पुणे, चेन्नई, गोवा, दिल्ली और देहरादून थे।

भारत में भविष्य का होम लोन तेजी से डिजिटल हो रहा है।

प्रवृत्ति के अनुसार-प्रीमियम संपत्तियों की ओर खरीदार की प्राथमिकताओं में बदलाव आया। 1 करोड़ रुपये (10 मिलियन) और उससे अधिक कीमत वाले घरों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गयी, जो 2024 की पहली छमाही में कुल बिक्री का 41 प्रतिशत थी। एक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में आवासीय रियल एस्टेट बाजार 280,000-290,000 इकाइयों की अनुमानित सीमा के साथ नये लांच की मजबूत आमद की उम्मीद कर रहा है। इसने 2024 के लिए एक अच्छा रास्ता तय किया है, जो दर्शाता है कि यह क्षेत्र न केवल बढ़ रहा है, बल्कि आने वाले वर्षों में और अधिक विकास का वादा भी कर रहा है। भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र ने हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी है, जबकि पिछले दशक में 2023 सबसे अधिक नयी परियोजना घोषणाओं वाला वर्ष था। 2024 की पहली तिमाही यह इंगित करती है कि डिवैल्पर्स रणनीतिक रूप से घर खरीदारों की बदलती प्राथमिकताओं को पूरा कर रहे हैं, जो एक उन्नत जीवन शैली अनुभव की तलाश कर रहे हैं। पूर्व आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अनुसार, भारत में 2025 तक रियल एस्टेट बाजार का भारत की जीडीपी में लगभग 15 प्रतिशत योगदान होने और 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर के बाजार तक पहुंचने की उम्मीद है। सरकार के दबाव के कारण किफायती आवास खंड में तेजी देखी गयी है।

पिछले 2 वर्षों में कोविड के बाद घर खरीदने की कुछ दबी हुई मांग भी थी, जो यहां परिलक्षित हो रही है। भारतीय रियल एस्टेट बाजार स्थानीय मांग को पूरा करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसे वैश्विक निवेश अवसर के रूप में भी देखा जाता है। एनआरआइ, विशेष रूप से, न केवल निवेशकों के रूप में, बल्कि अपनी मातृभूमि से जुड़े रहने के एक तरीके के रूप में बाजार में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2019-2020 तक, बाजार में कुल निवेश में एनआरआइ की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा अब लगभग 15 प्रतिशत हो गया है और वर्ष 2025 के अंत तक 20 प्रतिशत होने का अनुमान है। यह बाजार की वैश्विक अपील और एनआरआइ समुदाय से प्राप्त विश्वास का एक स्पष्ट संकेत है। समृद्ध रहने की जगहों, अत्याधुनिक सुविधाओं और प्रमुख स्थानों के आकर्षण के कारण उच्चस्तरीय आवासीय संपत्तियों की मांग बढ़ रही है।

कीमतें स्थिर या कम हो सकती हैं, लेकिन मजबूत स्थिति को देखते हुए बड़ी गिरावट की संभावना नहीं है। हालांकि, निवेशकों को अभी भी परिश्रम करना चाहिए और सट्टा निवेश के बारे में सतर्क रहना चाहिए। रियल एस्टेट क्षेत्र को नए रियल्टी कानून रेरा, जीएसटी और नोटबंदी के कारण पैदा हुए व्यवधानों के अलावा क्षेत्र में विश्वास की कमी का सामना करना पड़ा क्योंकि कई डिवैल्पर्स ने ग्राहकों से पैसे लेने के बाद परियोजनाएं वितरित नहीं कीं।

भारत में कृषि क्षेत्र के बाद रियल एस्टेट क्षेत्र दूसरा सबसे अधिक रोजगार पैदा करने वाला क्षेत्र है। यह भी उम्मीद थी कि इस क्षेत्र में अल्पावधि और दीर्घकालिक दोनों में अधिक अनिवासी भारतीय (एनआरआइ) निवेश आयेगा। एनआरआइ के लिए बेंगलुरु सबसे पसंदीदा संपत्ति निवेश गंतव्य होने की उम्मीद थी, इसके बाद अहमदाबाद, पुणे, चेन्नई, गोवा, दिल्ली और देहरादून थे। शहरी क्षेत्रों में आवास की मौजूदा कमी 10 मिलियन यूनिट होने का अनुमान है। देश की शहरी आबादी में वृद्धि को पूरा करने के लिए 2030 तक किफायती आवास की अतिरिक्त 25 मिलियन इकाइयों की आवश्यकता है।

भारत में भविष्य का होम लोन तेजी से डिजिटल हो रहा है। उधारकर्ता अब होम लोन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवश्यक दस्तावेज डिजिटल रूप से अपलोड करें और वास्तविक समय में उनके आवेदन की प्रगति का पता लगायें। यह भी देखा गया है कि आवास ऋण पर दिये जाने वाले किसी भी अन्य प्रकार के ऋण की तुलना में ब्याज दर काफी कम होती है। वित्तीय परेशानी से बाहर निकलने के लिए, उधारकर्ता व्यक्तिगत ऋण की तुलना में सस्ते ब्याज पर वर्तमान गृह ऋण को टॉप अप करने में सक्षम हो सकता है।

देश-विदेश की खबरें

जुलाई में खुदरा महंगाई कम होकर 3.54% पहुंची

वित्त वर्ष 2024-25 में रिटेल महंगाई



पांच साल बाद चार प्रतिशत से नीचे पहुंचा आंकड़ा

आजाज सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। जुलाई में भारत की खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर घटकर 3.54 प्रतिशत हो गई। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों से ये जानकारी सामने आयी। खुदरा मुद्रास्फीति की दर लगभग पांच वर्षों में पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक के मध्यम अवधि के लक्ष्य 4 प्रतिशत से नीचे आ गई है। अगस्त 2019 में खुदरा महंगाई दर 3.28% रही थी।

खाद्य कीमतों में वृद्धि के कारण जून में पांच महीने में पहली बार दर में तेजी देखी गई थी और यह सालाना आधार पर बढ़कर 5.08 प्रतिशत हो गई थी। जुलाई 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति की दर 7.44 प्रतिशत थी। 36 अर्थशास्त्रियों के एक सर्वेक्षण में यह आंकड़ा तेजी से घटकर 3.65 प्रतिशत रह जाने का अनुमान लगाया गया था।

जून में औद्योगिक उत्पादन 4.2% बढ़ा

आंकड़ों के अनुसार जून महीने में औद्योगिक उत्पादन 4.2 प्रतिशत बढ़ा। एक साल पहले इसी अवधि में इसमें 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी थी। अप्रैल-जून तिमाही में औद्योगिक उत्पादन 5.2 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले इसमें 4.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

सेबी चीफ ने सफाई में आरोप स्वीकारे : हिंडनबर्ग

- साफ है कि उनका विदेशी फंड में निवेश
- अडाणी के भाई ने इससे शेयरों की कीमत बढ़ायी

आजाद सिपाही संवाददाता

मुंबई। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग ने कहा कि हमारी रिपोर्ट पर सेबी चेयरपर्सन माधबी बुच ने प्रतिक्रिया देते हुए कई चीजें स्वीकार की हैं, जिससे कई नये सवाल खड़े हो गए हैं। हिंडनबर्ग ने कहा- बुच के जवाब से ये पुष्टि होती है कि उनका निवेश बरमुडा/मॉरिशस के फंड में था। ये वही फंड है जिसका इस्तेमाल गौतम अडाणी के भाई विनोद अडाणी करते थे। आरोप है कि विनोद अडाणी इन फंड्स के जरिए अपने ग्रुप के शेयरों की कीमत बढ़ाते थे।

हिंडनबर्ग रिसर्च ने ये भी कहा कि मार्केट रेगुलेटर एएइक को अडाणी मामले से संबंधित इन्हीं ऑफशोर फंडों की जांच करने का काम सौंपा गया था, जिसमें माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की अडाणी ग्रुप से जुड़ी ऑफशोर कंपनी में हिस्सेदारी है।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर भाजपा के रविशंकर प्रसाद का पलटवार

यह आर्थिक अराजकता लाने की साजिश

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। हाल ही में जारी की गयी हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर भाजपा ने सवाल उठाये हैं। सोमवार को भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह भारत के लोगों की ओर से ठुकराये जाने के बाद कांग्रेस, उसके सहयोगी और टूलकिट गैंग की देश में आर्थिक अराजकता और अस्थिरता लाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट शनिवार को जारी हुई, तो रविवार को हंगामा हुआ। इसके बाद सोमवार को पूंजी बाजार अस्थिर हो गया। भारत शेयरों के मामले में सुरक्षित, स्थिर और आशावादी बाजार है। इस बाजार की निगरानी करना सेबी की कानूनी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा

कि जुलाई में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई जांच के बाद जब सेबी ने हिंडनबर्ग को नोटिस जारी किया, तो उसने अपना जवाब नहीं दिया, बल्कि बेबुनियाद हमला किया। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर हिंडनबर्ग में किसका निवेश है? एक सज्जन जॉर्ज सोरोस जो नियमित रूप से भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाते हैं। वे उसके मुख्य निवेशक हैं। नरेंद्र मोदी के खिलाफ नफरत फैलाते हुए कांग्रेस भारत के खिलाफ नफरत पैदा कर ली है। अगर भारत का शेयर बाजार परेशान हो जाता है तो छोटे निवेशक परेशान होंगे। मगर कांग्रेस को इससे कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीति में एक है टूलकिट पॉलिटिक्स और दूसरी है चिट पॉलिटिक्स। परीक्षा में चिट मिलने पर कार्रवाई की जाती है। कांग्रेस चिट पॉलिटिक्स कर रही है। अब कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं को मिलने वाली चिटों का क्या किया जाना चाहिए? उन्होंने कहा कि छोटे निवेशकों के पूंजी निवेश को रोकना चाहते हैं और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि भारत में कोई आर्थिक निवेश न हो।

शेयर बाजार ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट को दिखाया ठेंगा

मुंबई (आजाद सिपाही)। बाजार ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट से शुरुआती दौर में झटका खाने के बाद उसे ठेंगा दिखा दिया है। शुरुआती दौर में लग रहा था कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट के कारण बाजार में एक बार फिर बड़ा नुकसान हो सकता है, अडानी ग्रुप सहित कुछ बड़ी कंपनियों को भी रिपोर्ट के कारण बड़ा नुकसान हो सकता है। लेकिन शुरुआती दौर में कुछ नुकसान होने के बाद बाजार तेजी से संभला और अब यह बेहतर करने की दिशा में आगे बढ़ता दिखायी दिया।

टॉप यूनिवर्सिटीज की लिस्ट जारी

आइआइटी मद्रास टॉप पर

धर्मेंद्र प्रधान ने बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंकिंग के 9वें संस्करण की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंकिंग के 9वें संस्करण की घोषणा कर दी है। हर साल जारी की जाने वाली एनआइआरएफ रैंकिंग विभिन्न मानदंडों के आधार पर भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों का मूल्यांकन और रैंकिंग करती है। एनआइआरएफ रैंकिंग 2024 में आइआइटी मद्रास ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। भारतीय विज्ञान संस्थान (आइआइएससी) बेंगलुरु ने एनआइआरएफ रैंकिंग 2024 की शोध श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। नयी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम में 13 श्रेणियों की रैंकिंग जारी की गयी।

इंजीनियरिंग श्रेणी के तहत शीर्ष संस्थान

आइआइटी मद्रास, आइआइटी दिल्ली, आइआइटी बॉम्बे, इट कानपुर, आइआइटी खड़गपुर, आइआइटी रुड़की, आइआइटी गुवाहाटी, आइआइटी हैदराबाद, एनआइटी तिरुचिरापल्ली, आइआइटी-बीएचयू वाराणसी।

आइआइएससी बेंगलुरु सर्वश्रेष्ठ तीय विश्वविद्यालय : इस साल मेडिकल कैटेगरी में एम्स दिल्ली ने टॉप किया है। वहीं, हिंदू कॉलेज ने इस साल कॉलेज श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल किया है। आइआइएम अहमदाबाद ने मैनेजमेंट कैटेगरी में टॉप किया है। आइआइएससी बेंगलुरु को सर्वश्रेष्ठ भारतीय विश्वविद्यालय, आइआइटी मद्रास को सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थान चुना गया।

शीर्ष प्रबंधन संस्थान : आइआइएम अहमदाबाद, आइआइएम बैंगलोर, आइआइएम कोझिकोड, आइआइटी दिल्ली, आइआइएम कलकत्ता, आइआइएम मुंबई, आइआइएम लखनऊ, आइआइएम इंदौर, एक्सएलआरआइ, जमशेदपुर, आइआइटी बॉम्बे।

विश्वविद्यालय श्रेणी में शीर्ष संस्थान : आइआइएससी, बेंगलुरु, जेएनयू, नयी दिल्ली, जेएमआइ, नयी दिल्ली, मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, मणिपाल, बीएचयू, वाराणसी, दिल्ली विश्वविद्यालय, अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयंबटूर, एएमयू, अलीगढ़, जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता, वीआइटी, वेल्लोर।

समग्र श्रेणी में शीर्ष 10 संस्थान : आइआइटी मद्रास, आइआइएससी बेंगलुरु, आइआइटी बॉम्बे, आइआइटी दिल्ली, इट कानपुर, आइआइटी खड़गपुर, एम्स, नयी दिल्ली, आइआइटी रुड़की, आइआइटी गुवाहाटी, जेएनयू, नयी दिल्ली।

भारत के शीर्ष कॉलेज : हिंदू कॉलेज, दिल्ली, मिरांडा हाउस, दिल्ली, सेंट स्टीफंस कॉलेज, दिल्ली, राम कृष्ण मिशन विवेकानंद शताब्दी कॉलेज, कोलकाता, आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज, दिल्ली, सेंट जेवियर्स कॉलेज, कोलकाता, पीएसजीआर कृष्णम्मल महिला कॉलेज, कोयंबटूर, लोयोला कॉलेज, चेन्नई, किरोड़ीमल कॉलेज, दिल्ली, लेडी श्री राम कॉलेज फॉर विमेन, दिल्ली।

इस साल के शीर्ष लॉ संस्थान : नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली, नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद, पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय विधि विज्ञान विश्वविद्यालय, कोलकाता, सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, पुणे।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान व न्यूजीलैंड के मंत्री टॉड मैक्ले के बीच उच्चस्तरीय द्विपक्षीय बैठक

भारत और न्यूजीलैंड बागवानी और कृषि साझेदारी को और मजबूत करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और न्यूजीलैंड के कृषि, वानिकी, व्यापार और विदेश मामलों के एसोसिएट मंत्री टॉड मैक्ले के बीच आज कृषि भवन, नयी दिल्ली में उच्चस्तरीय द्विपक्षीय बैठक हुई। इस बैठक में दोनों देशों के आपसी हितों के प्रमुख क्षेत्रों व सहयोग के अवसरों पर चर्चा की गयी। यह चर्चा दोनों देशों की कृषि प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी साझा करने और बागवानी पर प्रस्तावित मेमोरेंडम ऑफ कॉपरेशन (एमओसी) सहित साझेदारी के लिए नये रास्ते तलाशने पर केंद्रित थी। मंत्रियों ने कृषि साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अपनी

प्रतिबद्धता व्यक्त की जिसमें हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

बैठक में केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने भारत के साथ संबंध सुदृढ़ करने में न्यूजीलैंड के सक्रिय प्रयासों की सराहना की व इस संबंध के लिए न्यूजीलैंड सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता के महत्व को स्वीकार किया। उन्होंने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंधों पर प्रकाश डाला। साथ ही न्यूजीलैंड में भारतीय प्रवासियों के महत्वपूर्ण योगदान और दोनों देशों के बीच बढ़ते शैक्षिक आदान-प्रदान का उल्लेख किया। बैठक के मुख्य निष्कर्षों में व्यापार और बाजार पहुंच में सकारात्मक विकास शामिल है। भारतीय अनार के आयात और आम के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के लिए न्यूजीलैंड के समर्थन को गर्मजोशी से स्वीकार किया गया। मंत्री श्री चौहान ने लखनऊ और दिल्ली में नए ऑडिट की गयी वीएचटी सुविधाओं को शीघ्र अनुमोदन मिलने की भी उम्मीद जतायी, जिससे न्यूजीलैंड को भारतीय आमों का निर्यात और बढ़ेगा। इसके अलावा, न्यूजीलैंड के मंत्री श्री मैक्ले ने न्यूजीलैंड से भारत को पाइन लॉग निर्यात की हाल ही में पुनः शुरूआत के लिए धन्यवाद दिया, जिससे उन्हें पिछली चुनौतियों से उबरने में मदद मिली।

बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग पर अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सोमवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित गुरुपद संभव राम जी ऑडिटोरियम में एंटी रैगिंग पर अभिविन्यास कार्यक्रम और नशा मुक्त भारत अभियान का शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर(डॉ) एमके सिंह, कुलसचिव डॉ ललन कुमार, परीक्षा नियंत्रक एनके मिश्रा तथा विभिन्न महाविद्यालययो के प्राचार्य जिसमें डॉ० उमाशंकर मिश्रा, डॉ पीडी तिवारी, डॉ सुनीता गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रोफेसर डॉ एमके सिंह ने कहा कि रैंगिंग एक अभिशाप है और महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को इसके प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार, समाज और पूरे राष्ट्र को बर्बाद कर देता है। इस कार्यक्रम में विभिन्न महविद्यालयों के प्राचार्यों में डॉ सुनीता गुप्ता, डॉ पीडी तिवारी, डॉ उमाशंकर मिश्रा, डॉपंकज कुमार, डॉ मनीष दुबे, दिव्या तिरु आदि तथा वानंचल एडुकेशनल एंड वेलफर ट्रस्ट के पदाधिकारियों मे सुभाष कुमार, राकेश, केसरी एसके ओझा, हिमांशु, संतोष ठाकुर कुमार आदि तथा सभी महाविद्यालयों के प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने हर घर तिरंगा वितरण की शुरुआत की

भंडरिया (आजाद सिपाही)। मेदिनी नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सोमवार को भंडरिया प्रखंड मुख्यालय के भाजपा कार्यालय से कार्यकर्ताओं के साथ दुकानदारू समेत हर घर तिरंगा वितरण का कार्यक्रम गाजे बाजे के साथ किया। मेदिनीनगर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने इस कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के आह्वान पर हम भाजपा के सिपाही एक-एक घर तिरंगा वितरण का कार्य कर रहे हैं, ताकि हमारे देश की शान तिरंगा हर घर में लहरा सके किसी को लेकर डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के सरईडीह पिपरा खजूरी भंडरिया गांव के घरों में तिरंगा झंडा का वितरण का कार्य कर रहे हैं ताकि लोग घर घर तिरंगा लगा सकें। साथ ही भुइहर समाज के लोगों से मिलते हुए अंग वस्त्र देकर सम्मानित करने का कार्य किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंह युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल केसरी राजेश कुमार वर्मा, निरंजन जायसवाल, प्रधान राजेंद्र माझी आदि समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

विद्या मंदिर के बच्चों ने राजा पहाड़ी पर किया सेवा कार्य

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर के कक्षा नवम और दशम के भैया द्वारा राजा पहाड़ी पर सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बताया कि इस तरह के कार्य द्वारा बच्चों में सेवा का भाव पैदा होता है। बच्चों द्वारा मंदिर परिसर में गिरे पड़े प्लास्टिक की थैली घास आदि की सफाई की। इस कार्य में विद्यालय के आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नीरज सिंह और अविनाश कुमार की सहभागिता रही।

आक्रोशित जल सहिया पेयजल और स्वच्छता विभाग कार्यालय पहुंची, स्पष्टीकारण का जवाब दिया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। पेयजल और स्वच्छता विभाग के द्वारा जिले भर के जल सहिया से पूछे गये विभागीय स्पष्टीकरण पर आक्रोशित सैकड़ो की संख्या में जल सहिया पेयजल और स्वच्छता विभाग कार्यालय पर पहुंचे तथा स्पष्टीकारण का जवाब सामूहिक तौर पर लिखित रूप से दिया। जल सहिया संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल पेयजल और स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह से मुलाकात कर विषय बिंदु पर वार्ता किया। जल सहिया की बातों को सुनकर सकारात्मक आश्वासन कार्यपालक अभियंता ने दिया और कहा कि सभी जल सहिया जागरूक होकर अपना अपना कर्तव्य अनुसार कार्य करें विभाग का पूरा सहयोग मिलेगा। मौके पर जल सहिया संघर्ष समिति के संरक्षक सूरज गुप्ता ने कहा कि जल सहिया केंद्र और राज्य के योजनाओं को जमीन पर उतरने में जी जान लगाती है उसके बदले उन्हें वेतनमान मिलना चाहिए था, परंतु इनके साथ अन्याय हो रहा है। मौके पर जिला अध्यक्ष मालती देवी, महासचिव रेखा देवी, उपाध्यक्ष संयुक्त देवी, सुनीता देवी, आशा देवी, अनीता देवी, कनकलता, मधु, अर्पणा, अमृता, सविता, संजू, रीना देवी सहित बड़ी संख्या में जल सहिया उपस्थित थी।

सावन की चौथी सोमवारी पर शिवालयों में लगी रही भक्तों की भीड़

मेराल (आजाद सिपाही)। पवित्र सावन महीने के चौथी सोमवार पर प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में महादेव के भक्तों की भीड़ दिन भर देखी गयी। वहीं मेराल के प्रसिद्ध व्यवसायी वीरेंद्र प्रसाद के यहां रुद्राक्ष अभिषेक किया गया, जिसमें उनकी पत्नी पुत्र राजू प्रसाद सहित परिवार के कई सदस्य शामिल थे। इसी तरह सभी मंदिरों में 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के गगनभेदी जयकारों से वातावरण गूंजता रहा, जो हर भक्त के दिल में शिवभक्ति की भावना को और बढ़ा रहा था।

रमना में तिरंगा फहराने को लेकर समय का निर्धारण

रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय महापर्व को लेकर बीडीओ वासुदेव राय के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड के सरकारी कार्यालय व संस्थानों में झंडोत्तोलन को लेकर समय निर्धारित किया गया। जिसमें प्रखंड कार्यालय पर 8:15 बजे, थाना परिसर रमना में 8:45 बजे, बीआरसी कार्यालय में 9 बजे, मध्य विद्यालय सिलीदाग एक 9:20 बजे, बालिका उच्च विद्यालय रमना 9:30 बजे,कस्तुरबा आवासीय विद्यालय रमना 9:50 बजे, राजकीय कृत पल्स टु उच्च विद्यालय रमना 10 बजे,वन परिसर रमना 10:20 बजे,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 10:30 बजे। इस अवसर पर प्रमुख करुणा सोनी,थाना प्रभारी असफाक आलम, उप प्रमुख खदीजा बीबी, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक विक्रांत कुमार, रूपेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि रूपनारायण यादव, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

साढ़े चार वर्षों में विकास का कीर्तिमान स्थापित किया है गढ़वा ने : मंत्री मिथिलेश

मंत्री ने विभिन्न गांवों में जनसंवाद कर सुनी ग्रामीणों की समस्या, किया निदान

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को गढ़वा प्रखंड को विभिन्न गांवों में जनसंवाद आयोजित कर ग्रामीणों की समस्या सुनी। मंत्री ने मौके पर ही कई समस्याओं का निदान किया। जबकि शेष समस्याओं का निदान यथा शीघ्र करने की बात कही। इस दौरान मंत्री गढ़वा प्रखंड अंतर्गत पिपरा पंचायत के बरवा टोला में शब्बीर आलम खां और हाजी रऊफ के घर के समीप, ग्राम पिपरा में मदरसा के समीप, बना मोड़ के समीप, लापो में बुधन खां के घर के समीप, ग्राम बायें में शिव मंदिर के समीप, गांगी खुर्द बर पेड़ के समीप, गांगी कला में देवी धाम के समीप, गरनाहा में कविता देवी के घर के समीप आयोजित जन संवाद में ग्रामीणों से मिले।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड राज्य बनने के बाद से पहली बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे राज्य में चौतरफा विकास हो रहा है। आजादी के बाद से अब तक गढ़वा के इतिहास में जो विकास कार्य नहीं हो सका था, वह अब हो रहा है। काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद पिछले साढ़े चार वर्षों में गढ़वा ने विकास का कीर्तिमान स्थापित किया है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा की जनता ने पूर्व में किसी को 17 साल, किसी को 10 साल मौका दिया। लेकिन सभी ने अपने-अपने तरीके से सिर्फ धोखा ही दिया। लोग सिर्फ चुनाव के समय आते थे और जैसे-तैसे चुनाव जीत कर गायब हो जाते थे। इन्हीं लोगों की देन है कि गढ़वा की स्थिति काफी बदतर बनी हुई थी। मंत्री ने कहा कि आप सभी ने वर्ष 2019 में मुझे आशीर्वाद देकर अपना सेवक चुना। उसके बाद से लगातार दिन-रात एक करके मैं गढ़वा के विकास में लगा हुआ हूं। तब आज गढ़वा के कोने-कोने में विकास की किरण दिखायी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि कौन जनता का हितैसी है और कौन जनता के साथ धोखेबाजी करता है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, हुसैन अली, संजय कांस्यकार, सलीम जाफर, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, अंसार खां, राजेंद्र पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

गढ़वा में नव निर्मित भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा के पिंडरा गांव में सोमवार को नवनिर्मित भाजपा कार्यालय का उद्घाटन धार्मिक अनुष्ठान के बीच पूरे विधि विधान से हुआ। कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी और गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो ने संयुक्त से नारियल फोड़ कर किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि वातवरण को स्वच्छ व सुंदर रखने के लिये पौधरोपण बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से भी अपने घर के आस पास व सार्वजनिक स्थलों पर एक-एक पौधा लगाने की अपील की। मौके पर राम लाल दुबे, शशि रंजन दुबे, पप्पू पांडेय, संतोष चौबे, महिला मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रूप सिंह, सुनील चौधरी, असलम, अनिल यादव सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

हर घर तिरंगा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज परिसर में सोमवार को महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर निकलेश चौबे की उपस्थिति में कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर कमलेश सिन्हा के नेतृत्व में हर घर तिरंगा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। मौके पर महाविद्यालय के एनएसएस और छात्र-छात्राओं द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर लोगों से स्वतंत्रता दिवस के दिन अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की गयी। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने हाथों में तिरंगा लेकर रैली निकाली। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. सिन्हा ने बताया कि एनएसएस के निर्देशानुसार 9 से 15 अगस्त तक यह कार्यक्रम आयोजित है जिसके तहत सोमवार से यह कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर प्रो. दिवाकर चतुर्वेदी ऊर्फ शर्मा सर, प्रो. परवेज आलम, प्रो. उमेश सहाय, प्रो. किरण कुमारी, प्रो. रबिता शुक्ला, प्रो. शबनम, प्रो. प्रमिला समेत छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

विष्णु सिंह अपने घर से लापता, मामला दर्ज

लापता युवक विष्णु सिंह

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ढेकुलिया टोला निवासी संजय सिंह के 16 वर्षीय पुत्र विष्णु सिंह अपने घर से पिछले आठ दिनों से लापता है। जानकारी के अनुसार बीते 4 अगस्त के अहले सुबह पांच बजे जब उसकी दादी उसे उठाने के लिए घर के अंदर गयी तो वह अपने बेड पर नही था, जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों द्वारा आस पड़ोस के साथ रिश्तेदारी में भी विष्णु के बारे में काफी खोजबीन किये, परंतु उसका कहीं पता नही चल पाया। थक हार कर उसके पिता ने स्थानीय थाने में अपने पुत्र की गुमशुदगी की सनहा दर्ज करायी है।

करंट लगने से मुबारक की मौत

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के अरसली उत्तरी निवासी मुबारक अंसारी 50 वर्ष की करंट लगने से मौत हो गयी। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मुबारक अंसारी घर में पंखा चालू कर रहे थे, तभी पंखा में करंट आने से मुबारक अंसारी घायल हो गया। परिजनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर इलाज के लिए लाया गया। जहां पर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अवनीत विश्वास ने मृत घोषित कर दिया।

प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी की पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका का मामला

जिला शिक्षा पदाधिकारी, बीइइओ और बीडीओ ने विद्यालय पहुंच की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी। प्रखंड के राजकीय कृत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका बिद्यानी बखला को एसीबी टीम के द्वारा जेल भेजे जाने के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस मामला को उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग किया गया था। जिसे लेकर सोमवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, बीईईओ रंभा चौबे, बीडीओ राकेश सहाय विद्यालय पहुंच कर इस मामला को गंभीरता पूर्वक जांच किया। जिसमें विद्यालय में उपस्थित शिक्षक अभिभावक स्थानीय जन प्रतिनिधि से पूछताछ किया गया। वहीं विद्यालयकर्मी और बच्चों के अभिभावक और स्थानीय जनप्रतिनिधि ने एक स्वर में कहा कि विद्यालय में शिक्षकों के बीच गुटबाजी के कारण विद्यालय में पठन-पाठन करने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन बाधित हो रहा है। लोगों ने मांग किया कि विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार मोहम्मद शमी, धर्मेंद्र रजक, दिनेश यादव के ऊपर कानूनी कार्यवाई करते हुए इस विद्यालय से स्थानांतरण कराये जाने की मांग किया, जिस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने लोगों को आश्वासन दिया कि इन लोगों के ऊपर कानूनी कार्यवाई किया जा रहा है। मौके पर प्रखंड प्रमुख सतेंद्र पांडे, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, युवा नेता शशांक शेखर, कांडी मुखिया विजय राम, जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, कांडी बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार, विनोद चंद्रवंशी के आलावे अन्य कई लोग मौजूद थे।

गिरिनाथ सिंह के सामने मेराल दक्षिणी मंडल के तीनों विंग के पदाधिकारियों की हुई घोषणा

पिंकी कुमारी बनी महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष तथा पूर्व मुखिया दुखन चौधरी बने दक्षिणी मंडल अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के बसस्टैंड स्थित प्रखंड कार्यालय में सोमवार को दक्षिणी मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें मंडल अध्यक्ष सहित मंडल के सभी 9 पंचायत अध्यक्षों की घोषणा की गयी। श्री सिंह ने कहा कि विगत 15 वर्षों में पूरे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लूट-खसोट तथा भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। पूर्व तथा वर्तमान विधायक सह मंत्री द्वारा भोली भाली जनता को बरगला कर अपनी झोली भरी गयी। जल, जंगल तथा जमीन तथा बालू जैसे प्राकृतिक संसाधनों का जमकर दुरुपयोग किया गया है। कार्यक्रम के अंत में पदाधिकारियों की घोषणा की गयी, जिसमें हासनदाग के पूर्व मुखिया दुखन चौधरी को दक्षिणी मंडल अध्यक्ष तथा कुर्बान अंसारी को सचिव और पिंकी कुमारी महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनायी गयी। इसके अलावा मंडल के 9 पंचायत अध्यक्षों की भी घोषणा की गयी। इस अवसर पर सुरेश गुप्ता, अवध किशोर सिंह, सुरेश केसरी, लाल बिहारी चौधरी, बाबुल सिंह, मकसूद अंसारी, अमित सिंह, महेंद्र रवि, ललनी यादव, हरिवंश राम, फूलमानी देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

जिले में घर-घर जाकर होगी कुष्ठ मरीजों की खोज, बनाये गये 1408 खोजी दल

उपायुक्त ने की कुष्ठ रोगी खोज अभियान अंतर्गत जिला समन्वय समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कुष्ठ रोगी खोज अभियान 2024 अंतर्गत जिला समन्वय समिति की बैठक उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में संपन्न की गयी। जिले में 28 अगस्त से 13 सितंबर तक कुष्ठ रोगी खोज अभियान का संचालन किया जायेगा, जिसमें जिले के सभी प्रखंडों के संपूर्ण आबादी का शत प्रतिशत कुष्ठ रोग से संबंधित शारीरिक जांच किया जायेगा। इसके लिए पूरे जिले में 1408 खोजी दल बनाये गये हैं।

जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉक्टर कौशल सहगल ने बताया कि कुष्ठ रोग बहुत ही धीरे फैलने वाली संक्रामक बीमारी है, जिसका समय से इलाज न करने पर शरीर में विकलांगता की समस्या आ जाती है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के लगभग 1684520 लोगों की कुष्ठ रोग से संबंधित स्क्रीनिंग के लिए 1408 खोजी दल का गठन किया गया है, जो अपने-अपने आवंटित क्षेत्र के सभी घरों में जाकर रोगियों को चिन्हित करते हुए कुष्ठ रोग और इसके उन्मूलन का संदेश देंगे।

उपायुक्त गढ़वा जमुआर द्वारा निदेश दिया गया कि कुष्ठ रोगी खोज अभियान के सफल आयोजन के लिए सभी प्रखंडों में समन्वय समिति की बैठक आवश्यक रूप से करना सुनिश्चित करें। खोजी दल के सदस्यों को प्रशिक्षण सामग्रियों का वितरण स्क्रीनिंग और अन्य कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

उक्त मौके पर जिला कुष्ठ समन्वयक डॉक्टर भारत भूषण, फिजियोथैरेपिस्ट अभिषेक सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक समरेश सिंह, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी, चिकित्सा पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला योजना)
e-Mail:- dpohazaribagh@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा (Very Short Term Tender)

विधायक मद अन्तर्गत बड़कागाँव विधानसभा क्षेत्र वासियों के स्वास्थ्य सुविधा हेतु दो अदद एम्बुलेंस क्रय हेतु विभिन्न शर्त्तों के साथ अति अल्पकालीन निविदा (VERY SHORT TERM TENDER) आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान/फर्म **दिनांक 20.08.2024 के अपराह्न 12:30 बजे तक** शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा एवं विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, हजारीबाग, समाहरणालय भवन, द्वितीय तल्ल में जमा किया जाना है एवं **दिनांक 20.08.2024 के अपराह्न 02:30 बजे** प्राप्त निविदा को समिति के समक्ष खोला जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा के नियम एवं शर्त्तें, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की विवरणी आदि समाहरणालय, हजारीबाग के वेबसाईट https://www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR 332594 (Planning and Development) 24-25 (D)

जिला योजना पदाधिकारी
हजारीबाग।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 06/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 12.08.2024

1.कार्य का विवरण :–

क्र0	प्रखण्ड	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि		कार्य समाप्ति की अवधि
				अंक में (लाख में)	अक्षर में	
1	रमकण्डा	RWD/GARHWA/16/2024-25	चोरवा सेमर से उदयपुर पंचायत भवन तक पथ निर्माण कार्य। (6.300 कि0मी0)	840.519	आठ करोड़ चालीस लाख एकावन हजार नौ रूपये।	18 (अठारह) महीना
2	रंका	RWD/GARHWA/17/2024-25	चुटिया बलीगढ़ पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड से पंचायत भवन तक पथ निर्माण कार्य।(3.800 कि0मी0)	483.377	चार करोड़ तिरासी लाख सैंतीस हजार सात सौ रूपये।	18 (अठारह) महीना

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 332571 Rural Development(24-25).D

झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड - 815301

ई- अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :–**06/R2/2024-25/RWD/EE/GIRIDIH** दिनांक :– **10.08.2024** ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurment पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम :–

क्र0 सं0	आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रुपया में)		कार्य समाप्ति की अवधि	टेंडर कॉल संख्या
			अंक में	अक्षर में		
1.	RWD/GIRIDIH/47/2023-24	बागोडीह रोड से नीमासिंघा तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.000 कि0मी0)	98,95,900.00	अनठानवे लाख पंचानवे हजार नौ सौ रू0 मात्र	06 माह	तृतीय

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **14.08.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **21.08.2024** अपराह्न **5.00** बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **23.08.2024** अपराह्न **3.30** बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह, तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड – 815301
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06532–225381

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह

PR 332570 REO (24-25)_D

तुबेद कोयला खान परियोजना के विस्थापितों का पुनर्वास यथावत रहे : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में तुबेद कोयला खान परियोजना के विस्थापितों के लिए गठित पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अमीतांजन नंदी, कार्यपालक निदेशक (खनन), एवं अरबिन्द कुमार ठाकुर, महाप्रबंधक (खनन) एवं परियोजना प्रधान, तुबेद कोयला खान, लातेहार के द्वारा अवगत कराया गया कि दामोदर घाटी निगम को भारत सरकार के द्वारा वर्ष 1948 में कानून पारित कर छोटानागपुर क्षेत्र एवं पश्चिम बंगाल के विस्तृत क्षेत्र में दामोदर नदी से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति पर नियंत्रण

तथा विद्युत उत्पादन हेतु स्थापित किया गया। उन्होंने दामोदर घाटी निगम के द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं तुबेद कोयला खान के खनन विकास के संबंध में जानकारी दी गयी। साथ ही उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में तुबेद कोयला खान परियोजना के विस्थापितों के लिए एक बैठक आयोजित की गयी थी। जिसमे सर्वसम्मति से इसे अंतिम रूप दिया गया था। लेकिन वर्तमान में तुबेद कोयला खान परियोजना की पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन नीति के कंडिका-4 के अनुसूची-2 (1) में कुछ संशोधन की आवश्यकता है। ज्ञात हो कि कंडिका-4 के अनुसूची-2(क) में संशोधित नीति के अलावा पूर्व में आयोजित तुबेद कोयला खान परियोजना के विस्थापितों के लिए गठित पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति नीति यथावत रहेगी।

बैठक में अनुपरिवार को लेकर सभी लोगों के बीच एक आम सहमति बनी जिसमें यह तय किया गया कि अनुपरिवार को पृथक मानते हुए वैसे रैयत जो स्वेच्छापूर्वक आर एंड आर कॉलोनी में घर अथवा मकान नहीं प्राप्त करना चाहते है उन्हे पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति के तहत प्रति एक अनुपरिवार को 12 (बारह) लाख रुपए का लाभ मूल रैयत के साथ-साथ अतिरिक्त रूप से अनुपरिवार को भी दिया जाएगा। उपस्थिति विधायक, सांसद प्रतिनिधि, विनीत मधुकर, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, संबंधित अन्य उपस्थित थे।

कुडू पहुंचा हाथी, कई घरों को तोड़ा

कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू प्रखंड क्षेत्र में झुंड से बिछड़ा एक विशाल हाथी रविवार की रात फिर कुडू शहर में दस्तक दी और जमकर उत्पात मचाया। चार दिनों के अंतराल पर कुडू क्षेत्र में घूम रहे इस हाथी ने पिछले तीन दिनों से उत्पात जारी है। शुक्रवार को कुंदों निवासी करीमन मुंडा और शनिवार को तेतर टोली निवासी दिनेश मुंडा के घरों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर कुडू पहुंचे हाथी ने इस बार प्रखंड मुख्यालय परिसर में आधे घंटे तक चहलकदमी की और एफसीआई गोदाम के पीछे की चारदीवारी को तोड़ दिया। हालांकि हाथी को भगाने के लिए जमा भारी भीड़ द्वारा शोर शराबे से घबराकर चावल रखे गोदाम के मुख्य गेट के पास से वापस लौटा। वहां से निकलकर शाहिद अब्दुल हमीद स्मारक की परिक्रमा कर वहां खड़े एक मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त करते हुए हमीद नगर पहुंचा। हाथी के शहरी इलाके में उत्पात मचाये जाने से लोगों में दहशत का माहौल रहा।

भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं बाबा भोलेनाथ : बन्ना गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। मानगो पारडीह शिव शक्ति सेवा समिति ने सावन के चौथे सोमवारी को पारडीह इंद्र नारायण कॉलोनी शिव मंदिर से कलश यात्रा निकाला। सोमवार को कलश यात्रा में लगभग 500 महिलाओं ने मानगो स्वर्णरेखा नदी से कलश में जल लेकर पुनः पारडीह शिव मंदिर पहुचे। जहा सभी ने बारी बारी से बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक कर मनोकामना पूरी होने के लिए कामना की। वही मानगो श्रीकृष्णा नगर और गोड़ बस्ती श्रीश्री सार्वजनिक मनोकामना शिव और हनुमान मंदिर से 301 महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी।

कलश यात्रा में स्वास्थ्य और खाद आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री ने कहा सावन मास में शिवजी की पूजा का विशेष महत्व है। सच्चे मन से शिव की उपासना करने वाले भक्तों की बाबा भोले नाथ सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते है। मौके पर ईश्वर सिंह, राकेश दास, मनोज भगत, नितेश सिंह, तारक पॉल, अपुरबा पॉल, जीवनसिंह, बलवंत सिंह, चंदन सिंह, वीरेंद्र सिंह, बीके सिंह, मनोज पांडेय, राजेश चौधरी, गोलू मिश्रा, विनय कुमार, हरि चौधरी, संतोष ठाकुर सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थित रहे।

जिला आपूर्ति कार्यालय के कर्मी के निधन पर रखा गया दो मिनट का मौन

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला आपूर्ति कार्यालय के कार्यालय अधीक्षक सुनील कुमार सिन्हा का बीते शनिवार नई दिल्ली में उपचार के क्रम में आकस्मिक निधन हो गया। इसको लेकर सोमवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर, लोहरदगा में शोक स्वरूप उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण समेत जिला के वरीय पदाधिकारियों व समाहरणालय कर्मियों द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया। स्व० सुनील कुमार सिन्हा वर्ष 1989 में समाहरणालय संवर्ग सहायक के रूप में योगदान देने के बाद से लगातार जिला के सभी महत्वपूर्ण विभागों का काम पूरी तत्परता और लगन के साथ सभालते रहे थे। वर्तमान में वे जिला नजारत, आपूर्ति एवं जिला परिवहन शाखा जैसे महत्वपूर्ण कार्यालयों में पदस्थापित रहे थे। वे कर्त्तव्यनिष्ठ, अनुशासित, मृदुभाषी एवं व्यवहारकुशल कर्मी थे।

पूरे देश में बजरंग दल चला रहा है पौधरोपण कार्यक्रम : चंदन गोप

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। बजरंग दल के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम जेल खाना कुटुमू में अनेको प्रकार के फलदार पौधे लगाकर किया गया।इस कार्यक्रम को बजरंग दल सह गौ रक्षा प्रमुख चांदन गोप के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बतलाया कि आज पूरे विश्व में जिस तरह से जल अस्तर काम होता जा रहा है उसे पूरा करने के लिए हर एक व्यक्ति को कम से कम पांच पौधा अवश्य लगाना चाहिये। ताकि आने वाले समय में जल की कहीं पर भी कमी ना हो और वायुमंडल स्वच्छ रहे।जिला उपाध्यक्ष अशोक काशकार ने कहा कि वृक्षारोपण करना बहुत ही जरूरी है प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए। समाजसेवी अजय शाहा ने कहा कि बजरंग दल द्वारा वृक्षारोपण कार्य जो चल रहा है यह बहुत ही सराहनीय है। मौके पर उपस्थित जिला अखाड़ा प्रमुख हसमुख रंजन, पूर्व जिला संयोजक प्रमोद प्रजापति, पूर्व नगर सहसंयोजक राज साहू, संघ नगर पर्यावरण प्रमुख सत्यम कुमार, बजरंग दल नगर सहसंयोजक अनुभव कासकार समेत अन्य मौजूद थे।

सावन की चौथी सोमवारी पर अखिलेश्वर धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

भंडरा (आजाद सिपाही)। पवित्र सावन माह के चौथे सोमवारी को लेकर ऐतिहासिक व प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम, चट्टी स्थित महादानी शिव मंदिर, कसपुर के कारू मठ, बेल डीपा, ओखर डीपा, नकटी महादेव, देशवाली सहित विभिन्न शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर लोगों ने भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। अखिलेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की लंबी कतार ही शिव के साधकों की भारी भीड़ को दर्शा रही थी। श्रद्धालुओं की भीड़ अहले सुबह से ही उमड़ने लगी। मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ से पूरा मंदिर भरा दिखाई दिया। श्रावण मास के चौथे सोमवारी को श्रद्धालुओं की भीड़ स्थानीय शिवालयों में देखी गई। शिवभक्त ओम नमः शिवाय का जाप करते हुए हाथ मे जल, बेलपत्र, फूल व दूध लेकर भगवान शिव को अर्पित करने को ले लालायित नजर आये।

सरइडीह शिव मंदिर से जल यात्रा निकाली

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। सावन की चौथी सोमवारी के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विख्यात सरइडीह शिव मंदिर से जल यात्रा निकाली गयी। जिसमें सैकड़ो की सख्या मे श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह, जीप सदस्य संतोषी शेखर समेत अन्य अतिथि शामिल हुए। जल यात्रा निकालने के पूर्व कार्यक्रम में शामिल होने स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह और जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर ने मंदिर परिसर में पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर की नव गठित कमिटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता समेत कमिटी के अन्य पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। मौके पर मौजूद लोगो को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा की सरइडीह मंदिर को हम सब मिलकर आगे लेकर जाएंगे। इस दौरान मौके पर मुखिया बुधेश्वर सिंह, कांग्रेस नेता रवींद्र राम, मनोज मांझी, उमेश प्रसाद अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, निराला सिंह, रंजन कुमार उत्तम प्रसाद, कन्हैया गुप्ता, गोल्डन कुमार समेत काफी सख्या मे लोग मौजूद थे।

ट्रेलर खराब होने से महुआडांड़-मेदिनीनगर मार्ग पर लगा जाम

गारु (आजाद सिपाही)। महुआड़ाड़-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर स्थित भवारबंधा जंगल के बीच शुक्रवार को एक भारी ट्रेलर (नंबर बीआर 45जी 7683) के बीच सड़क पर खराब हो जाने से यातायात घंटों तक बाधित रहा। ट्रेलर का चालक वाहन को सड़क पर ही छोड़कर फरार हो गया, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया। कई बसें समेत कई छोटे बड़े वाहनों की कतारें लग गयी। कई घंटों तक यातायात अवरुद्ध रहा, जिससे वाहन चालकों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिसके बाद लोगों ने गारू थाना प्रभारी सोनू कुमार को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ उक्त स्थान पर पहुंच कर ट्रेलर को हटवाया। वही दूसरी ओर भारी वर्षा के कारण महुआड़ाड़ - मेदनीनगर पथ पर ही मारोमार के समीप पुल के टूट जाने से पुनः आवगमन बाधित हो गया जिसके बाद कई वाहनो की लम्बी कतार लग गयी है।

सड़क दुर्घटना के बाद मारपीट सात पर केस, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

सेन्हा/ लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना मोड़ के समीप रविवार देर शाम दो मोटरसाइकिल के टक्कर में दुकान बंद कर घर जा रही महिला घायल हो गयी थी। जिसे स्थानीय लोगो के मदद से परिजनों ने निजी वाहन से सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिये घायल महिला को भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया। घायल महिला की पहचान जोगना मोड़ निवासी बोधलाल साहू की पत्नी जलेशरी देवी के रूप में किया गया। बताया जाता है कि सड़क दुर्घटना के दौरान घायल महिला को देख आक्रोशित ग्रामीणों ने मोटरसाइकिल चालक सेन्हा निवासी यूसुफ अंसारी को मार पीट करते हुए जातिसूचक का प्रयोग कर पाकिस्तान भागने का बात बोला गया। जिस पर बाइक चालक के परिवार वालों ने सेन्हा थाना में सात नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में कांड संख्या 66/24 दर्ज कर सौहार्द बिगाड़ने के मामला में धारा 115(2)117(2)109, 303(2) 352, 302, 3(5)बी एन एस के तहत सात नामजद पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा की जोगना निवासी बोधलाल साहू, मनोज साहू एवं गणेश साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है तथा अन्य आरोपियों के गिरफ्तारी में पुलिस जुटी हुई है।

घाटशिला कॉलेज का 64वां स्थापना दिवस मनाया गया

कॉलेज के विकास में सबों का सहयोग प्रशंसनीय : कुलपति

कालेज में विधायक निधि से शीघ्र बनेगा कैंटीन भवन : रामदास

आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला। कॉलेज का 64वां स्थापना दिवस सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह का उद्घाटन कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति सह आयुक्त, कोल्हान प्रमंडल, चाईबासा हरि कुमार केशरी, घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन और अन्य अतिथियों ने 64 दिए जलाकर तथा भगवान बिरसा मुंडा और कालेज के संस्थापकों के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया। तत्पश्चात कॉलेज के हजारों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपने पारंपरिक रीति रिवाज से मांदल, ढोल, नगाड़े बजाते व सामूहिक नृत्य करते हुए सभी अतिथियों को मुख्य द्वार से लेकर सभागार तक ले गये। सभागार में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि कुलपति सह आयुक्त हरि कुमार केशरी को कॉलेज के प्राचार्य व समारोह के अध्यक्ष डॉ आर के चौधरी और विधायक रामदास सोरेन ने संयुक्त रूप से संताल संस्कृति से जुड़ी धोती, सम्मान पत्र और स्मृति चिंह देकर उनका सम्मान किया। तत्पश्चात अपने स्वागत वक्तव्य में प्राचार्य डॉ आर

के चौधरी ने आए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज घाटशिला महाविद्यालय अपनी प्रगति के पद पर अग्रसर है। इसमें घाटशिला के सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, एचसीएल-आईसीसी और टाटा स्टील फाउंडेशन का अपार सहयोग मिल रहा है। उसी का परिणाम है यह भव्य आयोजन। स्थापना दिवस समारोह में कॉलेज के विकास कार्यों में अपना विशेष योगदान देने वालों में विधायक रामदास सोरेन, घाटशिला अनुमंडल पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, घाटशिला के कार्यपालक अभियंता राज किशोर, टाटा स्टील के ट्राइबल सर्विसेज के हेड, जीरेन जेवियर टोपनो, टाटा स्टील खेल विभाग के मैनेजर व अन्तर्राष्ट्रीय कोच डॉ हसन इमाम मल्लिक, घाटशिला की बीडीओ श्रीमती युनिका शर्मा, अंचल अधिकारी निशात अंबर, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, पावड़ा की मुखिया पार्वती मुर्मू, देश परगना बैजू मुर्मू, योगेंद्र प्रसाद सिंह, एचसीएल के उप महाप्रबंधक एस के झा, सत्यनारायण जैन, सुशील बंसल, जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह, एबीएम कॉलेज जमशेदपुर के प्राचार्य डॉ विजय कुमार पीयूष, बीडीएसएल महिला कॉलेज की प्राचार्य प्रो पुष्पा गुप्ता, विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य डॉ नरेश कुमार, कोल्हान यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एस के सिंह, महासचिव प्रोफेसर इंदल पासवान, सीनेट सदस्य डॉ पी के गुप्ता, अभियान के संस्थापक प्रोफेसर मित्रेश्वर, पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर एमडीपी सिंह के अलावे महाविद्यालय के सेवानिवृत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

शिक्षक कार्यों का समय पर निष्पादन करें : सुनंदा

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। डीएसइ दास सुनंदा चंद्र मौलेश्वर ने शिक्षकों के समक्ष विचार रखते हुए कहा कि कि शिक्षकों के बीच कुछ प्रश्न होते हैं उसे गोष्टी में जरूर साझा करना चाहिए। इन्होंने विद्यालय में चल रहे बच्चों से जुड़े गतिविधियों को बच्चों से ही कराने का सुझाव दिया। इंपेक्ट प्रोग्राम के तहत लो कॉस्ट नो कॉस्ट के फामूर्ला को अभिभावकों के बीच जानकारी देने की भी बात कही। नवाचार प्रोग्राम करने का सुझाव दिया उक्त बातें मध्य विद्यालय लोहरदगा परिसर स्थित सभा कक्ष में डीएसई दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर ने शिक्षकों की गुरूगोष्ठी में कहा। बीईईओ रामजीवन नायक ने प्रयास, प्रोजेक्ट रेल, ईविद्यावहिनी आदि कार्यों में तेजी लाने की अपील किया। शिक्षक शैलेंद्र कुमार सुमन ने एक शिक्षिकीय विद्यालयों में शिक्षकों की कमी की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। सीआरपी जितेंद्र मित्तल ने गुरु गोष्ठी की कार्यवाही का संचालन किया। मध्य विद्यालय लोहरदगा के प्रधानाध्यापक मोहम्मद असलम द्वारा स्वागत भाषण दिया गया।

पल्स पोलियो अभियान में 15369 बच्चों को पोलियो दवा पिलाने का लक्ष्य

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा कि प्लस पोलियो अभियान कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र में 0 से 5 वर्ष तक के 15369 बच्चो को पोलियो बूथ पर 25 अगस्त को पोलियो का दो बूंद दवा पिलाना है। वही 27 अगस्त तक क्षेत्र भ्रमण कर पोलियो निरोधक दवा पिलाया जायेगा। प्रखंड क्षेत्र को सफलतापूर्वक पोलियो मुक्त बनाने के लिये पोलियो बूथ पर स्वास्थ सहिया, एएनएम तथा आंगनबाड़ी सेविकाओं का सहयोग लें और टोली बना कर पोलियो उन्मूलन की दवा पिलाये। साथ ही डोर टू डोर दवा पिलाने के लिये भी टोली बना कार्य कार्य करें।

भालूबासा जंबू अखाड़ा की भव्य कलश यात्रा में 5001 महिला शामिल, सभी ने किया जलाभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। लौहनगरी जमशेदपुर के भालुवासा जंबू अखाड़ा में श्रावण माह के चौथे सोमवारी को बाबा लिंगेश्वरनाथ के लिए जलाभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। सोमवार को जंबू अखाड़ा समिति के मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले व संरक्षक बंटी सिंह,लाइसेंसी रणबीर मंडल के नेतृत्व में मंदिर परिसर से विधि विधान के साथ पूजन कर बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 5001 महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महिलाओं ने स्वर्णरेखा नदी में संकल्पित जल लेकर मानगो बड़ा गोलचक्कर, एम.जी.एम, कुम्हारपारा होते हुए गाजा बाजा व झांकी के साथ वापस जंबू अखाड़ा के श्री श्री लिंगेश्वर नाथ मंदिर पहुंची। कलश यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र भक्तिमय हो गया। वही मंदिर पहुचने पर कमेटी द्वारा विषेश तौर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जलाभिषेक के लिए अरघा की व्यवस्था की गई। पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के बीच पुडी, सब्जी, बुंदिया का पेकिंग प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी शिव शंकर सिंह, समाजसेवी पप्पू सिंह, विनय सिंह, जीतेन्द्र सिंह जीतू,जूगुन पांडे, प्रहलाद लोहरा, बलबीर मंडल,काकुली मुखर्जी, रितिका श्रीवास्तव, आरती मुखी, रंजीता रॉय, लखी मुंडा ,सुलोचना मुंडा, संध्या दास, सविता दास, सविता सिंहा, संतोषी साहू, सुनीता साहू, नमिता सिंह सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे।

डीवीसी की गलत नीतियों के खिलाफ आजसू का हस्ताक्षर अभियान शुरू : अमित पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने कहा कि लातेहार के तुबेद में डीवीसी के द्वारा कोयला खनन का कार्य किया जा रहा है एवं उनके द्वारा बिना मुआवजा दिए बायपास रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे थे। कंपनी के द्वारा प्रशासन को बुला कर ग्रामीणों पे लाठीचार्ज किया गया एवं महिलाओं के साथ मारपीट कर जबरन रास्ते में पड़े घरों को तोड़ दिया गया। अगर कोई भी व्यक्ति अपनी जमीन के मुआवजे कि मांग कर रहा है तो इसमें गलत क्या है? कंपनी आम लोगो को प्रशासन के साथ उलझा देती है। इस से प्रशासन कि भी छवि खराब हो रही है। आजसू पार्टी ने जनता के हितों को देखते हुए डीवीसी कि गलत नीतियों के खिलाफ मंगलवार से हस्ताक्षर अभियान शुरू कर रही है। इसके उपरांत ग्रामीणों के साथ डीवीसी कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

क्या कहते है डीवीसी के जीएम : इस संबंध में डीवीसी के लातेहार प्रोजेक्ट के जीएम अरविंद कुमार ठाकुर से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हम लोग सरकार का नौकरी करते हैं सरकार का जो आदेश होता है। उसी तरह से कार्य करते हैं। और जो हम लोग से नहीं होता है तो स्थानीय प्रशासन से मिलकर कार्य करते हैं।

बाइक चोर गिरोह का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार, पांच मोटरसाइकिल और देसी कट्टा बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। जिले में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए एसपी के निर्देश पर सरायकेला पुलिस लगातार कार्य कर रही है।सोमवार को आदित्यपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोर गिरोह का खुलासा कर दिया। पुलिस ने रामकृष्ण फोर्जिंग व अन्य जगह से हुई चोरी के मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी देते हुए एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया गिरफ्तार आरोपियों में श्रीराम तियू उर्फ आकाश, विशाल कुमार माहतो व पप्पू गगराई उर्फ टोप्पो शामिल हैं। जिले के आदित्यपुर, आरआईटी, राजनगर व सरायकेला से कुल पांच बाइक को बरामद किया गया।

विहिप की नगर स्तरीय बैठक संपन्न

गुमला (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विशेष रूप से गुमला में बढ़ रहे रोहिंग्या मुसलमान को लेकर खुलकर चर्चा की गई विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का कहना है कि जितने भी हिंदू समाज अवैध रूप से रोहंगिया या मुसलमान को अपने घर दरवाजे में बसा कर रखे हैं यथा शीघ्र खाली करें। क्योंकि बांग्लादेश में जिस तरह से हिंदुओं की हत्या की गई है जो कि देश के लिए बहुत ही शर्मिंदगी है इसलिए हिंदू समाज को यह समझना चाहिए कि हम रोहंगियां घुसपैठी जो हमारे हिंदू भाइयों माता बहनों के साथ अत्याचार कर रहे हैं उनको हम अपने घर अपने मकान में जगह कैसे दे सकते हैं। इसलिए इन रोहिंग्या घुसपैठी को लात मार कर अपने घर से भगाए अन्यथा बजरंग दल चुप नहीं बैठेगा और घुसपैठी पर कार्रवाई करते हुए हर हिंदू समाज की घरों से खदेड़ने का काम करेगा। इसके साथ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान पर 14 अगस्त को अखंड भारत संकल्प दिवस मनाया जाएगा और 25 अगस्त को भव्य रूप से गुमला नगर में ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा जाएगा। इसमें पूरे गुमला जिला से कार्यकर्ता उपस्थित होंगें। उपस्थित गण में केशव चंद्र साय अजय सिंह राणा मुकेश सिंह किशोरी प्रसाद रविन्द्र सिंह लायन मनीष मिथिलेश गुप्ता अमन कुमार आलोक सिंह विक्की खड़िया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कंप्यूटर ऑपरेटर के पदों पर नियुक्ति के लिए बैठक

सिसई (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्तरीय शहीद तेलंगा खड़िया पुस्तकालय में लाइब्रेरियन सह कंप्यूटर ऑपरेटर के तीन पदों पर सीधी नियुक्ति हेतू संचालन समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से तीन पदों के लिए 22 अगस्त तक इच्छुक योग्यता धारियों से कार्यालय में आवेदन प्राप्त किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए समिति सचिव दीपक अधिकारी ने बताया कि लाइब्रेरियन सह कंप्यूटर आपरेटर के पद के लिए प्राप्त आवेदन पर आगामी 23 अगस्त को साक्षात्कार, योग्यता व आचरण के आधार पर किया जाएगा। नियुक्ति अस्थायी व सफल प्रतिभागी के आचरण व व्यवहार पर नियुक्ति पर निर्णय लेने के लिए संचालन समिति स्वतंत्र होगी। संचालन समिति द्वारा तय मासिक पारिश्रमिक भुगतान किया जायेगा। वहीं उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार हस्तलिखित आवेदन के साथ अपना बायोडाटा, शैक्षणिक योग्यता, अन्य अथवा कार्यानुभव, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आगामी 22 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

क्लब बैठक में इंटरनेट के सदुपयोग के विषय में बताया गया

पालकोट (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत प्रखंड के कनदर्प उच्च विद्यालय पालकोट के किशोर किशोरियों को युवा मैत्री केंद्र का भ्रमण कराया गया एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र में क्लब बैठक का आयोजन किया गया। युवा मैत्री केंद्र भ्रमण के दौरान सलाहकार द्वारा किशोर एवं किशोरियों को इन्टरनेट और सोशल मिडिया का सुरक्षित उपयोग के विषय पर जानकारी दिया गया और कहा गया कि आज कल के युवा इन्टरनेट का सही उपयोग की जानकारी नही रखते है। जिसके कारण किशोर एवं युवा साइबर क्राइम के शिकार होते है। स्वास्थ्य उपकेंद्र में एएनएम की अगुवाई में साथिया के बीच इंटरनेट का सदुपयोग के विषय पर जानकारी दिया गया एवं पेंटिंग एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया। सभी किशोरों ने यह भी प्रण लिया की इंटरनेट के सही उपयोग के बारें में गांव के सभी किशोरों एवं किशोरियों, युवाओं को जागरूक करेंगे ताकि इसका गलत उपयोग न किया जाये। किसी तरह के मुश्किल एवं धोखाधरी से समाज को बचाया जा सकें।

श्रद्धालुओं के बीच किया गया भोग का वितरण

गुमला (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ गुमला ग्रेटर के तत्वाधान में गुमला करमटोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में श्रावण माह के चतुर्थ सोमवारी होने के उपलक्ष्य में प्रातः 8:00 बजे से (पायस) खीर का भोग बाबा पर लगाकर मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। मौके पर लायंस क्लब ऑफ गुमला ग्रेटर के अध्यक्ष राजेश लोहानी ने कहा की क्लब का उदेश्य ही मानव सेवा कर दूसरों को सुख की अनुभूति करवाना है। बुढ़वा महादेव मंदिर गुमला का प्राचीन मंदिर है, जहां भगवान शिव का स्वयंभू शिवलिंग पीपल एवं आम के पेड़ से निकले हैं। इस मंदिर में मांगा हुआ मन्नत पूरा होता है। गुमला एवं आस पास के लोगो का आस्था इस मंदिर से जुड़ा हुआ है। सावन के सोमवार को काफी श्रद्धालु मंदिर में पूजा के लिए आते है। हमारा क्लब भी इसी उदेश्य के साथ मानव सेवा में जुड़ कर कार्य कर रहा है। मंदिर में खीर प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें लगभग 2000 श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। मौके पर लायंस क्लब ऑफ गुमला ग्रेटर के अध्यक्ष राजेश लोहानी, सहित अमित महेश्वरी, दीपक अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, महेश प्रसाद, शिवम जायसवाल, सुभाष अग्रवाल, अजय कुमार, स्वीटी कुमारी, पंकज खंडेलवाल, ममता खंडेलवाल, संजीव मालानी, संजना मालानी, शिखा लोहानी सहित अन्य कई लायन मेंबर्स एवं बुढ़वा महादेव मंदिर समिति से मनोज गुप्ता, विनय गुप्ता एवं अन्य सदस्य एवं भक्त उपस्थित थे।

सावन की चौथी सोमवारी को देवकी बाबा धाम में भक्तों की रही भीड़

घाघरा (आजाद सिपाही)। सावन के चौथे सोमवार घाघरा प्रखंड क्षेत्र स्थित शिवालयों में भक्तों ने जलाभिषेक कर अपनी अपनी कामना की। इस दौरान सुप्रसिद्ध देवाकी बाबा धाम में भक्तों की भीड़ अहले सुबह से ही लगी रही। प्रबंधन समिति के लोग सभी मंदिरों में तैनात थे, ताकि भक्तों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो। समिति के द्वारा लंगर की व्यवस्था की गई जहां भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा समिति चांदनी चौक घाघरा के द्वारा कावड़ यात्रा निकाली गई कावड़ यात्रा छठ घाट नदी से कलश व कावड़ में जल उठाकर गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण के उपरांत सभी देवाकी बाबा धाम मंदिर पहुंचे। जहां विधिवत पूजा अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु कामना किया। इस मौके पर मुख्य रूप से किशोर जायसवाल, दिलीप कुमार, अजय प्रताप जायसवाल, प्रदीप प्रसाद, प्रेम जायसवाल, आशीष सोनी, सुशील गुप्ता, कुमार अनिल, परमेश्वर साय, मुरली मनोहर सिंह, संजय वर्मा, अनंत साहू, महेश्वर साहू, नीरज सिंह, भूषण साहू, आशीष सिंह, संतोष मिश्रा, बनवारी गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

सिसई विधायक जिगा सुसारण होरो ने किया बसिया और कामडारा प्रखंड का दौरा

समस्याओं के निदान का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

कामडारा। कामडारा ग्लॉसप मेमोरियल उच्च विद्यालय कामडारा के सभागार मे सोमवार को विधायक जिगा सुसारन होरो ने प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ एक समीक्षा बैठक की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। आयोजित इस बैठक मे राजकीय मध्य विद्यालय लोयंगा की प्रभारी एच एम प्रभा कंचन कुमारी ने बताया कि विद्यालय मे कमरों के अभाव मे बच्चों का पठन-पाठन प्रभावित हो रही है। फिलहाल अधूरा बने मकान पर कुछ बच्चों को पढ़ाया जाता है। वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामटोली के शिक्षक विजय कुमार ने बताया कि कमरे के अभाव मे बच्चों को पढ़ाई करने मे काफी दिक्कत हो रही है।कुछ बच्चे बरामदे मे बैठकर पढ़ाई करते हैं। वहीं कुछ बच्चों का अब तक आधार कार्ड व जन्मप्रमाण पत्र नहीं बन पाने के कारण काफी दिक्कत हो रही है। इसके अलावे राजकीय उच्च विद्यालय कोंसा, मॉडल स्कूल कामडारा, राजकीय मध्य विद्यालय कोंडेकेरा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय झारो, आरसी प्राथमिक विद्यालय ईचागुटू, एसपीजी प्राथमिक विद्यालय पोकला, आरसी प्राथमिक विद्यालय टुरुण्डू, एसपीजी मध्य विद्यालय रामतोलया, राजकीय मध्य विद्यालय सुरसांग सहित अन्य विद्यालयों के प्रभारी एच एम ने अपने-अपने विद्यालयों की समस्या के बारे मे बताया। वहीं बैठक मे विधायक जिगा सुसारन होरो ने सभी समस्याओं का जल्द निराकरण किये जाने का आश्वासन दिया। आयोजित इस बैठक के पूर्व ग्लॉसप मेमोरियल उच्च विद्यालय के स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा विधायक जिगा सुसारन होरो का स्वागत विधिपूर्वक परंपरागत तरीके से नाच गान के साथ की गयी। इस मौके पर गुमला के डीएसई नूर आलम, बीडीओ निशा तिर्की, सीओ सुप्रिया एक्का, बीइइओ प्रीति कुजूर, बीपीओ लाल चंद्रशेखर नाथ शाहदेव, एच एम एल नाग सहित सभी विद्यालयों के प्रभारी एचएम शिक्षक -शिक्षिकाएं मौजूद थे।

बसिया में शिक्षकों की समस्याओं से अवगत हुए

बसिया (आजाद सिपाही)। सिसई विधानसभा के विधायक जिगा सुसारण होरो ने बसिया और कामडारा प्रखंड का दौरा किया। विधायक बसिया प्रखंड के कोनबीर नवाटोली स्थित संत जोसेफ इंटर कॉलेज के सभागार में प्रखंड के सभी स्कूलों के शिक्षकों के साथ बैठक कर उनकी समस्या से अवगत हुए साथ ही विधायक जिगा सुसारण होरो ने जल्द से जल्द शिक्षकों एवं शिक्षा के क्षेत्र में आ रही समस्याओं को अपने और सरकार के स्तर पर समाधान करने का बात कही। बैठक के दौरान सिसई विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही एक सभ्य समाज का निर्माण हो सकता है। आप सभी शिक्षक ही सभ्य समाज के निर्माण के शिल्पकार है। आपलोग के द्वारा ही आज के बच्चे कल के देश के निर्माता होंगे।

सिसई-बिशुनपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस और झामुमो आमने-सामने

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। कांग्रेसियों द्वारा सिसई और बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र को कांग्रेसी उम्मीदवार के लिए सीट मांगे जाने के बाद अब कांग्रेसी और झामुमो के कार्यकर्ताओं के बीच वाक युद्ध शुरू हो गया है। इस संबंध में झामुमो के सिसई प्रखंड कमिटी के द्वारा सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कांग्रेसियों द्वारा लोकसभा चुनाव में झामुमो के द्वारा गठबंधन धर्म के पालन नहीं करने के आरोप को बेबुनियाद व बेतुका है। इस कृत पर कांग्रेस जिला कमिटी सहित कांग्रेसी नेताओं का झामुमो कार्यकर्ताओं ने पुरजोर विरोध किया। झामुमो प्रखंड कमिटी व कार्यकर्ताओं ने कहा कि पूर्व कांग्रेस विधायक बैरागी उरांव, रमेश कुमार चीनी द्वारा झामुमो कार्यकर्ताओं पर लोकसभा चुनाव में गठबंधन धर्म का पालन नही करने और कांग्रेस के अपने बलबुते लोहरदगा संसदीय सीट जीतने का दावा मिथ्या और गठबंधन विरोधी है। जिन लोगों द्वारा ऐसा आरोप लगाया जा रहा है वो सभी स्वयं लोकसभा चुनाव में कभी कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार करने नहीं निकले, ये जग जाहिर है। वहीं दुसरी ओर सिसई के लोकप्रिय झामुमो विधायक जिग्गा सुसारन होरो पुरे विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक बुथ स्तर पर झामुमो के दस-दस कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर दिन रात एक कर गठबंधन प्रत्याशी सुखदेव भगत को जीताने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया। गठबंधन में जिस भी दल को प्रत्याशी के रूप में टिकट मिलेगी झामुमो उसका समर्थन करेगा। वहीं झामुमो ने हमेशा गठबंधन हित काम किया है। लोकसभा चुनाव में विशुनपुर के झामुमो विधायक चमरा लिंडा के निर्दलीय प्रत्याशी लड़ने का निर्णय पर झामुमो ने उन्हें पार्टी से निष्कासित करते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान के लिए पुरी ताकत झोंक दी और गठबंधन प्रत्याशी को भारी मतों से विजय दिलाया है। जबकि चुनाव के दौरान क्षेत्र में कांग्रेस के कई स्थानीय व जिला स्तर के नेता-कार्यकर्त्ता प्रचार प्रसार में नही नजर आएं। लोकसभा चुनाव में गठबंधन सांसद प्रत्याशी सुखदेव भगत चुनाव के दौरान स्वयं देख चुके हैं की झामुमो के एक एक कार्यकर्ता उनकी जीत के लिए कितनी जी-तोड़ मेहनत की है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में प्रत्याशी मांगने का अधिकार है, किन्तु गठबंधन में साथ रहकर दुसरे दल के लोकप्रिय व वर्तमान विधायक व झामुमो कार्यकर्ताओं पर बेतूका बयानबाजी करना अनुचित है। झामुमो विधायक की कार्यशैली व बढ़ती लोकप्रियता से हताश-निराश होकर कुछ एक कांग्रेसी नेताओं द्वारा इस तरह का बयान दिया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी से हमारी मांग है की ऐसे नेताओं के बयान का खंडन करे और गठबंधन नियम का पालन नही करने पर इनके ऊपर कार्रवाई करें। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जिला उपाध्यक्ष शशिकांत साहु, प्रखंड अध्यक्ष रवि उरांव, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, सचिव छक्कन लाल राय, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष विजय लक्ष्मी कुमारी, दलित मोर्चा अध्यक्ष सुजीत बैठा, जाकीर अंसारी, निरंजन लकड़ा, गौरीनाथ भगत, वासुदेव उरांव, दुर्गेश्वर तिर्की, पुरुषोत्तम भगत, रसीद अंसारी, दिलीप साहु, बंदी उरांव, जुल्फान अंसारी, सुखराम उरांव, रमेश उरांव, धनीराम उरांव, कृष्णा उरांव, राजेश उरांव, सुकरु भगत, धनीराम बड़ाईक सहित कई झामुमो कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। एकलव्य मॉडल बालक आवासीय विद्यालय बसिया में जिला यक्ष्मा अस्पताल, गुमला के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत टीवी जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी छात्रों तथा शिक्षकों कर्मचारियों एवं प्रधानाचार्य ने भाग लिया। जिला यक्ष्मा अस्पताल, गुमला से आये पिरामल स्वास्थ्य कार्यकर्ता संजीत एक्का, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, रजनी किस्कू, जिला कार्यक्रम समन्वयक तथा नित्या बरनवाल, गांधी फेलो ने टीबी बीमारी क्या है, यह कितने प्रकार के होते हैं, उसका लक्षण क्या-क्या है, जांच में डॉक्टर द्वारा टीबी रोगी घोषित किए जाने पर उपचार के अवधि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और भारत में प्रतिदिन टीबी बीमारी के स्थिति तथा भारत में प्रतिवर्ष की स्थिति को विस्तार से बताया। इस जागरूकता कार्यक्रम के द्वारा टीबी बीमारी से बचाव का उपाय भी बताया गया। गुमला जिला को टीवी मुक्त जिला बनाने हेतु सहयोग एवं योगदान की अपील की गयी। टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने के इस कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए मौखिक प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। इसके अलावे टीबी से संबंधित कविता औए विश्व आदिवासी दिवस पर आधारित कविता व निबंध की प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया। टीबी पर कविता लेखन में अलोक टोप्पो को प्रथम, अमित उरांव को द्वितीय तथा रुस्तम उरांव को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। साहिल मुंडा, प्रिंस लोहार तथा समीर तिर्की को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। आदिवासी पृष्ठभूमि की कविता के लिए शिव शंकर मुर्मू को प्रथम, निखिल मुंडा को द्वितीय तथा रामचंद्र उरांव को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। अनुपम उरांव, संतोष महली तथा शिवम बड़ाईक को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में कक्षा 10,11 व 12 के तीन-तीन छात्रों का चयन टीबी से संबंधित प्रश्नों का सही-सटीक उत्तर देने के लिए किया गया। पुरस्कृत होने वाले ये छात्र हैं राहुल उरांव, कुंवर्धन कुजूर, हरि मुंडा, राकेश महली, अशोक लोहरा, सुदेश लोहरा, सौरभ कुमार, संतोष महली तथा रोहित भगत।

गुमला चेंबर कार्यालय में होगा ध्वजारोहण

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। चैंबर ऑफ कॉमर्स की मासिक बैठक चेंबर के अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में चेंबर कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई जो निम्न है। बैठक में निर्णय लिया गया की ध्वजारोहण प्रातः 8:40 में बस स्टैंड में होटल सिद्धि विनायक स्थित चैंबर कार्यालय में संपन्न होगा। गुमला चेंबर के द्वारा वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया गया। वृक्षारोपण के लिए चार जगह चिन्हित किए गए हैं, गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा वृक्षारोपण किया जायेगा। बीते दिन गुमला में कनक ज्वेलर्स में घटित गोली कांड का खुलासा करते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए इस घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी गुमला पुलिस के द्वारा की गयी। इस निमित्त गुमला चैंबर एसपी से मिलकर उन्हें बधाई देगी एवं पुलिस पब्लिक मीट प्रत्येक माह कराने के लिए पुलिस अधीक्षक से मांग करेगी। नगर परिषद से गुमला चेंबर के प्रतिनिधि मिलेंगे एवं जिन व्यापारियों को ट्रेड लाइसेंस उपलब्ध नहीं हो पा रहा है इस पर भी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से मिलकर बात किया जायेगा। चेंबर ऑफिस में गैर जरूरी सामान की बिक्री के लिए सहमति हुई। इस विषय को गंभीरता से देखकर अनुपयोगी सामान की बिक्री के लिए पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केसरी को संयोजक बनाया गया। धन्यवाद ज्ञापन अभिजीत जायसवाल ने किया। अंत में राष्ट्रगान गाकर बैठक की समाप्ति की गयी।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष विनोद केसरी, मोहम्मद सब्बू, हिमांशु केसरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल रॉकी, सचिव बबलू वर्मा, कोषाध्यक्ष मुन्नीलाल साहू, सह सचिव नीरज गुप्ता, पी आर ओ प्रणय कुमार, आदित्य गुप्ता, मीडिया प्रभारी आनंद गुप्ता, दिलीप गुप्ता, गुन्नू शर्मा, बृजकिशोर फोगला, राहुल केसरी, विजय शंकर दास, अजय धान,बिट्टू कुमार उपस्थित थे।

फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

बसिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित बसिया स्टेडियम में स्वर्गीय मोनू गोप स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का आयोजन किया गया। यह टूर्नामेंट 9 अगस्त से 11 अगस्त तक चली। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमें मिश्रा ब्रदर की टीम विजेता रही। विजेता टीम को कमेटी की ओर से ट्राफी एवं 15000 रुपए की नगद पुरस्कार दिया गया। खेल आयोजन में मुख्य रूप से अजय सिंह, नवीन मिश्रा, टिंकू कुमार, प्रकाश साहू, सुमित साहू आदि मौजूद थे।

मंईयां योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में सोमवार को परियोजना निदेशक आइटीडीए गुमला अमरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां समान योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जहां पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार का यह अति महत्वाकांक्षी योजना है इस योजना के तहत 21 से 49 वर्ष के सभी महिलाओं को प्रतिमाह 1000 दिया जायेगा। इसके लिए सभी लोगों को जागरूक कर आवेदन भरवा कर यथा शीघ्र प्रखंड कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि बिशुनपुर प्रखंड में 13021 आवेदन प्राप्त करने का लक्ष्य है। जिसमें अभी तक 5000 आवेदन प्राप्त हो चुका है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधि एंव सामाजिक कार्यकर्ता से अपील करते हुए कहा गांव का कोई भी व्यक्ति सभी लोगों का फॉर्म लाकर प्रखंड कार्यालय में जमा कर सकता है। जहां से उसे पावती रसीद दिया जायेगा। इस मौके पर अंचल अधिकारी शेखर वर्मा जितेंद्र भगत एवं सभी मुखिया उपस्थित थे।

किशोरों ने किया युवा मैत्री केंद्र का भ्रमण

बसिया (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से बसिया में किशोरों को युवा मैत्री केंद्र का भ्रमण कराया गया एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र में क्लब बैठक का आयोजन किया गया। युवा मैत्री केंद्र भ्रमण के दौरान सलाहकार द्वारा किशोर एवं किशोरियों को इंटरनेट और सोशल मिडिया के सुरक्षित उपयोग के विषय पर जानकारी देते हुए कहा गया कि आज कल के युवा इंटरनेट का सही उपयोग की जानकारी नही रखते है जिसके कारण किशोर एवं युवा साइबर क्राइम के शिकार होते है। स्वास्थ्य उपकेन्द्र में एएनएम की अगुवाई में साथिया के बीच इंटरनेट का सही उपयोग के विषय पर जानकारी दिया गया। मौके पर सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के समन्वयक द्वारा उपस्थित किशोरों को बतलाया गया कि हमारे लिए इंटरनेट पर बहुत सारी ज्ञान की बातें हैं जिसका उपयोग हम अपने ज्ञान को बढ़ने के लिए कर सकते हैं। लेकिन अज्ञानता के आभाव में हम सभी इसका गलत उपयोग करते हैं। मौके पर सभी किशोरों ने यह भी प्रण लिया कि इंटरनेट के सही उपयोग के बारें में गांव के सभी किशोरों एवं किशोरियों, युवाओं को जागरूक करेंगे ताकि इसका गलत उपयोग न किया जाये।

फरार आरोपी के घर की कुर्की-जब्ती

जारी (आजाद सिपाही)। जारी थाना अंतर्गत लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त सीकरी पंचायत के पगुरा- गांव निवासी कृष्णा सिंह पिता तपेश्वर सिंह को न्यायालय गुमला के आदेश के पर घर का कुर्की जब्ती किया गया। वही बता दे कि कृष्णा सिंह के ऊपर अपनी ही भाभी और भतीजी के साथ मारपीट का मामला जारी थाना में दर्ज था। वहीं आरोपी को न्यायालय गुमला के द्वार एक महीना के अंदर कोर्ट में पेश होने का इस्तिहार भी चिपकाया गया था। वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ जिसका फैसला उसके घर का जारी थाने के द्वारा कुर्की जब्ती कर थाना लाया गया। वहीं 12 अगस्त 2024 को लंबे समय से फरार चल रहे गोबिंदपुर पंचायत के यदूनाथपुर तेतरटोली निवासी अलका मिंज पति स्व.सुलेमान मिंज के घर में सोमवार को जारी थाने के द्वारा ढोल नगाड़ा बजाकर इस्तिहार चिपकाया गया। साथ में एसआइ ने अलका मिंज को एक महीने अंदर कोर्ट मे पेश होने के लिए कहा। कुर्की जब्ती में जारी थाना के एसआइ टीपू अंसारी, एएसआइ अरुण पांडे और थाने के शस्त्र बल मौजूद रहे।

युवा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील खलखो, डॉ मंजीत तेलेसफोर टोपनो एवं बीपीएम राजकुमार ठाकुर की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर किशोर एवं किशोरियों को नेटवर्क और सोशल मीडिया के उपयोग कर अपना ज्ञान और कौशल विकास पर ध्यान आकृष्ट किया गया। साथ ही इसके गलत इस्तेमाल से बचने का भी सुझाव दिया गया। शारीरिक एवं मानसिक विकास के बारे में बताया गया। स्वछता के लिए बच्चो को प्रेरित किया गया। एनेमिया के लक्षण तथा उसके रोकथाम पर चर्चा की गयी। मलेरिया रोग एवम् इसके लक्षण तथा उपचारों के बारे में जानकारी दी गयी। दंत चिकित्सक के द्वारा दांत से संबंधी जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में तरूण कुमारी पासवान (एएनएम), शिशिर टोपनो (एएनएम), समीर कोंगाड़ी, तेजप्रताप उरांव, जेम्स रोहित टोपनो (एमपीडब्ल्यू), जसिंता टोपनो (आरकेएसके -बीटीटी), चिंतामणि देवी (ग्रामीण बीटीटी), सहिया- अनीता देवी, मंजु देवी तथा किशोर किशोरियों उपस्थित रहे।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर कैंडल मार्च आज

विभाजन का दंश झेल चुके पीड़ितों का किया जायेगा सम्मान

- डालटनगंज सीबीसी द्वारा योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में लगाई जाएगी दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी
- हर घर तिरंगा रैली का होगा आयोजन, आम लोगों से तिरंगा फहराने की अपील
- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया जाएगा पौधारोपण

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। डालटनगंज केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में 14-15 अगस्त को दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन होने जा रहा है। इन कार्यक्रमों में विभाजन की पीड़ा झेल चुके लोगों या उनके वंशजों का सम्मान भी किया जाएगा। इसके अलावा मंगलवारर को विभिन्न जागरूकता एवं प्रतियोगी कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर मेदिनीनगर शहर में राष्ट्र के विभाजन के कारण अपनी जान गंवाने वाले और अपनी जड़ों से विस्थापित होने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए शाम सात बजे से कैंडल मार्च निकाला जाएगा। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की हिस्सेदारी होगी।

तिरंगा फहराने की अपील

आम लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने एवं भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाल कर हर घर तिरंगा फहराने की अपील की जाएगी। रैली में आम लोगों के साथ-साथ एनसीसी कैडेट्स, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विद्यार्थियों के बीच देशभक्ति गीत, रंगोली एवं पेंटिंग्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में सभी छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। रचनात्मक कृतियों/प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र के साथ-साथ पुरस्कृत भी किया जाएगा।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत होगा पौधरोपण

विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के साथ ही दुनियाभर के लोगों से अपील करते हुए कहा था कि वे अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं। उन्होंने इससे जुड़ी तस्वीर 'प्लाॅ फॉर मदर' (एक पेड़ मां के नाम) के साथ जरूर साझा करने की भी बात कही थी। इसी के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन 14 अगस्त को किया जाएगा। वहीं, राष्ट्र के विभाजन के कारण अपनी जान गंवाने वाले और अपनी जड़ों से विस्थापित होने वाले सभी लोगों को उचित श्रद्धांजलि के रूप में, सरकार ने हर साल 14 अगस्त को उनके बलिदान को याद करने के दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से देशवासियों की वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को विभाजन के दौरान लोगों द्वारा झेले गए दर्द और पीड़ा की याद आएगी। इस दिन को मनाने का उद्देश्य विभाजन के दौरान हुई त्रासदी को याद रखना, और उन लोगों को श्रद्धांजलि देना है जिन्होंने अपने प्रियजनों, घरों और जीवन को खो दिया था। 14-15 अगस्त, 2024 की आधी रात को पूरा देश 75वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा होगा, लेकिन इसके साथ ही विभाजन का दर्द और हिंसा भी देश की स्मृति में गहराई से अंकित है। हालांकि, देश बहुत आगे बढ़ गया है और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। लेकिन देश के विभाजन के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। अपनी आजादी का जश्न मनाते हुए एक कृतज्ञ राष्ट्र, मातृभूमि के उन बेटे-बेटियों को भी नमन करता है, जिन्हें हिंसा के उन्माद में अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी।

विस चुनाव की तैयारी को लेकर एसएसपी ने की समीक्षा बैठक

धनबाद (आजाद सिपाही)। आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व भयमुक्त संपन्न कराने को लेकर धनबाद पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी है। इसे लेकर सोमवार को धनबाद जिला पुलिस मुख्यालय में एसएसपी एचपी जनार्दनन के नेतृत्व में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की गई। जिसमें जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/ सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे। इस एसएसपी ने विधानसभा चुनाव को भयमुक्त, शांतिपूर्ण तथा सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिन्दुओं यथा विधि-व्यवस्था संधारण, चुनाव के दौरान अपराध के रोकथाम, उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावी अभियान को लेकर रणनीति पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। एसएसपी ने संवेदन व अति संवेदनशील बूथों के चिन्हितीकरण कार्य पर गति लाने सहित कई निर्देश दिया।

ओबीसी एकता अधिकार मंच ने लोगों से किया जनसंवाद, फूंका संघर्ष का विगुल

सभी सरकारों ने ओबीसी को सिर्फ छला है : ब्रह्मदेव प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद के नेतृत्व में विश्रामपुर विस क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके माध्यम से पिछड़े समाज के लोगों को राजनीतिक, शैक्षणिक, सामाजिक व आरक्षण जैसे विभिन्न मुद्दों पर एकजुट और जागरूक किया जा रहा है। सरकारी-गैरसरकारी सेक्टरों में जनसंख्या के आधार पर भागीदारी सुनिश्चित करने का मांग भी उठाया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार को विश्रामपुर विधानसभा अंतर्गत उंटारी बाजार स्थित मां भगवती मंदिर प्रांगण में जनसंवाद कार्यक्रम हुआ। ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद यहां पिछड़ा एवं ओबीसी की आबादी 60 प्रतिशत से अधिक होने के बावजूद भी सरकार ओबीसी वर्ग को मात्र 14 प्रतिशत आरक्षण दे रही है। जो कतई न्यायोचित नहीं है। राज्य के पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग को जातीय जनगणना के आधार पर 52 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। लेकिन हक सिर्फ मांगने से नहीं मिलता। हक पाने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग में प्रगतिशील सामाजिक व राजनीतिक लोग हैं, फिर भी उन्हें सत्ताधारी राजनीतिक लोग चुनावी फायदे के लिए हक और अधिकार से वंचित रखा गया हैं। इसी के विरुद्ध ओबीसी समाज के लोगों को एकजुट करने के लिए इस मुहिम को जन जन तक पहुंचाने के लिए पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मौके पर कुंदन कुमार ठाकुर, कपिल देव, बजरंग प्रसाद, देव कमल गुप्ता, लवकुश गुप्ता, रितेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रम्हदेव प्रसाद।

विकास के लिए राजनीतिक नेतृत्व बदलने की जरूरतः अभिमन्यु सिंह

टीम अंजू अभिमन्यु का विश्रामपुर मे खुला प्रखंड स्तरीय कार्यालय

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर मुख्यालय में सोमवार को टीम अंजू अभिमन्यु का प्रखंड स्तरीय कार्यालय खुला। जिसका उद्घाटन वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु उर्फ बबलू सिंह ने किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता टीम अंजू अभिमन्यु के नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा व संचालन मीडिया प्रभारी राहुल दुबे ने किया। अभिमन्यु सिंह ने कहा कि हम जात धर्म की बात नहीं, सिर्फ विकाश की बात करते हैं। विकाश के लिए विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक नेतृत्व परिवर्तन की जरूरत है। जिसके लिए इस बार जनता भी तैयार है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को इस बदलाव का वाहक बनाना चाहिए। इसके अलावा समारोह को कन्हाई मेहता, वार्ड पार्षद सलीमुदिन अंसारी और अली अहमद ने भी संबोधित किया। मौके पर उस्मान अंसारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, रामचंद्र साव, गुड्डू शुक्ला, सोनू खलीफा, हरिहर पाल, सूर्यदेव यादव और विनोद विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

बबन राम के दूसरी बार नगर अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने किया सम्मानित

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता बबन राम को लगातार दूसरी बार पार्टी का विश्रामपुर नगर अध्यक्ष बनया गया है। जिस पर खुशी व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया। वरीय भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा ने सोमवार को नवनियुक्त नगर अध्यक्ष बबन राम को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कहा कि बबन राम के कार्यकाल में संगठन और मजबूत हुआ है। वहीं, बबन राम ने कहा कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर करने की प्रेरणा देगा। मौके पर रामानंद तिवारी, संतोष राम आदि मौजूद थे।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में अंतर सदन मेहंदी कला प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के सभाकक्ष में छात्राओं द्वारा अंतर सदन मेंहदी कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी सदन बायरन, इलियट, शेक्सपीयर एवं कीट्स की छात्राओं ने निर्धारित विषय पर आधारित मेंहदी कला कौशल का हाथ पर प्रदर्शन किया। कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को दो समूहों में बांटा गया। समूह ए में कक्षा 6वीं से 8वीं तक और समूह बी में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राएं थी। सभी ने काफी सुंदर और मनमोहक मेंहदी प्रदर्शन किया। जिसके बाद विद्यालय के नियुक्त निर्णायक दल ने परिणाम घोषित किया। इसमें समूह ए में साक्षी कुमारी (आठवीं) बायरन सदन से, आराध्या पाल (6वीं) कीट्स सदन से, अमीषा पांडे (सातवीं) शेक्सपीयर सदन और सादफ (आठवीं) इलियट सदन से प्रथम स्थान पर रहे। तनु प्रिया (छटवीं) बायरन सदन से, गुनगुन कुमारी (आठवीं) इलियट सदन से, आकृति कुमारी (सातवीं) कीट्स सदन से और प्रिया कुमारी (छटवीं) शेक्सपीयर सदन से द्वितीय स्थान पर रहे। प्रिया दुबे (आठवीं) बायरन सदन से, श्वेता (सातवीं) इलियट सदन से, अंजली (सातवीं) कीट्स सदन से तथा स्वाती (छटवीं) शेक्सपीयर सदन से तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह समूह बी में ईशिता (दसवीं), सिद्धि श्री (11वीं), तान्या मेहता (12वीं), निर्जला (10वीं) और आर्या मौर्या (10वीं) प्रथम हुई। जबकि पूजा भारती (12वीं), भूमिका कुमारी (11वीं), जिया (12वीं), नायशा सिन्हा (10वीं) द्वितीय स्थान पर रहीं। लक्की (11वीं), अनामिका (12वीं) और सौम्या श्रुति (9वीं), तनिष्का, (दसवीं), आयुषी रानी (10वीं) व रागिनी शर्मा (बारहवी) कीट्स सदन से तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सभी छात्राओं को अंतर सदन मेंहदी कला प्रतियोगिता की शुभकामनाएं दी। कहा कि सावन महीने में मेंहदी का अपना पारंपरिक महत्व है। इसके प्रयोग से त्वचा की अनेक बीमारियों का इलाज स्वतः हो जाता है। इसके माध्यम से छात्राओं में श्रृजन क्षमता का भी विकास होता है। बच्चों के सृजनात्मक अभिरुचियों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को प्रेरित किया।

डायवर्सन बनने से लोगों में खुशी, 5 किमी कम हुई दूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

एनएच 139 सरसोत मोड़ से बिहार जोड़ने वाली सड़क जर्जर

एनएच 139 सरसोत मोड़ से बलरा, बटाने नदी, सरसोत गांव, पत्थरा पुलिस पिकेट के रास्ते बिहार राज्य को जोड़ने वाली सड़क जर्जर हालात में है। इस पर किसी क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों ने अब तक अपना ध्यानकृष्ट नहीं किया। जिसका खामियाजा आज भी सरसोत गांव जैसे कई गांव के राहगीर भुगत रहे हैं।

हरिहरगंज/पलामू। प्रखंड क्षेत्र के एनएच 139 से सरसोत, पत्थरा पुलिस पिकेट, ढक्का, सलैया और बिहार को जोड़ने वाली सड़क में बलरा बटाने नदी पर डायवर्सन बनने से लोगों में खुशी है। यह कार्य अभिषेक आनंद स्टोन माइंस और राजा स्टोन माइंस की ओर से सोमवार को हजारों रुपए खर्च कर संपन्न कराया गया। उक्त सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होती है। विदित हो कि एनएच 139 सरसोत मोड़ से सरसोत गांव, पत्थरा पिकेट होते बिहार राज्य को जोड़ती है और बरसात के मौसम में बड़े वाहनों को छोड़कर छोटे वाहन और पद यात्रा करने वाले छोटकी बटाने बराज से हो कर जाना पड़ता है। जिससे लोगों को पांच किलोमीटर अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। डायवर्सन बन जाने से अब 5 किलोमीटर की दूरी कम हो जायेगी। इससे ग्रामीण सहित कई राहगिरों ने खुशी जाहिर करते हुए माइंस संचालक के प्रति आभार प्रकट किया है।

उंटारी शिव संपत धाम परिसर में 17 से होगा श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ, तैयारी जोरों पर

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। उंटारी रोड प्रखंड मुख्यालय में आस्था का केंद्र बन चुके शिव संपत धाम परिसर में महान मनीषी तपोनिष्ठ पूज्य संत 'श्री त्रिदण्डी स्वामी जी महाराज' के कृपापात्र'श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज' के सानिध्य में 17 अक्टूबर से श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ आयोजित होने जा रहा है जिसकी पूर्णाहूति 22 अक्टूबर को होगी। शिव संपत धाम मंदिर कमेटी के संरक्षक सह वरीय भाजपा नेता अरविंद सिंह ने बताया कि 17 अक्टूबर को श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें देश के कई राज्यों से आये महान साधु संतों व ऋषि मुनी आदि शामिल होगें। बताया कि महायज्ञ के दौरान अन्य कई धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन किया गया है। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गयी है। श्रीश्री 1008 लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के परम सानिध्य में होने वाले इस श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ को लेकर आसपास के सनातन धर्मावलंबियों में खास उत्साह है।

लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीणों का आंदोलन स्थगित

कतरास/तेतुलमारी 9आजाद सिपाही)। नगरीकला के ग्रामीणों ने पानी, बिजली सहित मूलभूत समस्याओं के निदान की मांग को लेकर आंदोलन की घोषणा की थी। इस पर सोमवार को बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र के एपीएम चंदन श्रीवास्तव गांव पंहुचे। उन्होंने ग्रामीणों की मांगों को एक माह के अंदर धरातल पर लाने का लिखित आश्वासन दिया। इस दौरान विवाह भवन के निर्माण के लिए जगह भी चिन्हित किया। इसके बाद ग्रामीणों ने आंदोलन स्थगित कर दिया। बता दें कि ग्रामीणों ने सिजुआ व कतरास क्षेत्रीय कार्यालय में मंगलवार को तालाबंदी की घोषणा की थी।

जीएलए कालेज के प्राचार्य से मिलकर रिक्त सीटों को भरने का किया आग्रह

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। विद्यार्थी परिषद की ओर से जिला संयोजक नितीश दुबे की अध्यक्षता में गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में स्नातक के सभी विभागों में नामांकन की सीटे खाली होने के बावजूद नामांकन नहीं लेने पर प्राचार्य कक्ष में विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के बाद बची हुई सीटो पर छात्रों के नामांकन के लिए दो दिनों का अतिरिक्त समय दिया गया। उक्त अवसर पर कौशल मिश्रा ने कहा कि वर्तमान प्राचार्य के ढुलमुल रवैया के कारण कई छात्र नामांकन से वंचित रह गए। इसका जिम्मेवार सिर्फ महाविद्यालय प्रशासन हैं। वर्तमान प्राचार्य के आने के बाद से गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय की स्थिति दिन प्रतिदिन और दयनीय होती दिख रही है। प्राचार्य अपने कार्य प्रणाली में सुधार लाए अन्यथा विश्वविद्यालय प्रशासन से प्राचार्य को हटाने की मांग करेंगे। इस मौके पर परिषद के राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सहसंयोजक विनीत पांडे, नगर मंत्री विपिन यादव, सह मंत्री राहुल कुमार चेरो, उत्कर्ष तिवारी, राहुल कुमार दीक्षित, राजन कश्यप, विभब कुमार, प्रिया दुबे आदि उपस्थित थे।

डालसा ने अनाथ दिव्यांग गुलासा परवीन की मदद की

धनबाद (आजाद सिपाही)। झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राम शर्मा के निर्देश पर डालसा सचिव राकेश रोशन द्वारा टीम गठित कर जिले में 18 साल तक के दिव्यांग बच्चों के लिए 45 दिवसीय विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत झरिया क्षेत्र के पीएलबी द्वारा जन्म से दिव्यांग गुलाशा प्रवीण को चिन्हित कर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए डालसा सचिव को सूचित किया। इसके बाद डालसा सचिव द्वारा तत्काल कार्रवाई कर दिव्यांग का आधार कार्ड बनवाकर दिव्यांग प्रमाण निर्गत करवाया। साथ ही स्पॉन्सरशिप स्कीम एवं दिव्यांक पेंशन के तहत मिलने वाली आर्थिक लाभ दिलाने के लिए सभी कागजी कार्रवाई पूरी की जा र ही है। साथ ही राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनवाकर पौष्टिक आहार एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा। साथ ही क्रिश्चियन मिशन एनजीओ में शिक्षा के लिए नामांकन करवाया जाएगा।

लाखों शिवभक्तों ने चिड़काधाम में चढ़ाया जल

पिंड्राजोरा (आजाद सिपाही)। सावन की तीसरी चौथी सोमवारी को लाखों शिवभक्तों ने दामोदर नदी से पूजा अर्चना कर जल उठाकर चिड़का धाम में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान पूरे रास्ते बोल बम का नारा गुंजता रहा। वहीं, भाजपा के प्रजापति हीरोज ने सेवा शिविर के साथ जागरण का भी आयोजन किया था। मां भवानी सेवा समिति चेनपुर, राधे फ्लोवर्स तेलमटिया, नवयुवक सेवा संघ चास आदि संस्थानों की ओर से सेवा शिविर लगाया गया था। इस मौके पर बिक्की कुमार, कुश प्रजापति, बासु कुमार, टिंकू कुमार, महादेव कुमार, राजेश महतो, बिधान कुमार बासु, बावरी त्रिभुवन रंजीत, करण कुमार, जयराम महतो, अभिषेक कुमार, नितिश कुमार, निखिल कुमार, अक्षय राय, सूरज गोप, राज किशोर आदि ने कांवरियों की सेवा की।

पथरा मध्य विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। अंतर्गत पथरा राजकीय कृत मध्य विद्यालय में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष रामराज पासवान ने की। बैठक में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही बच्चों का खाता खुलवाने पर भी निर्णय लिया गया। स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद कराने का भी निर्णय लिया गया।

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा

सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित मत्स्य विभाग के राजस्व जलकरों की मत्स्य पालन हेतु अल्पकालीन बन्दोबस्ती खुला डाक द्वारा करने हेतु सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित वित्तीय वर्ष 2024–25 में मत्स्य विभाग कें बन्दोबस्ती मुक्त शेश अबन्दोबस्त राजस्व जलकरों की मत्स्य पालन हेतु अल्पकालीन बन्दोबस्ती वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक के लिए खुला डाक द्वारा बंदोबस्ती लेने हेतु दिनांक 27.08.2024 को 12.00 बजे अपराह्न में जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में किया जाएगा।

क्र0 सं0	सैरात का नाम	ग्राम	पचांयत	प्रखण्ड	खाता सं0	प्लॉट सं0	रकबा/ जलक्षेत्र	सुरक्षित जमा निर्धारण समिति का अनुमोदन (रू0 में)	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	15	17
1	बोंगराम तलाब	बोंगराम	बोंगराम	कोलबिरा	152	697	0.72	1260.00	1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2027 तक
2	कुम्बाकेरा तालाब 2 (नया)	कुम्बाकेरा	लचड़ागढ़	कोलबिरा	128	2852	4.92	6615.00	
3	हुरदा बाँध	हुरदा	हुरदा	बानो	86	8384, 764	5.37	1890.00	
4	सैम्हातु तालाब	सैम्हातु	बोरोसोता	बानो	276	1449, 1453	0.42	714.00	
5	कोनसोदे तालाब 1	कोनसोदे	कोनसोदे	बानो	132	2244	1.40	7560.00	
6	कोचेडेगा तालाब	कोचेडेगा	कोचेडेगा	सिमडेगा	5583	-	0.80	5775.00	

डाक की शर्तेः– डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को डाक बोली के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत, प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्त होने पर उच्चतम डाक वक्ता को छोड़कर बाकी प्रतिभागियों की प्रतिभूति राशि वापस कर दी जाएगी एवं उच्चतम डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि उच्चतम डाक की राशि में समायोजित की जाएगी। डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। अल्पकालीन बन्दोबस्ती की अवधि तालाब/जलकर के अभ्युक्ति कॉलम के अनुसार होगी। डाक की स्वीकृति के पश्चात् उच्चतम डाक वक्ता को संबंधित एकरानामा करना अनिवार्य है एवं अद्योहस्ताक्षरी से परवाना प्राप्त किये बिना उक्त जलकर में उच्चतम डाक वक्ता कोई कार्य नहीं करेंगे। बंदोबस्त तालाब का निबंधन, निबंधन कार्यालय द्वारा निर्धारित राशि का स्टॉम्प शुल्क देकर निबंधन कराना अनिवार्य है। अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी समय किसी भी बोली को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। जिन राजस्व जलकरों की बन्दोबस्ती दिनांक–27.08.2024 को नहीं हो पाएगी उन तालाबों की बन्दोबस्ती दिनांक– 02.09.2024 एवं 09.09.2024 को की जाएगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 332578 (Simdega)24-25*D

झारखंड की गठबंधन सरकार ने 4.5 साल केवल सरकारी संसाधनों को दोहन ही किया : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड की वर्तमान गठबंधन सरकार ने अपने कार्यकाल के साढ़े चार साल में केवल सरकारी संसादनों का दोहन ही किया है। गठबंधन सरकार ने नौजवानों, किसानों मजदूरों, महिलाओं हर वर्ग को छला है। अपने राजनीतिक जीवन में पहली बार ऐसी सरकार देखी है जिसने अपनी ही जनता को छला है। इसका नेतृत्व खुद इस सरकार के मुखिया ही कर रहे हैं। राज्य की वर्तमान गठबंधन सरकार की सरकारी संसाधनों का दोहन करना ही प्राथमिकता रही है। इस सरकार ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है। वे धनबाद में आयोजित आजसू के मिलन सह अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के समारोह में हम सभी ने यह शपथ लिया है कि अगले दो महीने इस अराजकता का नेतृत्व करने वाली सरकार को बेदखल करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। इस दौरान समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़ आजसू में शामिल हुए नए सदस्यों का सुदेश महतो ने खुद स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर गोमिया विधायक लंबोदर महतो, देवशरण भगत, उमाकांत रजक, पूर्व डीआइजी संजय रंजन सिंह, जिला अध्यक्ष मंटू महतो, राधेश्याम गोस्वामी और दिलीप सिंह आदि उपस्थित थे।

आज से चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी भी जायेंगे बेमियादी हड़ताल पर

बोकारो (आजाद सिपाही)। अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर अनुसचिवीय कर्मी हड़ताल पर हैं। इस बीच सोमवार को चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों ने भी धरना स्थल पर जाकर अनुसचिवीय कर्मचारियों के साथ बैठक की। इसके बाद मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की। इसकी सूचना संयुक्त रूप से हस्ताक्षर करते हुए आवेदन बोकारो डीसी को सौंपा गया। अनुसचविय कर्मचारी संघ की मुख्य मांग में लिपिकों के कुल स्ट्रेंथ का 15 प्रतिशत चतुर्थ वर्ग से वरीयता एवं योग्यता के आधार पर बिना किसी परीक्षा के प्रोन्नत के माध्यम से भरना शामिल है। चतुर्थ वर्ग के हड़ताल पर जाने की घोषणा से पहले से हड़काल पर गये कर्मचारियों में भारी उत्साह है।

पहला कदम स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

धनबाद (आजाद सिपाही)। पहला कदम स्कूल में सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अगुवाई प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राम शर्मा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश रोशन ने किया। इसके आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना, विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों को उनके अधिकार और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना था। शिविर के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिविल जज सह धनबाद डालसा के सचिव राकेश रौशन थे। उन्होंने डालसा की पहल की सराहना की। कहा कि संस्था प्रत्येक जिले में एक प्रहरी के रूप में कार्य कर रही है। डालसा का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दिव्यांग बच्चों को उनके सभी अधिकार और सरकारी सुविधाएं बिना किसी बाधा के प्राप्त हों। इस दिशा में डालसा ने सदर अस्पताल में चार दिन का विशेष शिविर भी आयोजित किया, जिसमें उन बच्चों के लिए आवेदन प्राप्त किए गए, जिनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र अब तक नहीं बने थे। सचिव राकेश रौशन ने बताया कि डालसा का कार्य केवल कानूनी सहायता प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि समाज के सभी वर्गों को न्याय और उनके अधिकार दिलाने के लिए काम करना है। शिविर में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम ने भाग लिया और लोगों ने इस अवसर का लाभ उठाया। विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए शिविर में विशेष व्यवस्था की गई थी, ताकि उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें सर्वोत्तम सेवा प्रदान की जा सके। शिविर के सफल आयोजन में डालसा-चिकित्सा टीम और स्कूल के कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

भोले बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने शिष्यों के साथ निकली सुनैना किन्नर

धनबाद (आजाद सिपाही)। किन्नर कल्याण समिति की प्रदेश अध्यक्ष सुनैना सिंह किन्नर अपने शिष्यों के साथ भोले की नगरी बाबा धाम के लिए रवाना हुई। सुनैना सिंह किन्नर ने बताया कि वह 20 वर्षों से बाबा धाम की यात्रा कर उनके दरबार में हाजिरी लगा रही है। जहां अपने जजमानों की खुशियों की प्रार्थना करती हूं। कहा कि बाबा धाम की यात्रा करने से संतुष्टि मिलती है। वहां जाकर देशवासियों व देश की सीमा पर सीना ताने खड़े जवानों की सलामती की प्रार्थना करती हूं। इस मौके पर बबली किन्नर, संजना किन्नर, पायल किन्नर, मुस्कान किन्नर, किरण आदि मौजूद थीं।

विधायक ने बेरमो वासियों को दी तीन करोड़ की योजनाओं की सौगात

बेरमो विस का विकास ही पहली प्राथमिकता : कुमार जयमंगल

विकास योजनाओं का शिलान्यास करते बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनुप सिंह। बच्चों के बीच उपस्थित बेरमो विधायक।

कहा-जरूरत के अनुसार जनता की मांग पर सारी योजनाओं दी गयी हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

फुसरो/बेरमो। विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनुप सिंह ने सोमवार को फुसरो नगर परिषद के विभिन्न वार्ड में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें नागरिक सुविधा मद से स्वीकृत वार्ड संख्या 13 ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित दुर्गा मंदिर के सामने पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य शामिल है। इसके अलावा वार्ड संख्या 13, 14 और 15 करगली बाजार चौक तीन मुहान स्थान पर नागरिक सुविधा मद से स्वीकृत पेवर ब्लॉक विछाव का शुभ शिलान्यास भी शामिल था। भवन निर्माण विभाग के तहत फुसरो स्थित राजकीय मध्य विद्यालय न्यू भागलपुर फुसरो में विद्यालय भवन का नवीनीकरण एवं स्कूल के बगल की खाली जमीन पर नए भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया गया। नए भवन में 12 बड़े कमरे, एक हॉल सहित शौचालय बनेगा। नये भवन का कार्य 97.63 लाख रुपए से किया जाएगा। वहीं, वार्ड संख्या 09-10 में पेवर ब्लॉक बिछाव कार्य के लिए कारीपानी में शिलान्यास किया गया। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन योजना अंतर्गत स्वीकृत बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड के राजाबंगला सीएसएफ शिविर के बगल में ढोरी में स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ, जिसका निर्माण 55 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। लगे हाथ बेरमो प्रखंड के जारंगडीह में भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल बोकारो और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन योजना अंतर्गत स्वीकृत स्वास्थ्य उपकेन्द्र निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्य किया। यह कार्य 55 लाख रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि इस दिन करीब 3 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास हुआ। इसमें पेवर ब्लॉक, दो स्वास्थ्य केंद्र शामिल है। साथ ही करीब एक करोड़ रुपए की लागत से न्यू भागलपुर स्कूल में नया भवन का निर्माण किया जाएगा। रामरतन स्कूल का नया बिल्डिंग की तरह यहां का भी बिल्डिंग सुंदर बनेगा। विधायक ने कहा कि सारी योजनाएं जरूरत के हिसाब से जनता की मांग पर दी गई है। उन्होंने न्यू भागलपुर स्कूल में 15 अगस्त के पहले 150 नई कुर्सी और 50 दर्री देने की भी बात कही। साथ ही ढोरी बस्ती में स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन के दौरान कहा कि यह क्षेत्र नगर परिषद अंतर्गत आता है। पर यह क्षेत्र बेरमो की ग्रामीण सभ्यता और संस्कृति को जीवित रखे हुए हैं। इस मौके पर झामुमो के वरीय नेता मदन मोहन अग्रवाल, बीडीओ मुकेश कुमार, सीओ संजीत कुमार सिंह, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया, निवर्तमान पार्षद सरयू चौहान, अनिल साव, रंजीत कुमार, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र चौधरी, धनेश्वर महतो, उत्तम सिंह, शिवनंदन चौहान, ओमशंकर सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कृष्ण चांडक, सिटी मिशन मैनेजर सुजीत त्रिवेदी, सिटी मैनेजर कुमार निशांत, कनीय अभियंता दीपक कुमार, राजेश गुप्ता, परवेज अख्तर, दिलीप सिंह, रोशन सिंह, सतपाल सिंह, ललन रवानी, उमेश रवि, ध्रुव कुमार सिंह, सर्वोत्तम राज, सीएचओ ज्ञानसी सिंह, रेखा डुंगडुंग, साहिना प्रवीण, मीरा देवी, सावित्री देवी आदि उपस्थित थे।

भाजपा ने निकाली पांच किमी लंबी तिरंगा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को भाजपा की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। पांच किलोमीटर लंबा तिरंगा यात्रा बैंक मोड़ से शुरू हुआ, जो रांगा टांड, बेकार बांध, सिटी सेंटर होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंचा। तिरंगा यात्रा में विधायक राज सिन्हा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल समेत कई वरिष्ठ भाजपाई शामिल हुए। इस दौरान यात्रा में शामिल लोगों ने भारत माता की जय का उद्घोष कर माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। वहीं, रणधीर वर्मा चौक स्थित गांधी सेवा सदन में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा को विराम दिया गया। इस बाबत विधायक ने कहा कि तिरंगा हमारे भारत की आन बान शान है। हम लोगों ने संकल्प लिया कि यह तिरंगा इसी तरह शान से लहराता रहे। वहीं, भाजयुमो जिला अध्यक्ष ने कहा कि हर घर तिरंगा वितरण के साथ ही तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। भाजयुमो के एक-एक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से इस कार्य में लगे हैं।

बाघमारा के युवाओं को रोजगार के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं : रोहित

आजाद सिपाही संवाददाता

कतरास। तेतुलीया स्थित राजद कार्यालय में सोमवार को कतरास राजबाड़ी श्यामडीह के युवाओं ने रोहित यादव से मुलाकात कर आगामी विधानसभा चुनाव में भारी मतों विजयी बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रोहित यादव ने कहा कि बाघमारा के युवा पलायन को मजबूर है, जबकि बाघमारा में ही रोजगार की भारी संभावनाएं है। जनप्रतिनिधियों ने केवल अपने स्वार्थ के लिए युवाओं को इस्तेमाल किया। कभी रोजगार से जोड़ने का प्रयास नहीं किया। हम बाघमारा के एक-एक युवा को रोजगार से जोड़ने का काम करेंगे । इस मौके पर दीपक यादव, मनोज बऊरी, शंकर केवट, रवि केवट, मिहटू केवट, बजरंगी केवट, बाबू सिंह, सूरज कुमार, राजेश पटवा, मिथिलेश सिंह, सौरव दास और हेमंत रवानी आदि उपस्थित थे।

सभी लंबित कांडों का निष्पादन कर आरोपितों पर कार्रवाई करें: एसपी

बोकारो एसपी ने सभी थानेदारों के साथ की समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। बोकारो एसपी पूज्य प्रकाश ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में जिला के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, सभी थाना प्रभारी के साथ जुलाई महीने के मासिक अपराध की समीक्षा की। इस दौरान अंतिम सोमवारी और रक्षाबंधन पर्व के लिए दिशा निर्देश भी दिया। साथ ही जिले में लंबित सभी अपराधों यथा हत्या, लूट, रंगदारी, चोरी, महिला अपराध आदि की समीक्षा करते हुए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में बोक्सो से संबंधित कांडों को दो महीना के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी की थाना वार समीक्षा कर आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाते हुए पूर्व अपराधियों पर निरोधात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया। अंत में शंकर रवानी हत्या कांड और अत्याधुनिक अवैध हथियार पकड़ने में शामिल पुलिस उपाधीक्षक नगर, थाना प्रभारी हरला, थाना प्रभारी सिटी, थाना प्रभारी बालीडीह, थाना प्रभारी सेक्टर 12, पुअनि प्रभात कुमार सिटी थाना, श्रीनिवास झरिया ओपी प्रभारी आदि को सम्मानित किया।

सरिया में सीएससी संचालक को मारी गोली, 2.89 की लूट

सीएससी संचालक से मिलने पहुंचे विधायक विनोद सिंह, हालत गंभीर, रांची रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। जिले के सरिया थाना अंतर्गत खेडुआ नदी के समीप सोमवार को दिनदहाड़े दो बाइक से पहुंचे अपराधियों ने सीएससी संचालक को गोली मारकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। हमलावर सीएससी संचालक से दो लाख 89 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार सीएससी संचालक विश्वनाथ यादव सरिया के केशवरी में रहकर सीएससी चलाते है। सोमवार को वे अपने केंद्र से दो लाख 89 हजार रुपए लेकर बाइक से सरिया बैंक जमा करने जा रहे थे। खेडूआ नदी के समीप पहुंचते ही एक बाइक में सवार दो नकाबपोश युवकों ने बंदूक सटाकार उसके पास से रूपयों से भरा भैग लूट लिया। इस दौरान विरोध करने पर एक अपराधी ने सीएससी संचालक पर गोली चला दी। गोली उसके कंधे के आरपार हो गई। इसके बाद लूटेरे रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। घटना के दौरान उक्त मार्ग से पूजा कर लौट रहे महेंद्र मंडल ने सड़क पर खून से लथपथ सीएससी संचालक विश्वनाथ यादव को सरिया में संचालित देवकी अस्पताल ले गए। उधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद बगोदर विधायक विनोद सिंह, एसडीपीओ धनंजय राम, आजसू नेता अनूप पांडे आदि पहुंचे और विश्वनाथ यादव से घटना की जानकारी ली। इस क्रम में चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल विश्वनाथ को रांची रेफर कर दिया। वहीं एसडीपीओ धनंजय राम व सरिया पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला
mail-rdsdgumla123@gmail.com

अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/05/2024-25 (2nd Call)
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

ग्रुप० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	गुमला जिला के चैनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत बरवेनगर पंचायत के ग्राम शंख सेम्बरटोली से बहेराटोली के बीच शंख नदी पर पुल निर्माण।	7,40,24,800.00	14,80,500.00	10,000.00	24 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 19.08.2024 से दिनांक 25.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 27.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709875092 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 332541 Rural Development(24-25)#D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

अतिअल्पकालीन ई-पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 01/2024-25/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-10.08.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)		कार्य समाप्ति की अवधि	टेन्डर कॉल
			अंक में	अक्षर में		
1.	RWD/KODERMA /01/2024-25	चेचाई मौजा से महुआटांड़ मौजा तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.000 कि0मी0)	95,71,400/-	पंचानवे लाख एकहतर हजार चार सौ रू0 मात्र।	09 (नौ) माह	प्रथम

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–14.08.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–22.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–24.08.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933/06534-297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

PR 332512 Rural Work Department (24-25)_D

कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06 / 2024–25

1. कार्यालय का नाम :–नगर परिषद्, चतरा।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :–कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, चतरा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–20.08.2024 को कार्यालय अवधि तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–21.08.2024 को 3:00 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–21.08.2024 को 3:30 बजे अपराहन्।
6. निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि भी घट–बढ़ सकती है।

क्र0	योजना का नाम	वार्ड नं0	परिमाण विपत्र की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति का समय
01	Construction of PCC Road form Chandan Singh house to Butta Ravidas house via Soni Kumari house in ward no.-04 under Nagar Parishad, Chatra	04	5,20,000.00	5,000.00	10,500.00	60 दिन
02	Construction of RCC drain from Keshari Palak Store to Ramesh Jaiswal Shop (Laklakwa nath Mandir) in ward no.-08 under Nagar Parishad, Chatra	08	4,10,000.00	1,000.00	8,500.00	60 दिन
03	Construction of RCC drain from Bijli Office boundary to Anand Motor (Culver) via Manniya Sansad Sri Kalicharan singh's house in ward no.-09 under Nagar Parishad, Chatra	09	9,50,000.00	5,000.00	19,000.00	60 दिन

नोटः– नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR 332485 (Urban Development)24-25*D

सोआ बना देश का 14वां सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। स्थानीय शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) डीम्ड विश्वविद्यालय को देश में 14वें सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंकिंग के 9वें संस्करण में सोआ ने देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों में 14वां स्थान हासिल करके एक पायदान की बढ़त हासिल की है। रैंकिंग की घोषणा सोमवार को नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय ने की। पिछले साल सोआ को देश में 15वां स्थान मिला था। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नयी दिल्ली में एनआईआरएफ रैंकिंग की घोषणा

की। इस कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री श्री सुकांत मजूमदार उपस्थित थे।

इसी तरह, शैक्षणिक संस्थानों की समग्र सूची में सोआ पिछले साल की रैंकिंग से दो स्थान आगे बढ़ गया है और इस बार उसने 24वां स्थान हासिल किया है। 2016 से, सोआ ने एनआईआरएफ रैंकिंग में देश के शीर्ष 25 उच्च शिक्षा संस्थानों में अपना स्थान बनाए रखा है, जो केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 9 वर्षों से आयोजित की जा रही है। उनमें से, सोआ को 7 बार शीर्ष 20 विश्वविद्यालयों में शामिल किया गया है। इस डीम्ड यूनिवर्सिटी ने पिछले साल इंजीनियरिंग श्रेणी में 27वीं रैंक हासिल की थी और इस साल सुधरकर 26वीं पोजीशन पर पहुंच गयी है। सोआ को चिकित्सा विज्ञान श्रेणी में देश में 21वां और दंत चिकित्सा और कानून श्रेणियों में नौवां स्थान दिया गया है। इसी तरह, सोआ ने प्रबंधन विज्ञान श्रेणी में 62वां और अनुसंधान श्रेणी में 50वां स्थान हासिल किया है।

सोआ के दो शैक्षणिक संस्थान, फैकल्टी ऑफ लॉ (सोआ नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ) और फैकल्टी ऑफ डेंटल साइंसेज (इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज) नौवां स्थान हासिल कर शीर्ष दस की सूची में हैं। सोआ को 2022 में राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएसी) द्वारा फिर से मान्यता दी गई, जिससे ए++ का उच्चतम ग्रेड प्राप्त हुआ। सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोजरंजन नायक ने इस अवसर पर खुशी व्यक्त की और विश्वविद्यालय के संकाय, शोधकताओं और कर्मचारियों को बधाई दी और उन्हें सोआ को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। सोआ कुलपति प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंद ने विश्वविद्यालय की इस सफलता के लिए सभी को धन्यवाद दिया और विश्वविद्यालय से अगले 5 वर्षों में देश के शीर्ष 10 विश्वविद्यालयों में स्थान बनाने के लिए कड़ी मेहनत जारी रखने का आह्वान किया।

हर घर तिरंगा अभियान में सीएम हुए शामिल

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। सोमवार को मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी लोक सेवा भवन में 'हर घर तिरंगा अभियान' कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश के कोने-कोने से हर भारतीय इस अभियान से जुड़ गया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने सोमवार को लोक सेवा भवन में 'जय हिंद' नारे के साथ 'हर घर तिरंगा अभियान' के कैनवास पर हस्ताक्षर किये। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज लहराकर सम्मान जताया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमारे लिए बहुत सम्मान और गौरव का विषय है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में जागरूक करना है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर मुख्यमंत्री ने सभी से आगे बढ़कर अभियान में शामिल होने का अनुरोध किया। इसके अलावा, कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री प्रभाती परिडा, राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी, कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, मत्स्य और पशुधन विकास मंत्री गोकुलानंद मल्लिक और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं.SBP-ELECT-2024-T-218

कार्य का नाम: सरला में नवनिर्मित रुटिन ओवरहॉलिंग (ROH) शेड एवं नयी सेवा भवन में ग्रीड प्लांट में छत के ऊपर सौरीकरण।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में): 1,77,72,807/-, **EMD (रुपये में):** 2,38,900/-, **कार्य पुरा होने की अवधि :** स्वीकृति पत्र (LOA) जारी होने की तिथि से तीन महीने।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: दिनांक 06.09.2024 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य: प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), सम्बलपुर

PR-412/P/24-25

नालको के वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही के नतीजे

शुद्ध लाभ 72% बढ़ कर 601 करोड़ हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। खान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के ह्यनवरत्नह्ल लोक उद्यम तथा देश के अग्रणी एल्यूमिना और एल्यूमिनियम उत्पादक एवं निर्यातक नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में असाधारण प्रदर्शन के साथ शानदार परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन दर्ज करते हुए एक ठोस शुरूआत की है।

भुवनेश्वर में सोमवार को निदेशक मंडल की बैठक में दर्ज किये गये नतीजों के अनुसार नालको ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 30 जून को समाप्त पहली तिमाही में प्रभावशाली नतीजे दर्ज किए हैं, जिसमें पिछले वर्ष की इसी अवधि में शुद्ध लाभ में 72%

की वृद्धि के साथ हासिल किये गये 349 करोड़ से बढ़कर 601 करोड़ हो गया। इस तिमाही के दौरान परिचालन से राजस्व 2856 करोड़ दर्ज हुआ है।

वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही के दौरान प्राप्त परिणाम बढ़ी हुई उत्पादन क्षमता, रणनीतिक लागत प्रबंधन पहल, सकारात्मक घरेलू कारोबारी माहौल के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय धातु कीमतों में सुधार जैसे विविध कारकों के कारण हैं। नालको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री श्रीधर पात्र ने कहा कि नालको की सुदृढ़ पहली तिमाही कंपनी की उत्कृष्टता और निरंतर विनिर्माण गति के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि उत्कल डी कोयला ब्लॉक से आंतरिक ग्रहीत कोयले के प्रभावी संचालन ने मजबूत आधार निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

उल्लेखनीय है कि नालको पिछले कुछ वर्षों में मजबूत कारोबारी प्रदर्शन करते हुए एल्यूमिनियम और एल्यूमिना मूल्य श्रृंखला में बेहतर वित्तीय मापदंड दर्ज कर रहा है।

नालको ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 2 रुपये प्रति इक्विटी शेयर (5 अंकित मूल्य पर 40%) का अंतिम लाभांश भी घोषित किया है, जो 367.33 करोड़ है।

विजिलेंस के जाल में आरएंडबी विभाग के पूर्व प्रमुख जंत्री

- छापेमारी में 12 डीएसपी, 12 इंस्पेक्टर, 16 एएसआई और अन्य सहयोगी स्टाफ शामिल हैं
- भुवनेश्वर, कटक और झारसुगुड़ा सहित 9 स्थानों पर एक साथ छापेमारी जारी हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। विजिलेंस टीम ने आरएंडबी विभाग के पूर्व प्रमुख जंत्री तारा प्रसाद मिश्र के घर पर छापेमारी की है। आय से अधिक संपत्ति जमा करने के आरोप में छापेमारी चल रहा है। विशेष न्यायाधीश द्वारा जारी सर्च वारंट के आधार पर विजिलेंस की छापेमारी की गयी। छापेमारी में 12 डीएसपी, 12 इंस्पेक्टर, 16 एएसआई और अन्य सहयोगी स्टाफ शामिल हैं। भुवनेश्वर, कटक और झारसुगुड़ा

सहित 9 स्थानों पर एक साथ छापेमारी जारी हैं। विजिलेंस टीम ने भुवनेश्वर स्थित घर से ढेर सारे सोना, हीरे और चांदी के आभूषण जब्त किया। ढेर सारे सोने के आभूषण, सोने के बिस्कुट, सोने-चांदी के सिके के साथ ही अलग-अलग डिजाइन की महंगी घड़ियां और विदेशी मुद्रा मिला हैं। अब तक घर की तलाशी के दौरान, श्री मिश्र और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर निम्नलिखित संपत्ति का पता चला है, फ्लैट नंबर 103 अर्पण अपार्टमेंट नयापल्ली भुवनेश्वर, फ्लैट नंबर के-035 कॉस्मोपलिस भुवनेश्वर में तीसरी मंजिल, फ्लैट नंबर के-155-अ कॉस्मोपलिस भुवनेश्वर में 15वीं मंजिल, फाल्कन क्रेस्ट भुवनेश्वर में फ्लैट, ग्रैंड आवास भुवनेश्वर में फ्लैट, एसोटेक भुवनेश्वर में 2 फ्लैट, फ्लैट नंबर 17 आशियाना अपार्टमेंट झारसुगुड़ा, फ्लैट नंबर 207 आशियाना अपार्टमेंट झारसुगुड़ा, फ्लैट नंबर 307 आशियाना अपार्टमेंट झारसुगुड़ा, भुवनेश्वर, कटक और जटानी के महंगे इलाकों में 7 प्लांट खंडगिरि, भुवनेश्वर में प्लॉट नंबर 496, खाता नंबर 134/2015 के तहत जमीन का एक टुकड़ा, डुमडुमा भुवनेश्वर में प्लांट नंबर 524 खाता नंबर 432/1661 के तहत जमीन का एक टुकड़ा, रुद्रपुर भुवनेश्वर में प्लॉट नंबर 304 खाता नंबर 314 के तहत जमीन का एक टुकड़ा, रुद्रपुर, भुवनेश्वर में प्लॉट नंबर 358/9051 खाता नंबर 412/861 के तहत जमीन का एक टुकड़ा, रुद्रपुर, भुवनेश्वर में प्लॉट संख्या 358/9054 खाता संख्या 412/1844 के तहत भूमि का एक टुकड़ा, प्लॉट संख्या 4डी/1386 खाता संख्या 3ए-पीएल, बिडानासी परियोजना क्षेत्र कटक के तहत भूमि का एक टुकड़ा, ब्रह्मकुंडल जाटनी में प्लांट नंबर 258/666 खाता नंबर 185 के तहत जमीन का एक टुकड़ा। ये सारे फ्लैटों/भूखंडों की माप और मूल्यांकन/आकलन सतर्कता तकनीकी विंग द्वारा किया जा रहा है। बैंक में 2.7 करोड़ रुपये से अधिक जमा, सोना लगभग1.5 किलोग्राम, 6 लाख रुपये से अधिक नकद, संयुक्त राज्य अमेरिका, थाईलैंड, वियतनाम, संयुक्त अरब अमीरात, कनाडा, मैक्सिको, मलेशिया और सिंगापुर की विदेशी मुद्राओं का पता चला, श्री मिश्र द्वारा अपनी बेटी (एमबीबीएस और एमडी) की मेडिकल शिक्षा पर 80 लाख रुपये खर्च किये गये, लगभग एक रोलेक्स घड़ी सहित ब्रांडेड कलाई घड़ियां 13 लाख रुपये, शेयर और म्यूचुअल फंड में अन्य जमा और निवेश का पता लगाया जा रहा है। 2 लग्जरी कारें (मर्सिडीज बेंज और किआ सेल्टोस) गाड़ी का पता चला है। तलाश अवीबी जारी है।

क्यूआर कोड से ऑनलाइन भुगतान अब संबलपुर मंडल में भी उपलब्ध

आजाद सिपाही संवाददाता

संबलपुर। यात्रियों के पास अब संबलपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर टिकट खरीदते समय भुगतान के लिए क्यूआर कोड स्कैन करने का विकल्प है। डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, संबलपुर मंडल ने सभी स्टेशनों पर टिकट बुकिंग काउंटरों पर क्यूआर कोड डिस्प्ले सेवाओं को स्थापित करने की पहल की है। यूटीएस काउंटरों पर क्यूआर कोड के माध्यम से यूपीआई भुगतान की सुविधा संबलपुर मंडल के सभी स्टेशनों



पर उपलब्ध होगी। विशेष रूप से प्राप्त क्यूआर कोड डिस्प्ले डिवाइसों को सभी यूटीएस काउंटरों पर स्थापित किया जा रहा है और यह कार्य 15 अगस्त 2024 तक पूरा हो जायेगा। अगस्त के अंत तक सभी पीआरएस काउंटरों पर भी क्यूआर कोड आधारित यूपीआइ भुगतान होगा। यह यात्रियों के लिए भुगतान का एक तेज, सुविधाजनक और नकदी रहित विकल्प प्रदान करेगा, साथ ही रेलवे की टिकटिंग प्रक्रिया की क्षमता में सुधार करेगा। रिफंड की प्रक्रिया को भी नकदी रहित और तेज बनाया गया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण के अनुसार रेलवे टिकटिंग को वास्तव में नकदी रहित बना देगा।

एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने हरियाली तीज महोत्सव मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब, एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने रविवार को रांची में हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया। तीज कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि, मीनाक्षी श्रीवास्तव, वरिष्ठ सदस्य, संयुक्ता महिला समिति का श्रीमती रेखा जैन, अध्यक्ष, स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब द्वारा स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर कोयला खनन परियोजना, हजारीबाग की लेडीज क्लब की अध्यक्षों और क्लब की वरिष्ठ समिति के कार्यकारी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर मीनाक्षी श्रीवास्तव ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए तीज

महोत्सव के महत्व को साझा किया तथा रंगारंग कार्यक्रम के आयोजन के लिए क्लब सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। रेखा जैन ने कहा कि तीज देश में वर्षा ऋतु के दौरान बहुत उत्साह के साथ मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है और यह भगवान शिव और देवी पार्वती को समर्पित है।

तीज क्वीन प्रतियोगिता में सुनीता पांडे को तीज क्वीन का खिताब मिला, सोनी ठाकुर प्रथम रनर-अप रहीं और सुगंधा द्वितीय रनर-अप रहीं। तीज कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें सभी सदस्यों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शिखा रस्तोगी और पूर्णिमा श्रीखंडे, महासचिव दीपा, संयुक्त सचिव परमेश्वरी, सांस्कृतिक सचिव अनीता प्रसाद, कल्याण सचिव मनसा वर्मा, कोषाध्यक्ष स्निग्धा माझी आदि उपस्थित थीं।

बीजद का जनजागरण अभियान 16 से

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बीजू जनता दल के नेता नवीन पटनायक ने कहा कि भत्ते के मुद्दे पर बीजेपी का वादा खोखला है। एक्स पोस्ट करते हुए नवीन ने लिखा कि बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में 3000 और 3500 रुपये भत्ता देने का वादा किया था। यह बढ़ा हुआ भत्ता केवल 80 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और 80 फीसदी अक्षमता और दिव्यांगता वाले लोगों को ही मिलेगा। 45 हजार करोड़ रुपये का कर्ज लेकर भी घोषणा का पालन नहीं हो रहा है। नवीन ने कहा कि इस को लेकर 16 अगस्त से बीजद जन जागरूकता अभियान शुरू करने जा रहा है।

THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE

Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments

Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

JAISWAL CCTV
आपके शहर राँची में
अपने घर ऑफिस दुकान में लगाऐं
CCTV कैमरा कचहरी चौक, राँची

4 कैमरे का सेट अब सिर्फ 14999/-
2 कैमरे का सेट अब सिर्फ 9999/-
अभी कॉल करे 9162992862
स्टेट बैंक के सामने कचहरी चौक, राँची - 834001

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र



पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

सम पीडियाट्रिक्स में जटिल बीमारी का सफल इलाज

- 2 साल की शिशु कन्या की सांस की नली से निकाला गया ट्यूमर

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) द्वारा संचालित आईएसएस एंड सम अस्पताल में एक जटिल और सफल सर्जरी के माध्यम से 2 वर्षीय लड़की के श्वासनली के ट्यूमर को हटा दिया गया है। कलाहांडी जिले के बाबी भोई की 2 वर्षीय बेटी होलिका भोई पीड़ित हो गयी और अस्पताल आयी। बच्ची 3 महीने से सांस, खांसी और कफ संबंधी बीमारियों से पीड़ित थी और उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। लड़की के पिता कई अस्पतालों के चक्कर लगाने के बाद निराश हो गये लेकिन कोई नतीजा नहीं मिला।

18 जुलाई को होलिका को गंभीर हालत में आईएम एंड सम अस्पताल की बाल चिकित्सा

इकाई (पीआईसीयू) में भर्ती कराया गया था। बच्चे की विभिन्न जांचों, सीटी स्कैन और फाइबर ऑप्टिक ब्रोंकोस्कोपी के माध्यम से श्वसन पथ में 272 सेमी का ट्यूमर पाया गया।

पीआईसीयू की मुख्य डॉक्टर देबस्मिता रथ की सीधी निगरानी में विशेषज्ञों की सात सदस्यीय टीम ने बच्चे का ऑपरेशन किया।

कान, नाक और गले के डॉक्टर आलोक दास और उनकी टीम ने बच्चे के जॉड्यूलर फैसाइटिस ट्यूमर को सफलतापूर्वक सर्जरी करके हटा दिया। प्रारंभिक उपाय के रूप में बच्चे को पी. आई. सी. यू. वेंटिलेटर पर रखा गया था। वह अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं और सामान्य जीवन जी रहे हैं।

शिशु रोग विभाग की प्रमुख डॉ ममतादेवी महांति, पीआईसीयू के प्रमुख डॉ देवस्मिता रथ, डॉ दिलीप दास, डॉ आलोक दास, डॉ सत्यब्रत आचार्य, डॉ मनोसिनी मल्लिक, डॉ सागर परिडा, डॉ अर्पणा आराधना, डॉ सुमन सुधा महारणा, डॉ स्मिता शतपथी, डॉ श्रुति प्रधान ने मुख्य भूमिका निभायी।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
• Hindi	₹ 140	• Hindi	₹ 140
• English	₹ 140	• English	₹ 140
• Mathematics	₹ 140	• Mathematics	₹ 140
• Science	₹ 140	• Science	₹ 140
• Social Science	₹ 140	• Social Science	₹ 140
• Sanskrit	₹ 120	• Sanskrit	₹ 120
• Hindi – B	₹ 140	• Hindi – B	₹ 80
• Hindi Vyakaran– II	₹ 120	• Hindi Vyakaran– II	₹ 120
• English Grammar– II	₹ 120	• English Grammar– II	₹ 120
• Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	• Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
• Hindi Practical	₹ 55	• Hindi Practical	₹ 55
• English Practical	₹ 55	• English Practical	₹ 55
• Maths. Practical	₹ 65	• Maths. Practical	₹ 55
• Science Practical	₹ 65	• Science Practical	₹ 70
• S. Science Practical	₹ 65	• S. Science Practical	₹ 65
• Sanskrit Practical	₹ 55	• Sanskrit Practical	₹ 55
• Maths. Practical (Combined)	₹ 90	• Maths. Practical (Combined)	₹ 75
• Science Practical (Combined)	₹ 90	• Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
• Mathematics	₹ 200	• Mathematics	₹ 130
• Science	₹ 200	• Science	₹ 200
• Social Science	₹ 200	• Social Science	₹ 130
• Maths. Practical	₹ 80	• Maths. Practical	₹ 80
• Science Practical	₹ 80	• Science Practical	₹ 80
• S. Science Practical	₹ 80	• S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**